seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

नवरात्रि ६ दिन
माँ कात्यायनी
यह रूप धर्म और न्याय का प्रतीक है...

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 55 ■ अंक : 283 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 16 अक्टूबर, 2026 seema-sandesh.com

कार्रवाई ● एसआईआर मामले में चुनाव आयोग को नोटिस, सुप्रीम कोर्ट परिसर में प्रदर्शन और अव्यवस्था पर राहुल गांधी से मांगा स्पष्टीकरण

न्यायपालिका को कोई डरा नहीं सकता, राहुल गांधी के मार्च पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के एसआईआर को चुनौती देने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की याचिका पर चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्तों को नोटिस जारी किया है। वहीं 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक निकाले गए मार्च और परिसर में हुई अव्यवस्था को लेकर अदालत ने राहुल गांधी के व्यवहार पर नाराजगी जताई और कहा कि न्यायपालिका को कोई डरा नहीं सकता। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट परिसर में हुए घटनाक्रम को लेकर स्पष्टीकरण देना होगा। अदालत ने कहा कि वह जमीनी हकीकत से दूर नहीं है और हर गतिविधि पर उसकी नजर रहती है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट परिसर में राजनीतिक जुलूस जैसी स्थिति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि करीब 200 वकीलों ने इस संबंध में चिंता जताते हुए ज्ञापन दिया है। इस पर सीजेआई ने कहा कि न्यायपालिका को डराने की कोशिश सफल नहीं हो सकती। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी को नोटिस जारी किया है। याचिका में मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाने और एसआईआर प्रक्रिया में गड़बड़ियों के आरोप लगाए गए हैं। अदालत ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की याचिकाओं पर भी नोटिस जारी किया है। सभी संबंधित मामलों की सुनवाई एक साथ होगी।



फुटेज सुरक्षित रखने के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने 12 अक्टूबर की घटना से जुड़े सभी वीडियो फुटेज और डिजिटल सामग्री सुरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियां सुप्रीम कोर्ट परिसर सहित सभी संबंधित फुटेज को सुरक्षित रखें।

महिला पत्रकार को अंतरिम राहत

सुनवाई के दौरान एक महिला पत्रकार से जुड़े मामले में भी अदालत ने अंतरिम सुरक्षा प्रदान की। कोर्ट ने निर्देश दिया कि संबंधित पत्रकार के खिलाफ फिलहाल कोई कठोर कार्रवाई न की जाए। साथ ही हालिया विरोध प्रदर्शनों के दौरान महिला पत्रकारों से जुड़े आरोपों की जांच के लिए महिला सदस्यों वाली समिति बनाने के संकेत दिए।

नागपुर में संघ के विजयदशमी समारोह में धनखड़ होंगे अतिथि

नागपुर। आरएसएस ने 20 अक्टूबर को नागपुर के रेशिमबाग मैदान में आयोजित होने वाले विजयादशमी समारोह के लिए पूर्व



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। संघ के शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में सरसंघचालक मोहन भागवत मुख्य उद्बोधन देंगे। मध्य-पश्चिम भारत में इजरायल के महावाणिज्य दूत यानिव रेवाच भी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। संघ की घोषणा के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। पिछले वर्ष स्वास्थ्य कारणों से उपराष्ट्रपति पद से धनखड़ के इस्तीफे के बाद उनके और केंद्र सरकार के संबंधों को लेकर विभिन्न अटकलें लगती रही हैं।

अब होगी एसएसआर ● एसआईआर में 20 राज्यों से 13 करोड़ नाम हटाए गए थे

निर्वाचन आयोग ने 17 राज्यों में वोटर लिस्ट अपडेट करने के निर्देश दिए

नई दिल्ली।

चुनाव आयोग ने 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (स्पेशल समरी रिवीजन) के निर्देश जारी किए हैं। इस अभियान के तहत 1 जनवरी 2027 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र युवा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकेंगे। जिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चल रहा है या हाल ही में पूरा हुआ है, वहां इसका कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। इस अभियान में अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, मणिपुर, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।



युवाओं को मिलेगा अग्रिम पंजीकरण का अवसर

चुनाव आयोग के अनुसार, मतदाता सूची का उद्देश्य पात्र नागरिकों के नाम जोड़ना, त्रुटियों का सुधार करना और सूची को अद्यतन रखना है। इस बार विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। आयोग ने 1 जनवरी 2027 के अलावा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवाओं को भी अग्रिम आवेदन की सुविधा देने का निर्णय लिया है, ताकि पात्र होने पर उनका नाम समय पर मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

2027 के विधानसभा चुनावों से पहले तैयारी : विशेष पुनरीक्षण ऐसे समय कराया जा रहा है, जब वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के अनुसार चुनाव आयोग विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने से छह माह पहले भी चुनाव करा सकता है।

मतदान केंद्रों की भी होगी समीक्षा

आयोग ने सभी राज्यों को मतदान केंद्रों की संख्या और स्थान की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। सामान्यतः एक मतदान केंद्र पर 1,200 से अधिक मतदाता नहीं होने चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर नए मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि किसी भी मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े। हाईराइज सोसायटियों, नई आवासीय कॉलोनियों और शहरी झुग्गी-बस्तियों में भी नए मतदान केंद्रों की आवश्यकता का आकलन किया जाएगा।

आतंकवाद पर रुख सख्त, अगली घटना का जवाब और कड़ा होगा : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान से होने वाली किसी भी अगली आतंकी घटना का भारत पहले से अधिक कड़ा जवाब देगा। नई दिल्ली में आयोजित टाइम्स नेटवर्क डिफेंस कॉन्क्लेव में उन्होंने कहा कि भारत शांति और संवाद में विश्वास रखता है, लेकिन इसे कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए। राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर, बालाकोट हवाई हमले और सर्जिकल स्ट्राइक को आतंकवाद के खिलाफ भारत की बदली रणनीति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल विरोध दर्ज कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि आतंकवाद के स्रोत तक पहुंचकर कार्रवाई करने की क्षमता रखता है।

रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर, रक्षा आत्मनिर्भरता और नई सुरक्षा चुनौतियों पर रखे विचार



नई सुरक्षा चुनौतियों पर सतर्कता जरूरी : रक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक दौर में सुरक्षा खतरे तेजी से बदल रहे हैं। गलत सूचना, अस्थिरता फैलाने, साइबर हमलों और अकेले हमलावरों से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए नई रणनीति जरूरी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सुरक्षा एजेंसियों के साथ नागरिकों की सतर्कता भी महत्वपूर्ण है।

नेहा बोरा के बयान पर सियासी घमासान

बांग्लादेश आंदोलन से प्रेरणा लेने की टिप्पणी पर भाजपा का हमला, प्रशांत भूषण ने किया समर्थन



नई दिल्ली। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की अध्यक्ष नेहा बोरा के बांग्लादेश के छात्र आंदोलन से प्रेरणा लेने संबंधी बयान पर देश में राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। बांग्लादेश के सोशलिस्ट स्टूडेंट्स फ्रंट के सम्मेलन में नेहा बोरा ने कहा कि वहां के छात्र आंदोलन ने लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए नई राह दिखाई और भारत के युवा भी उससे सीख ले रहे हैं। उन्होंने बेहतर दक्षिण एशिया के लिए संयुक्त संघर्ष की बात भी कही। बयान सामने आने के बाद भाजपा ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक बताते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधा। हालांकि कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और सीपीआई ने नेहा बोरा के बयान से खुद को अलग कर लिया। दूसरी ओर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सत्ता परिवर्तन को लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बताते हुए उनका समर्थन किया।

किसने क्या कहा?

- **भाजपा : प्रदीप भंडारी :** बांग्लादेश में अराजकता के जरिए सत्ता परिवर्तन हुआ। नेहा बोरा का बयान लोकतंत्र विरोधी सोच को दर्शाता है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा।
- **भाजपा : प्रतुल शाहदेव:** आरोप लगाया कि नेहा बोरा और राहुल गांधी अराजकता के जरिए सरकार बदलना चाहते हैं तथा बांग्लादेश मॉडल का समर्थन कर रहे हैं।
- **कांग्रेस : राशिद अल्वी:** बयान से असहमति जताते हुए कहा कि भारत में सत्ता परिवर्तन केवल लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से ही होना चाहिए।
- **वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण :** सत्ता परिवर्तन लोकतंत्र का हिस्सा है और इसमें कोई गलत बात नहीं है। उन्होंने नेहा बोरा का समर्थन किया।
- **आम आदमी पार्टी : सौरभ भारद्वाज :** वे इस बयान से सहमत नहीं हैं। उनके अनुसार प्रेरणा का स्रोत भगत सिंह और भारत का स्वतंत्रता आंदोलन होना चाहिए।
- **सीपीआई : पी. संतोष कुमार :** भारत के युवाओं को प्रेरणा अपने स्वतंत्रता आंदोलन और लोकतांत्रिक परंपराओं से लेनी चाहिए, किसी अन्य देश से नहीं।



जियो प्लेटफॉर्म्स ने पेश किया विकास का रोडमैप

आकाश अंबानी बोले-टेक्नोलॉजी और मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के दम पर भारत की 1.4 ट्रिलियन डॉलर डिजिटल इकोनॉमी में निभाएंगे बड़ी भूमिका



मुंबई। भारत के अब तक के सबसे बड़े आईपीओ से पहले जियो प्लेटफॉर्म्स ने अपनी भविष्य की विकास रणनीति का रोडमैप पेश किया है। मुंबई में पत्रकारों से बातचीत के दौरान जियो प्लेटफॉर्म्स के मैनेजिंग डायरेक्टर आकाश अंबानी ने कंपनी के तीन प्रमुख विकास स्तंभ बताए- मोबिलिटी, होम और एंटरप्राइज- इंटरनेशनल कारोबार। कंपनी का लक्ष्य टेक्नोलॉजी, डिजिटल गेटवे और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल इकोनॉमी में बड़ी भूमिका निभाना है।

ग्राहक केंद्र में, 53.3 करोड़ कनेक्टिविटी यूजर्स : आकाश अंबानी ने कहा कि जियो के कारोबार का सबसे महत्वपूर्ण आधार ग्राहक हैं। कंपनी का फोकस हर भारतीय, हर घर और हर एंटरप्राइज तक बेहतर एवं किफायती डिजिटल सेवाएं पहुंचाना है। वर्तमान में जियो के पास करीब 53.3 करोड़ कनेक्टिविटी ग्राहक हैं और कंपनी देश के 60 प्रतिशत से अधिक डेटा ट्रैफिक को संभाल रही है।

मोबिलिटी में 4जी-5जी विस्तार पर जोर

कंपनी मोबिलिटी क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में करीब 34 करोड़ नए 4जी और 5जी ग्राहकों की संभावनाएं देख रही है। इनमें लगभग 10 करोड़ नए मोबाइल उपयोगकर्ता होंगे, जबकि करीब 24 करोड़ ग्राहक 2जी से 4जी और 5जी नेटवर्क की ओर स्थानांतरित हो सकते हैं। आकाश अंबानी के अनुसार वित्त वर्ष 2026 में जियो के नेट एक्टिव मोबाइल ग्राहकों की वृद्धि दूसरे सबसे बड़े ऑपरेटर की तुलना में करीब तीन गुना रही।

टेक्नोलॉजी निर्यातक बनाने की दिशा

आकाश अंबानी ने कहा कि जियो केवल सॉफ्टवेयर बेचने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक टेलीकॉम कंपनियों के साथ मैनेज्ड सर्विस पार्टनर के रूप में काम करेगा। इससे भारत टेक्नोलॉजी आयातक से टेक्नोलॉजी निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। ईशा अंबानी ने रिलायंस की दीर्घकालिक सोच, बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता, मजबूत क्रियान्वयन और वित्तीय अनुशासन को कंपनी की सफलता का आधार बताया।



कई गांवों में ग्वार को 80 प्रतिशत तक खराबे का अनुमान

ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान, प्रारंभिक आंकलन जारी : कलेक्टर को भेजी रिपोर्ट

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

सूरतगढ़ क्षेत्र में बुधवार की रात मौसम में अचानक आए बदलाव और ओलावृष्टि से खरीफ की फसलों को नुकसान पहुंचा है। तहसीलदार विनोद कड़वासरा ने गुरुवार को जिला कलेक्टर को फसल खराबे का प्रारंभिक आंकलन भेजा है। रिपोर्ट में क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ग्वार, नरमा, धान और मूंग की फसलों को हुए नुकसान का अनुमान जताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार उदयपुर गोदारान पटवार मंडल के आरडी क्षेत्र सहित विभिन्न चकों में ग्वार की फसल 70 से 80 प्रतिशत तक प्रभावित होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों में नरमा की फसल को भी करीब 60 से 70 प्रतिशत नुकसान होने की आशंका जताई गई है। बिरधवाल स्टेशन और बिरधवाल हेड के विभिन्न चकों में भी ग्वार की फसल को 70 से 80 प्रतिशत तक नुकसान का अनुमान है। कुछ क्षेत्रों में धान की फसल को 60 से 70 प्रतिशत तक प्रभावित बताया गया है। उदयपुर सहित कुछ चकों में नरमा और अन्य फसलों के नुकसान का आकलन भी किया गया है।

रायांवाली क्षेत्र के विभिन्न चकों में ग्वार की फसल 35 से 45 प्रतिशत तक प्रभावित होने का अनुमान है। यहां नरमा की फसल को लगभग 35 से 45 प्रतिशत तथा मूंग को 35 से 45 प्रतिशत तक नुकसान की आशंका जताई गई है। वहीं राजपुरा पीपेरन क्षेत्र में ग्वार की फसल को 40 से 50 प्रतिशत, नरमा को 40 से 45 प्रतिशत और मूंग को 40 से 50 प्रतिशत तक नुकसान का प्रारंभिक अनुमान लगाया गया है।

7 दिन में फसल खराबे की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश

तहसीलदार की ओर से संबंधित अधिकारियों को फसल खराबे का विस्तृत आंकलन करवाने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट में राजियासर और नायब तहसीलदार सूरतगढ़ को पटवारी हलकों के प्रभावित काश्तकारों की सूची सहित फसल खराबे की रिपोर्ट दो दिन में तैयार करवाने के लिए कहा गया है।

वहीं, राजपुरा पीपेरन और उदयपुर गोदारान क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों को सात दिन में प्रभावित काश्तकारों का विवरण और फसल खराबे की रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वे के दौरान विधायक डूंगरराम गेदर भी मौके पर मौजूद रहे।

लिखित समझौते तक जारी रहेगा किसानों का धरना

सीमा सन्देश# घड़साना



सिंचाई पानी की मांग को लेकर घड़साना क्षेत्र में किसानों का आंदोलन लगातार जारी है। किसानों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक प्रशासन के साथ लिखित समझौता नहीं होता, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। किसानों ने मौखिक आश्वासन पर आंदोलन खत्म करने से इनकार कर दिया है। किसानों ने कहा कि गुरुवार को वार्ता होनी थी लेकिन कोई उच्च अधिकारी नहीं आया इसीलिए वार्ता नहीं हुई । ऐसे में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे तक कोई वार्ता होती है तो ठीक है नहीं तो इसके बाद बैठक कर आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

स्वीप गतिविधियों के तहत किया पौधारोपण

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायती राज आम चुनाव के तहत जिले में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से आमजन को अधिकाधिक मतदान करने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में एक पेड़ लोकतंत्र के नाम के तहत पीपल के पौधे का रोपण किया गया। इस दौरान पंचायती राज आम चुनाव में अधिकाधिक मतदान के लिये मतदाताओं को जागरूक करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक अनिल कुमार शाक्य, सहायक सूचना जनसंपर्क अधिकारी रामकुमार राजपुरोहित, राजेश सोलंकी, गुरमिन्दर सिंह, सुरेश सहित अन्य मौजूद रहे।

सीमा सन्देश की किसान-जागरूकता श्रृंखला

जागो किसान जागो पूरा हिसाब

ट्रैक्टर खरीदो, ठगी नहीं

सीजन-2

एपिसोड 2 16 अक्टूबर

सीमा सन्देश

पुराने ट्रैक्टर की 'ऊंची कीमत' का सच-एक्सचेंज ऑफर में कहीं आप ही तो नहीं चुका रहे दाम?

'आपके पुराने ट्रैक्टर के बाजार से 50 हजार ज्यादा देंगे'-नवरात्रि में शोरूम का यह वाक्य किसान को सबसे ज्यादा लुभाता है। पर एक्सचेंज ऑफर असल में दो सौदे हैं: पुराना बेचना और नया खरीदना। जब दोनों एक ही पर्ची पर हों, तो पता ही नहीं चलता कि किस सौदे में कितना फायदा मिला और कितना नुकसान हुआ।

खेल कैसे होता है

एक्सचेंज में डीलर पुराने ट्रैक्टर की कीमत बढ़ाकर बताता है, ताकि किसान को लगे कि उसे बाजार से ज्यादा मिल रहा है। पर कई बार यही रकम नए ट्रैक्टर के दाम, एक्सेसरीज या लोन में दूसरी तरफ से जोड़ दी जाती है। किसान खुश होकर घर लौटता है, जबकि कुल हिसाब में उसे फायदा हुआ ही नहीं।

सबसे बड़ी गड़बड़ी तब होती है जब पुराने ट्रैक्टर की तय रकम लोन में घटाई ही नहीं जाती। किसान को लगता है कि पुराना ट्रैक्टर देकर उसका कर्ज.कम हुआ, जबकि लोन कागज में पूरी रकम चढ़ी रहती है।

पुराना ट्रैक्टर बेचने से पहले ऐसे तय करें सही कीमत, इन बातों का रखें ध्यान

पुराना ट्रैक्टर बेचते समय सही वैल्यूएशन पाना बेहद जरूरी है। ट्रैक्टर की रीसेल वैल्यू मुख्य रूप से मॉडल वर्ष, इंजन की स्थिति, मीटर रीडिंग (घंटे), टायरों की घिसावट और सर्विस हिस्ट्री पर निर्भर करती है।

मूल्यांकन के लिए किसान स्थानीय मैकेनिक, अधिकृत डीलर या ऑनलाइन कृषि प्लेटफॉर्म का सहारा ले सकते हैं। बाजार में ट्रैक्टर जंक्शन, ट्रैक्टर फॉर एवरीवन, ट्रैक्टर खरीदो आदि प्रमुख डिजिटल कंपनियां ऑनलाइन वैल्यूएशन टूल और डोरस्टेप इंस्पेक्शन की सुविधा देती हैं। बेहतर कीमत पाने के लिए आरसी, इंश्योरेंस और एनओसी जैसे दस्तावेज पूरे रखें।

- मोहनलाल वर्मा, लक्ष्मी ऑटो मोबाइल श्रीगंगानगर



आरसी ट्रांसफर नहीं, तो ज़िम्मेदारी आपकी

पुराना ट्रैक्टर डीलर को सौंप दिया, पर आरसी नए मालिक के नाम नहीं हुई – तो कागजों में वह ट्रैक्टर आपका ही रहता है। आगे उससे कोई दुर्घटना, चालान या गलत इस्तेमाल हुआ, तो नोटिस आपके घर आ सकता है।

इसलिए ट्रैक्टर सौंपते समय डीलर से लिखित पावती लें, जिसमें ट्रैक्टर का नंबर, चेसिस नंबर, सौंपने की तारीख और तय रकम लिखी हो। आरसी ट्रांसफर की तय तारीख भी उसी कागज पर लिखवाएं। पुराने ट्रैक्टर पर लोन बाकी हो, तो फाइनेंस कंपनी का बकाया-मुक्ति पत्र (एनओसी) लेकर ही ट्रांसफर होता है। ट्रांसफर हुआ या नहीं, यह परिवहन विभाग के पोर्टल या ज़िला परिवहन कार्यालय से जांचा जा सकता है।

हिसाब ऐसे लगाएं (उदाहरण)

डीलर 'क': नया ट्रैक्टर ₹8.50 लाख, पुराने के ₹3.00 लाख, आपको देने हैं ₹5.50 लाख

डीलर 'ख': नया ट्रैक्टर ₹8.00 लाख, पुराने के ₹2.60 लाख, आपको देने हैं ₹5.40 लाख, पुराने की 'ऊंची कीमत' देने वाला सौदा ₹10,000 महंगा निकला।

(आंकड़े केवल समझाने के लिए उदाहरण हैं।)

एक्सचेंज से पहले 4 बातें

- नए ट्रैक्टर का बिना एक्सचेंज वाला ऑन-रोड दाम पहले लिखित में लें।
- पुराने ट्रैक्टर का भाव 2-3 दूसरे खरीदारों या ब्रोकर से भी पूछें।
- लोन कागज में देखें कि पुराने ट्रैक्टर की रकम घटाई गई है या नहीं।
- सौंपते समय लिखित पावती और आरसी ट्रांसफर की तारीख लें।

सीमा संदेश की सलाह

एक्सचेंज को दो अलग सौदे मानें–पुराना ट्रैक्टर बेचना और नया ट्रैक्टर खरीदना। किसान पहले पुराने ट्रैक्टर की वास्तविक बिक्री कीमत तय करे और उसका लिखित प्रमाण ले। इसके बाद नए ट्रैक्टर की पूरी ऑन-रोड कीमत, छूट, एक्सेसरीज, डाउन पेमेंट और फाइनेंस की शर्तों का अलग हिसाब देखे। अंत में दोनों सौदों को एक साथ मिलाकर जांचें कि पुराने ट्रैक्टर की कितनी रकम समायोजित हुई, नए ट्रैक्टर के लिए वास्तव में कितना ऋण लिया गया और पूरी अवधि में किसान को कुल कितना भुगतान करना पड़ेगा। पुराने ट्रैक्टर की कीमत बढ़ाकर बताने का दावा सुनकर तुरंत निर्णय न लें। बाजार से तुलना करें, लिखित दस्तावेज पढ़ें और आरसी ट्रांसफर की पुष्टि करें। याद रखें–एक्सचेंज में फायदा केवल पुराना ट्रैक्टर ऊंचे दाम पर बिकने से नहीं, बल्कि नए ट्रैक्टर की सही कीमत, पारदर्शी फाइनेंस और पूरे सौदे के स्पष्ट हिसाब से तय होता है।

असली शान चमचमाता नया ट्रैक्टर नहीं - कर्ज़ मुक्त खेत और भरा हुआ घर है

कल · 17 अक्टूबर

"50 का माल, 55 का दाम"

आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं

बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें 93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ – यही है सीमा सन्देश की पहचान 1951 से

अग्रवाल कॉलेज बी.एस.सी. का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय द्वारा जून-2026 के घोषित परिणामों में अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने बी.एस.सी. परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विभिन्न सैमेस्टरों में छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की।



बी.एस.सी. चतुर्थ सैमेस्टर में ध्रुवी ने प्रथम स्थान तथा साक्षी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बी.एस.सी. छठे सैमेस्टर में भावना ने प्रथम स्थान तथा शशिकला ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष श्याम सुदंर गीदड़ा, डॉ. ओपी. गुप्ता, प्रो. हेमंत शर्मा, डॉ. सुरेश मंगल ने दोनों छात्राओं को उनकी शानदार सफलता पर शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सरला सिंगला ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

सरताज ने जीता रजत पदक, राष्ट्रीय कैंप के लिए चयनित

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। नोजगे पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर के सरताज सिंह बराड़ ने जालौर में आयोजित राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (आरबीएसई) की अंडर-14 राज्य स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। सरताज का चयन राष्ट्रीय कैंप के लिए भी हुआ है। उनकी इस सफलता से विद्यालय एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उल्लेखनीय है कि सरताज सिंह बराड़ इससे पहले सीबीएसई राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतना और राष्ट्रीय कैंप के लिए चयनित होना उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. सूदन सहित विद्यालय प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने सरताज सिंह बराड़ को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



ऑटो उद्योग की रफ्तार तेज, 21.8 प्रतिशत उछाल

त्योहारी मांग से बढ़ी बिक्री, पहली छमाही में यात्री वाहनों की बिक्री 28.3 प्रतिशत बढ़ी

भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग ने सितंबर 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। उद्योग संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में यात्री वाहनों की थोक बिक्री में सालाना आधार पर 21.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले वर्ष के कमजोर आधार के साथ-साथ नवरात्रि और दशहरा जैसे त्योहारों के दौरान बढ़ी मांग ने बिक्री को गति दी।

यात्री वाहनों की बिक्री 4.54 लाख के पार : सितंबर 2026 में देश में कुल 4,54,574 कार, सेडान और यूटिलिटी वाहन बिके, जबकि सितंबर 2025 में यह आंकड़ा 3,73,347 इकाई था। त्योहारी सीजन को देखते हुए वाहन कंपनियों ने डीलरों तक वाहनों की आपूर्ति बढ़ाई, जिसका सकारात्मक असर बिक्री पर दिखाई दिया।

सभी वाहन श्रेणियों में दर्ज हुई बढ़ोतरी : एसआईएएम के अनुसार सितंबर में अन्य वाहन श्रेणियों में भी वृद्धि दर्ज की गई। तीन पहिया वाहनों की बिक्री 84,635 से बढ़कर 98,162 इकाई हो गई, जिसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि रही। वहीं दोपहिया वाहनों की बिक्री 21,70,100 से बढ़कर 24,63,103 इकाई पहुंच गई, जो 13.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाती है।



पहली छमाही में ऑटो बाजार का मजबूत प्रदर्शन : चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में यात्री वाहनों की कुल बिक्री 28.3 प्रतिशत बढ़कर 26.4 लाख इकाई हो गई। इस दौरान वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में भी 23.8 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई।

यूटिलिटी वाहनों की मांग सबसे अधिक : एसआईएएम अध्यक्ष शेनू अग्रवाल ने बताया कि पहली छमाही में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री में 31.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कुल यात्री वाहनों की बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी करीब 68 प्रतिशत रही। वहीं हैचबैक और सेडान श्रेणी में भी 23.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

ईवी और वैकल्पिक ईंधन वाहनों को बढ़ावा : सीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहन और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड जैसी वैकल्पिक ईंधन तकनीकों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। बेहतर चार्जिंग ढांचे और सरकारी नीतियों के कारण इलेक्ट्रिक वाहन बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है।

दोपहिया बाजार में स्कूटरों की मांग बढ़ी : दोपहिया क्षेत्र में स्कूटरों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। स्कूटर बिक्री 29.4 प्रतिशत बढ़कर 48.7 लाख इकाई पहुंच गई, जबकि मोटरसाइकिल बिक्री 10.4 प्रतिशत बढ़कर 69.3 लाख इकाई रही।

त्योहारी सीजन में कंपनियों को बेहतर उम्मीद : ऑटो कंपनियों को आगामी त्योहारी सीजन में बिक्री की रफ्तार कायम रहने की उम्मीद है। मजबूत आर्थिक आधार, बुनियादी ढांचे पर बढ़ता खर्च और नए मॉडलों की लॉन्चिंग से बाजार को आगे भी समर्थन मिलने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि वैश्विक परिस्थितियों और भू-राजनीतिक चुनौतियों पर भी उद्योग की नजर बनी हुई है।

शहरी क्षेत्रों में पोस्टिंग अटकी, पदों की स्वीकृति का झोल, बजट और नियमों के फेर में नहीं मिल पाई सैलरी

विद्या संबल योजना: ग्रामीण स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने वाले 'गुरुजी' खुद आर्थिक संकट में

जितेन्द्र शर्मा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विद्या संबल योजना (2026) प्रशासनिक और तकनीकी पेचीदगियों के बीच बुरी तरह उलझकर रह गई है। निकाय आचार संहिता के चलते जहां एक ओर शहरी इलाकों में गेस्ट फैकल्टी के पदों पर पोस्टिंग की प्रक्रिया ठप पड़ी है, वहीं ग्रामीण आंचल के विद्यालयों में जोश के साथ कक्षाएं संभाल रहे प्रथम श्रेणी (फर्स्ट ग्रेड) के व्याख्याताओं के सामने बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। गत 16 सितंबर को स्कूलों में ज्वाइनिंग देने वाले इन गुरुजी को गत के बीते दिनों के एवज में वेतन का एक रुपया नसीब नहीं हुआ है। आलम यह है कि स्कूल प्रबंधन से लेकर जिला शिक्षा तंत्र तक यह तय नहीं कर पा रहा है कि इनका वेतन किस वित्तीय मद और किस स्कूल से जारी किया जाए। शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार जिलेभर में सैकण्डरी और सीनियर सैकण्डरी के 582 स्कूल संचालित हैं, जिनमें लगभग 1 लाख 75 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत है। विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए स्कूल स्तर से जनरेट हुई डिमांड के आधार पर शिक्षकों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में लगाया गया था। अधिकांश व्याख्याताओं ने 16 सितंबर को कार्यभार ग्रहण कर लिया था, जिसके तहत किसी का 14 तो किसी का 7 दिन का वेतन बकाया है। लेकिन, धरातल पर प्रशासनिक चूक और तकनीकी पेचीदगियों के कारण यह योजना शिक्षकों के लिए गले की फांस बन गई है।

पद ही स्वीकृत नहीं, दूसरी जगह से उठ रहा वेतन: जानकारों के अनुसार, 2021 के बाद जितने भी स्कूल सीनियर सैकण्डरी में क्रमोन्नत हुए हैं, उनमें से अधिकांश में प्रथम श्रेणी (फर्स्ट ग्रेड) के पद स्वीकृत ही नहीं हैं। जब पद ही सृजित नहीं हैं, तो वहां गेस्ट फैकल्टी रखना नियमों के विपरीत है। वहीं, जिन स्कूलों में पद स्वीकृत हैं, वहां या तो पहले से ही शिक्षक कार्यरत हैं या फिर जुगाड़ के तहत दूसरी जगह से सैलरी उठाई जा रही है। इसके कारण अनूपगढ़ और घड़साना जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पद तो स्वीकृत है परन्तु पद स्वीकृत होने के बावजूद वहां लेक्चरर कार्यरत नहीं है क्योंकि इस योजना के तहत वह दूसरे स्थानों पर पढ़ा रहे हैं और उनका वेतन इन स्कूलों से उठ रहा है।

वाहवाही लूटने और दिखाने की योजना

राजस्थान शिक्षक संघ ने सरकार की इस योजना को पूरी तरह छलावा करार दिया है। सरकार सिर्फ यह वाहवाही लूटना चाहती है कि उसने रिक्त पद भर दिए हैं, जबकि हकीकत यह है कि पद स्वीकृत ही नहीं हैं। जब पद ही सृजित नहीं हैं, तो गेस्ट फैकल्टी कैसे टिकेगी? जिन शिक्षकों के ट्रांसफर कर लगाए गए हैं, उनकी सैलरी दूसरी जगह से उठ रही है, इसलिए विभाग उन्हें कागजों में पद खाली नहीं मान रहा। हालात यह हैं कि मार्च से अब तक किसी भी कार्मिक को सरेंडर लीव का भुगतान नहीं हुआ है। सेवानिवृत्त होने वाले हजारों कर्मचारियों की ग्रेच्युटी और अन्य बकाए के लाखों रुपये अटके हैं। बिल अगले दिन पोर्टल पर दिख जाता है, पर छह-छह महीने तक भुगतान के नाम पर सिर्फ टालमटोल की जा रही है। - राधेश्याम ,राजस्थान शिक्षक संघ

वेतन की कोई दिक्कत नहीं

वेतन को लेकर किसी प्रकार की तकनीकी बाधा नहीं है। अभी इन शिक्षकों को ज्वाइन किए हुए एक माह का समय पूरा नहीं हुआ है। जहां पद और बजट स्वीकृत है, वहीं इन्हें लगाया गया है। 2022-23 या हाल ही में क्रमोन्नत हुए जिन विद्यालयों में पद स्वीकृत नहीं हैं, वहां के पुराने सेटअप से बजट और वेतन की वैकल्पिक व्यवस्था पर काम चल रहा है। अभी केवल ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए शहर क्षेत्र में नही लगाए। अभी आचार संहिता लगी हुई सरकार के निर्देशानुसार आगे काम होगा। - हरलाल सहारण, जिला शिक्षा अधिकारी

योजना मे इतना वेतन निर्धारित : प्रदेशभर के सरकारी, मॉडल, केजीबीवी और एमजीजीएस स्कूलों तथा कॉलेजों में लगभग 76,791 से अधिक पदों पर गेस्ट फैकल्टी के जरिए अस्थाई शिक्षकों को रखने का प्रावधान है, जिसके तहत तय मानदेय दरें इस प्रकार हैं: कक्षा 11 से 12 (ग्रेड-1 / सहायक आचार्य): 400 प्रति घंटा (अधिकतम 30,000 प्रतिमाह), कक्षा 9 से 10 (ग्रेड 2): 350 प्रति घंटा (अधिकतम 25,000 प्रतिमाह), कक्षा 1 से 8 (ग्रेड 1-2): 300 प्रति घंटा (अधिकतम 21,000 प्रतिमाह), लैब असिस्टेंट / पीटीआई / इंस्ट्रक्टर: 300 प्रति घंटा (अधिकतम 21,000 प्रतिमाह)

प्लैटिनम पार्क में डांडिया रास और सजीव मंचन से जीवंत हुई रामलीला

हाईटेक रामलीला : सीता स्वयंवर और परशुराम-लक्ष्मण संवाद ने मोहा मन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर



रिद्धि सिद्धि कॉलोनी प्रथम के प्लैटिनम पार्क में श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित हाईटेक रामलीला के चौथे दिन बुधवार रात सीता स्वयंवर का भव्य मंचन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक जेठाराम व्यास, कॉलोनाइजर मुकेश शाह, उद्यान उपनिदेशक प्रीति गर्ग, डॉ. अभिलाषा गुप्ता, टीना जिंदल, सुषमा बतरा और शुभम गुप्ता रहे। लीला की शुरूआत पुष्प वाटिका, श्रीराम बारात और सीता स्वयंवर से हुई। परशुराम-लक्ष्मण संवाद के दौरान परशुराम बने राजेश शर्मा और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे निर्देशक सुभेष देहरान के सशक्त अभिनय ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। राजा जनक के रूप में विपिन सचदेवा ने दृश्य को जीवंत बनाया। इसके बाद दशरथ दरबार में राजतिलक के निर्णय, कैकयी-कौशल्या महल के प्रसंग और अंत में निषादराज से मिलने के प्रसंग के साथ लीला को विराम दिया गया। सुषमा बत्रा ने कैकयी और आईटी प्रभारी तुषार भाटिया ने निषादराज की भूमिका निभाई। कई वर्षों से श्रीराम की भूमिका निभा रहे सचिव दिनेश शर्मा ने फिर प्रभावित किया, जबकि हरप्रीत ने सीता व उर्मिला, अर्श ने सुमंत और भूपेंद्र शर्मा ने रावण की भूमिका अदा की। गायक जितेंद्र अरोड़ा के लाइव भजनों और महिलाओं द्वारा मंच के आगे किए गए डांडिया रास ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर समिति की नई कार्यकारिणी की घोषणा हुई, जिसमें अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, सचिव दिनेश शर्मा, डायरेक्टर सुभेष देहरान, कोषाध्यक्ष निखिल गोयल, तथा कार्यक्रम प्रभारी भूषण अरोड़ा और नरेंद्र जुनेजा बनाए गए हैं।

मौसम

अधिकतम 30.4° | न्यूनतम 21.7°

आर्द्रता

सुबह 86% | शाम 69%

विंड स्पीड

9-12KM/h

आज का सूर्यास्त

06:03PM

कल का सूर्योदय

06:38AM

आंशिक बादलवाही

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,46,120

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,35,150

चांदी (प्रति किलो) ₹2,09,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

फार्म 7 को लेकर जारी किये निर्देश

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किसी व्यक्तिगत निर्वाचक द्वारा फार्म 7 आवेदन प्रस्तुत करने की युक्तियुक्त सीमा निर्धारण को लेकर निर्देश जारी किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने बताया कि फील्ड स्तर के कार्मिकों को निर्देश देकर व्यक्तिगत निर्वाचक फार्म 7 की अधिकतम जानकारी दी जाये। मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के नियम 13(2) के अनुसार किसी निर्वाचक क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम शामिल करने के प्रस्ताव या नाम हटाने के आवेदन के संबंध में कोई भी आपत्ति फार्म 7 में होनी चाहिए। इसे केवल वहीं व्यक्ति दायर कर सकता है, जिसका नाम पहले से ही उस निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल है।

स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। मनोविकास संस्थान एवं नशामुक्ति पुनर्वास केंद्र में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित हुआ। शिविर में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, पीड़ितों के अधिकारों, भेदभाव से संरक्षण तथा निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने नशे की लत को गंभीर बीमारी बताते हुए समय पर उपचार और परामर्श की आवश्यकता पर जोर दिया। युवाओं को नशे से दूर रखने तथा मानसिक समस्याओं में सहायता लेने के प्रति जागरूक किया गया।

सरपंच-पंच चुनाव के लिए दिए निर्देश

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिले में पंचायती राज आम चुनाव 2026 के तहत गुरूवार को सरपंच व पंच के निर्वाचन हेतु जिला परिषद सभागार में रिटर्निंग अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सरपंच और पंच के निर्वाचन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गतिविधियां सम्पादित की जानी हैं। मतदान दल अपने निर्धारित रूट के अनुसार निर्धारित समय पर मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान से पूर्व की तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। चुनाव के दौरान किसी भी मिलने वाले रिश्तेदार या परिचित के नहीं जायेंगे और न ही किसी का आतिथ्य स्वीकार करेंगे। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक जैन ने भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्रद्धालुओं को बांटी लस्सी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर । विवेकानन्द सेवा ट्रस्ट की ओर से सालासर बालाजी धाम के दर्शनार्थ पैदल यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को हनुमानगढ़-पल्लू मार्ग पर ठंडी लस्सी के पैकेट वितरित किए गए। लंबी दूरी तय कर रहे श्रद्धालुओं के लिए यह सेवा राहत व सुकून का माध्यम बनी। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर पानी के टैंकर की व्यवस्था भी की गई है, जो लगातार 11 दिनों तक निरंतर अपनी सेवाएं प्रदान करेगा।

2 साल पहले हुई थी घोषणा | विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति भी बड़ी चुनौती, सरकारी स्तर पर सिर्फ परामर्श व कीमोथेरेपी की सुविधा

₹50 करोड़ की लीनियर मशीन का ना टेंडर, ना पीपीपी मोड पर लगी, मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद बीकानेर से करवा रहे रेडियोथेरेपी

सुमित भाटिया # श्रीगंगानगर

जिला मुख्यालय पर राजकीय मेडिकल कॉलेज बनने के बाद उम्मीद जगी थी कि कैंसर के आधुनिक उपचार की सुविधाएं भी स्थानीय स्तर पर विकसित होंगी, लेकिन करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन स्थापित करने की योजना सिरे नहीं चढ़ सकी। यह मशीन स्थापित करने की घोषणा लगभग दो साल पहले हुई थी, लेकिन टेंडर नहीं हुआ। बजट की अधिकता को देखते हुए मशीन को सार्वजनिक-निजी भागीदारी यानी पीपीपी मोड पर स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके लिए जयपुर स्तर से प्रक्रिया पूरी किए जाने की बात सामने आई थी। मशीन कब स्थापित होगी, पूर्ण रूप से विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति कब होगी और मरीजों को स्थानीय स्तर पर रेडियोथेरेपी की सुविधा कब से मिलेगी, इन सवालों के जवाब का इंतजार है। नतीजा यह है कि रेडियोथेरेपी की जरूरत वाले मरीजों को अब भी बीकानेर, जयपुर या बड़े निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। यह मामला केवल एक मशीन लगाने का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र में कैंसर उपचार और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने से जुड़ा है।

बढ़ जाते हैं खर्च और परेशानी: कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए इलाज की राह पहले ही मुश्किल होती है। बीमारी का दर्द, महंगे उपचार का खर्च और बार-बार अस्पतालों के चक्कर परिवारों को तोड़कर रख देते हैं। ऐसे में यदि रेडियोथेरेपी के लिए अपने शहर से बाहर जाना पड़े तो मरीज और उसके परिजनों की परेशानी कई गुना बढ़ जाती है।



जानिए, लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन प्रोजेक्ट; ट्यूमर को टारगेट करने में आसानी, रेडियोथेरेपी व अन्य सुविधाएं, ऑन्कोलॉजिस्ट टीम भी मिलेगी

लीनियर एक्सेलेरेटर कैंसर की रेडियोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाली आधुनिक मशीन है। इससे ट्यूमर को टारगेट कर स्ट्रॉंग विकिरण किरणें दी जाती हैं। इससे कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जाता है या उन्हें बढ़ने से रोका जाता है। रेडियोथेरेपी और कीमोथेरेपी अलग-अलग उपचार पद्धतियां हैं। कीमोथेरेपी में ड्रिप दवाओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं को खत्म किया जाता है, जबकि रेडियोथेरेपी में विकिरण का उपयोग होता है। कई मामलों में दोनों उपचार एक साथ या अलग-अलग चरणों में दिए जा सकते हैं। यदि प्रस्तावित लीनियर एक्सेलेरेटर मशीन स्थापित होती है और उसका संचालन शुरू हो जाता है, तो श्रीगंगानगर में कैंसर उपचार की सुविधाओं का महत्वपूर्ण विस्तार हो सकता है।



मशीन लगाना ही काफी नहीं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति भी जरूरी : कैंसर के आधुनिक उपचार केंद्र को संचालित करने के लिए महंगी मशीन के साथ प्रशिक्षित विशेषज्ञों की पूरी टीम की जरूरत होती है। रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट उपचार की योजना बनाते हैं, मेडिकल फिजिसिस्ट डोज और तकनीकी क्वालिटी से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य देखते हैं, जबकि रेडिएशन थेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट मशीन के संचालन में भूमिका निभाते हैं। नर्सिंग और अन्य सहायक कर्मियों की उपलब्धता भी जरूरी है। रेडिएशन सुरक्षा के निर्धारित मानकों का पालन, नियमित रखरखाव और गुणवत्ता जांच भी सुनिश्चित करनी होती है।

अभी इंतजार...

'टेंडर जयपुर से होंगे, हम प्रयास कर रहे हैं'



डॉ. पी. के. बेरवाल
प्रिंसिपल, मेडिकल कॉलेज श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर राजकीय मेडिकल कॉलेज में मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा सेवाओं का विस्तार क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को नई मजबूती दे सकता है। यह बात सही है कि दो साल पहले लीनीयर मशीन को लेकर घोषणा हुई थी। इसे पीपीपी मोड पर स्थापित करने के लिए पत्र व्यवहार, प्रयास जारी हैं। जयपुर से टेंडर संबंधी प्रक्रियाएं होती हैं। कैंसर का समग्र उपचार केवल रेडियोथेरेपी तक सीमित नहीं होता। इसके लिए पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, सर्जरी, एनेस्थीसिया, दवा आधारित उपचार और जरूरत पड़ने पर गहन चिकित्सा सेवाओं के बीच बेहतर समन्वय जरूरी होता है।

290 बेड का विस्तार मार्च माह तक संभव

महाराजा गंगासिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने बताया कि कॉलेज में सुविधा और सेवा विस्तार के लिए निरंतर काम हो रहा है। श्रीगंगानगर मेडिकल कॉलेज में मार्च माह तक 290 बेड का विस्तार संभव है। फैकल्टी को लेकर भी प्रयास किये जा रहे हैं।

जिला अस्पताल की कैंसर विंग

हर माह कैंसर के औसत 550 मरीज, 300+ को लगती है कीमो, कई रेफर



डॉ. सुखपालसिंह बराड़
पीएमओ, जिला अस्पताल

श्रीगंगानगर मेडिकल कॉलेज से अटैच जिला अस्पताल में कैंसर मरीजों के उपचार के लिए 'कैंसर डे केयर विंग' संचालित है। यहां मरीजों को परामर्श, दवाएं और कीमोथेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। अस्पताल में हर महीने औसतन करीब 550 कैंसर मरीज आते हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इनमें लगभग 300 से 350 मरीज भर्ती किए जाते हैं, जबकि 150 से 200 मरीजों को परामर्श के बाद दवाएं दी जाती हैं। गंभीर अवस्था के मरीजों की संख्या भी करीब 70 बताई जाती है। मरीजों की यह संख्या बयां करती है कि क्षेत्र में कैंसर उपचार से जुड़ी सुविधाओं की जरूरत कितनी महत्वपूर्ण है। हालांकि, सभी मरीजों को रेडियोथेरेपी की आवश्यकता नहीं होती। कुछ मरीजों को कीमोथेरेपी, कुछ को रेडियोथेरेपी, कुछ को सर्जरी और कई को उपचार के एक से अधिक तरीकों की जरूरत पड़ती है। स्थानीय स्तर पर कैंसर के व्यापक उपचार की व्यवस्था करना बहुत जरूरी है।

कीमो के लिए दो डॉक्टर: जिला अस्पताल के पीएमओ के अनुसार, अस्पताल में कैंसर के मरीज काफी संख्या में आते हैं। यहां कीमोथेरेपी सहित उपलब्ध उपचार सुविधाएं दी जा रही हैं। कीमोथेरेपी के लिए दो डॉक्टर हैं।

'केवल बड़ी बिल्डिंग बना दी, सुविधाएं नहीं'



कैंसर के बढ़ते मरीज और मेडिकल कॉलेज होने के बावजूद सुविधा ना मिलने की परेशानी के दृष्टिगत गंगानगर युवा मोर्चा के देवकरण नायक की अगुवाई में प्रशासन को लगातार मांगपत्र दिये जा रहे हैं। देवकरण नायक ने सवाल उठाया कि मेडिकल कॉलेज में बड़ी मशीन कब स्थापित होगी? इसका स्थान और ढांचा कब तैयार होगा? केवल बड़ी बिल्डिंग बना दी है, लेकिन आधुनिक उपकरण और 24 घंटे आपात सेवाएं भी होनी चाहिएं।

अभियान ● जिला प्रशासन व एएनटीएफ की जागरूकता वर्कशॉप आयोजित

इच्छाशक्ति मजबूत हो तो नशे के कारोबार की जड़ों को हिलाया जा सकता है: आईजी विकास कुमार

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव एवं पुलिस अधीक्षक हरीशंकर के नेतृत्व में नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत सुरेंद्रा डेंटल कॉलेज श्रीगंगानगर में जिला प्रशासन एवं एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के सहयोग से नशा मुक्ति जागरूकता वर्कशॉप आयोजित की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के विक्रम ज्याणी ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की तस्करी के साथ ड्रोन के माध्यम से विस्फोटक सामग्री भेजे जाने जैसी घटनाएं देश की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती हैं। हमारी सबसे बड़ी ताकत हमारे जागरूक युवा हैं। तुम्हारी एक ना नशे के खिलाफ इतनी बड़ी ताकत बन सकती है कि नशे का पूरा कारोबार कमजोर पड़ जाए।



आईजी विकास कुमार के नेतृत्व में नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध किए जा रहे प्रयासों ने तस्करों को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा, एएनटीएफ के एक वर्ष के सफर ने यह विश्वास मजबूत किया है कि यदि इच्छाशक्ति मजबूत हो और समाज का सहयोग मिले, तो नशे के कारोबार की जड़ों को हिलाया जा सकता है। जया ज्याणी ने विद्यार्थियों से कहा कि नशे के विरुद्ध आवाज उठाने से पीछे न हटें। यदि कहीं नशे की तस्करी या युवाओं को नशे की ओर धकेलने की जानकारी मिले, तो स्वयं जोखिम उठाने के बजाय संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई को जनसहयोग से और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।

स्कूलों के विद्यार्थियों ने श्रीराम दरबार में लगाई हाजिरी



मंदिर कमेटी ने किया सम्मानित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सूरतगढ़ रोड स्थित अन्नक्षेत्र श्रीराम मंदिर में चल रहे दस दिवसीय अखंड राम नाम संकीर्तन में गुरुवार सुबह श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। इस दौरान शहर के तीन विद्यालयों के विद्यार्थियों ने मंदिर में पहुंचकर बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई और रामधुन पर झूमते-नाचते हुए अपनी श्रद्धा व्यक्त की। गुरूवार सुबह राम नाम संकीर्तन में जवाहर नगर स्थित अरोड़वंश पब्लिक स्कूल, पुरानी आबादी स्थित किड्स कैम्प कॉन्वेंट स्कूल तथा हनुमानगढ़ रोड स्थित मदर प्राइड स्कूल के विद्यार्थी शिक्षकों के साथ शामिल हुए। इस बीच मंदिर परिसर में गूंज रही प्रभु श्रीराम की मधुर रामधुन के बीच बच्चों ने उत्साहपूर्वक संकीर्तन में भाग लिया।

सियाराम जय जय सियाराम की धुन पर झूमते बच्चों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विद्यार्थियों की सहभागिता से मंदिर परिसर में विशेष उत्साह का माहौल रहा। मंदिर कमेटी की ओर से तीनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के साथ पहुंचे स्टाफ सदस्यों का स्वागत किया।

मंदिर प्रबंधन की ओर से विद्यालयों के प्रतिनिधियों को दरबार का विग्रह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरित किया गया।



अवधिपार खाद्य सामग्री को नष्ट करवाया, पनीर, लड्डू और मावा बर्फी के सैम्पल लिए

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

अग्रसेननगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित राम राज्य डिपार्टमेंट स्टोर में मिली अवधिपार खाद्य सामग्री को नष्ट करवाया गया। मौके पर करीब दो ट्रॉली में भरी लाखों रुपए की अवधिपार खाद्य सामग्री का निस्तारण करवाया गया, ताकि ऐसी सामग्री आमजन तक नहीं पहुंचे।

मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी उर्मिला भादू, रेणु चौधरी, अनिल कुमार, सीओआईईसी विनोद बिश्नोई एवं संदीप वर्मा मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अभियान के तहत विभागीय टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मंजूबाला एवं नित्या शर्मा ने वधवा पनीर हाउस से पनीर एवं दही के नमूने लिए। वहीं, रविंद्र पथ स्थित शर्मा स्वीट्स एंड नमकीन सेंटर से उड़द दाल के लड्डू एवं मावा बर्फी के नमूने संग्रहित किए गए। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

आज शाम होगा श्री सुंदरकांड का पाठ

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में आयोजित 9 दिवसीय मां शेरावाली महोत्सव के पांचवे दिन धार्मिक कार्यक्रमों और भजन संध्या का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान प्रतिदिन भजन संध्या का शाम 5:30 से 7:15 बजे तक निर्धारित है। शुक्रवार को श्री सुंदरकांड का पाठ शाम 5.30 बजे होगा।

आचार संहिता: आवंटन, नियमन और पट्टा वितरण नहीं कर सकेंगे

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

पंचायती राज आम चुनाव 2026 के दौरान आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर पंचायती संस्थाओं द्वारा आवंटन नियमन, पट्टा वितरण आदि की कार्यवाही नहीं की जायेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है।

आचार संहिता के दौरान निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित भूमि आवंटन, पट्टा वितरण, ऋण वितरण आदि के निर्णय भी चुनाव समाप्ति तक नहीं लिये जाये और न ही पंचायतीराज संस्थाओं की बैठक चुनाव के बाद आयोजित की जाये।

दुविधा ● वेबसाइट पर अब तक नहीं हो पाई यूपीआई की सुविधा, क्रेडिट कार्ड और नेट बैंकिंग के सहारे पैसे जमा करवाने की प्रक्रिया

600+ दुकानदारों से संपर्क के बावजूद नहीं आए तंबाकू उत्पाद विक्रय लाइसेंस के आवेदन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

नगरपरिषद की ओर से तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर शिकंजा कसने के लिए शुरू किया गया अभियान कागजी दावों और तकनीकी पेचीदगियों के बीच उलझकर रह गया है।

स्थिति यह है कि नगरपरिषद और स्वास्थ्य विभाग के सफाई निरीक्षकों द्वारा शहरभर के 600 से अधिक तंबाकू विक्रेताओं से व्यक्तिगत संपर्क कर उन्हें सार्वजनिक सूचना की फोटोकॉपी और सख्त हिदायतें दी गईं। इसके बावजूद धरातल पर उत्साहजनक परिणाम सामने नहीं आए हैं। अभियान के तहत अब तक महज 22 दुकानदारों ने ही लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है, जिसमें से भी केवल 7 को ही स्वीकृति मिल पाई है। इस सुस्त रफ्तार और उदासीनता के पीछे नगरपरिषद के नागरिक सेवा पोर्टल की तकनीकी खामियां सबसे बड़ा कारण बनी हुई हैं। पोर्टल पर आज के डिजिटल दौर की सबसे अहम यूपीआई भुगतान की सुविधा पूरी तरह बंद है। दुकानदारों को केवल नेट बैंकिंग या क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ही भुगतान करने की बाध्यता है, जिसके चलते छोटे दुकानदार, ठेले वाले और गुमटी संचालक चाहकर भी फीस जमा नहीं करवा पा रहे हैं। नतीजतन, लाइसेंस बनवाने की इच्छा रखने वाले वेंडर भी तकनीकी अड़चनों के कारण प्रक्रिया पूरी करने में असमर्थ हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए नगरपरिषद आयुक्त ने अब सफाई निरीक्षकों को वार्डवार कड़े सर्वे और भौतिक जांच के निर्देश दिए हैं, ताकि नियमों की अनदेखी करने वालों पर कानूनी डंडा चलाया जा सके।

नगरपरिषद द्वारा जारी वेबासाइड स्वीक बड्डी डॉट इन पर तम्बाकू उत्पाद के अलावा पालतू पशु पंजीकरण अनिवार्य (राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 – धारा 247/248) के तहत पंजीयन किया जा रहा है। इसमें पालतू पशु के पंजीयन के लिए 1,000 रुपये प्रति वर्ष रखा गया है। वर्तमान में इस साइड पर दो ही सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही कुछ दिनों बाद इस पर स्ट्रीट वेंडर का भी पंजीयन कर निर्धारित शुल्क लेने के साथ निर्धारित मापदण्डों की पालना नहीं करने पर जुर्माना लिया जाएगा।

घर-घर और वार्डवार सर्वे के निर्देश

संपर्क अभियानों के बाद भी आवेदन कम मिलने पर नगरपरिषद आयुक्त ने गुरुवार को इस संबंध में नए दिशा-निर्देश जारी किए है। इसके तहत स्वास्थ्य अधिकारी और समस्त सफाई निरीक्षकों को अपने-अपने वार्डों में विशेष जांच अभियान चलाने के कहा गया है। इसके तहत वार्डवार चेकिंग के दौरानअस्थायी दुकानों, फुटपाथ पर संचालित गुमटियों, खोखों, कियोस्क, किराना स्टोर और थोक विक्रेताओं का भौतिक सर्वे किया जएगा। जिन प्रतिष्ठानों पर बिना वैध लाइसेंस के तंबाकू उत्पाद बिकते पाए जाएंगे, उन्हें तुरंत बंद कराया जाएगा।

इसके अलावा, नियमों की अवहेलना जारी रखने पर संबंधित तंबाकू उत्पादों को जब्त कर नगरपरिषद के स्टोर में जमा करने की कार्रवाई की जाएगी।

लाइसेंस नहीं तो कार्रवाई

समस्त तंबाकू उत्पाद विक्रेता नियमानुसार अपना लाइसेंस शीघ्र प्राप्त करें तथा बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पादों का विक्रय न करें। नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। – **मिलखराज चुघ, आयुक्त नगरपरिषद**



धैर्य से गरीबी, अच्छे आचरण से कुरूपता और स्वच्छता से साधारण कपड़े भी सुंदर बन जाते हैं।

संपादकीय

प्रतिबंध, समझौते और महाशक्तियों का खेल

रूस, अमेरिका और भारत के बीच तेल को लेकर चल रही कूटनीतिक गतिविधियां एक बार फिर वैश्विक राजनीति की जटिल तस्वीर सामने ला रही हैं। एक ओर अमेरिका रूस से ऊर्जा खरीदने वाले देशों पर कड़े प्रतिबंध और 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की चेतावनी दे रहा है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए रूस से ईंधन आपूर्ति बढ़ाने की अपेक्षा भी कर रहा है। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में स्थायी मित्रता या शत्रुता नहीं होती, बल्कि देशों के हित सर्वोपरि होते हैं। रूसी डीजल का वैश्विक बाजार में पहुंचना इसी बदलते समीकरण का उदाहरण है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुए समझौते के बाद रूस ने डीजल निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों में आंशिक ढील दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा है कि रूसी डीजल की आपूर्ति अंतरराष्ट्रीय बाजारों में शुरू हो गई है, जिससे तेल बाजार को कुछ स्थिरता मिल सकती है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इससे पूरी तरह संतुलन स्थापित होना संभव नहीं है।

दूसरी ओर, भारत सहित रूसी तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर प्रस्तावित 100 प्रतिशत टैरिफ को लेकर अभी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने संकेत दिया है कि राष्ट्रपति ट्रंप इस संबंध में जल्द निर्णय ले सकते हैं। अमेरिकी कानून रूस से ऊर्जा आयात करने वाले या प्रतिबंधों से बचने में सहयोग करने वाले देशों के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार देता है। सबसे बड़ा प्रश्न अमेरिका की नीति को लेकर है। जब रूस पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई जाती है, तब उसके ऊर्जा खरीदार देशों पर प्रतिबंध लगाने की बात कही जाती है। लेकिन जब वैश्विक बाजार में ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करने की आवश्यकता होती है, तब उसी रूस से तेल आपूर्ति बढ़ाने का आग्रह किया जाता है। यह विरोधाभास बताता है कि वैश्विक राजनीति सिद्धांतों से अधिक व्यावहारिक हितों के आधार पर संचालित होती है।

भारत के लिए यह घटनाक्रम काफी महत्वपूर्ण है। भारत अपनी बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न देशों से कच्चा तेल आयात करता है। रूस से अपेक्षाकृत कम कीमत पर तेल मिलने से भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिला है और घरेलू स्तर पर ईंधन कीमतों को नियंत्रित रखने में सहायता मिली है। ऐसे में किसी भी अतिरिक्त शुल्क या प्रतिबंध का असर भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक हितों पर पड़ सकता है। हालांकि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है। दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर प्रगति हुई है और उम्मीद जताई जा रही है कि बातचीत के माध्यम से मतभेदों का समाधान निकाला जा सकता है।

वैश्विक राजनीति का अनुभव बताता है कि बड़ी शक्तियां अपने आर्थिक और रणनीतिक हितों के अनुसार नीतियां तय करती हैं। अमेरिका की वर्तमान रणनीति भी इसी वास्तविकता को दर्शाती है। वह एक ओर रूस पर दबाव बनाए रखना चाहता है, वहीं दूसरी ओर ऊर्जा बाजार में रूस की भूमिका को नजरअंदाज नहीं कर सकता। इस पूरे घटनाक्रम से यह स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय संबंध भावनाओं से नहीं, बल्कि हितों और परिस्थितियों से संचालित होते हैं। भारत जैसे देशों के सामने चुनौती है कि वे अपनी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और कूटनीतिक संतुलन को बनाए रखते हुए आगे बढ़ें। बदलते वैश्विक समीकरणों में यही सबसे बड़ी आवश्यकता है।

बसपा ने जिला परिषद के 2 तथा पंचायत समिति के 9 प्रत्याशी किए घोषित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। बहुजन समाज पार्टी ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में अपने कुछ प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। इस तरह से इस चुनाव के लिए बसपा ने प्रत्याशी घोषित करने के मामले में बाजी मार ली है। पार्टी ने जिला परिषद के जोन नं. 16 में भागीरथ नायक व जोन नं. 17 में हनुमान पाटवाल को प्रत्याशी बनाया है। सूरतगढ़ पंचायत समिति के जोन 4 में आशासिंह, 9 में हरफूल वाल्मीकि, 18 में चेतन कालवा व 21 में बलराम नायक को प्रत्याशी घोषित किया गया है। श्रीविजयनगर पंचायत समिति के जोन 13 में रोहित व 10 में पृथ्वीराज को प्रत्याशी बनाया गया है। राजियासर पंचायत समिति के जोन 10 में मूली देवी, श्रीगंगानगर साउथ पंचायत समिति के जोन 7 में सुरेन्द्र कुमार रिवाड़ और पदमपुर पंचायत समिति के जोन 7 में जंगीर सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। यह जानकारी बसपा के जिलाध्यक्ष भजनसिंह घारू व महासचिव परमानंद सैन ने दी।

परमानंद सैन ने बताया कि पार्टी ने चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ताओं से आवेदन लेने के लिए जिला परिषद व पंचायत समिति वाइज प्रभारी व सहप्रभारी बना दिए हैं। गंगानगर उत्तर पंचायत समिति में देवकरण नायक व हीरालाल नायक, गंगानगर दक्षिण पंचायत समिति में भजनसिंह घारू व परमानंद सैन, सादुलशहर पंचायत समिति में एड. हरबंस सिंह व मा. कुलदीप सिंह, रायसिंहनगर पंचायत समिति में रामलाल भातीवाला व कृष्णलाल, अनूपगढ़ पंचायत समिति में शंकर लाल मेघवाल, घड़साना पंचायत समिति में डॉ. जसवंत सिंह मट्टू, विजयनगर पंचायत समिति में रवि कड़ेला व पृथ्वीराज मेघवाल, श्रीकरणपुर पंचायत समिति में अशोक कछवाहा व मामराज नायक तथा पदमपुर पंचायत समिति में भजनसिंह घारू को प्रभारी बनाया गया है।

घारू व सैन ने दावा किया कि बसपा इस पंचायत चुनाव में पूरे राज्य में चुनाव लड़ रही है। इसके बाद वर्ष 2028 के चुनाव में कांग्रेस व भाजपा दोनों पार्टियों के सामने बसपा ही तीसरी ताकत के रूप में आएगी। यदि वर्ष 2028 में 10-12 विधायक बसपा के चुने गये तो सरकार बसपा की मदद के बिना नहीं बन पाएगी।

सीईओ एंड एमडी आर. दोराईस्वामी ने पेश किए न्यू जीवन धारा-सैकंड (प्लान 892), हेल्थ शील्ड (प्लान 907) और न्यू कैंसर कवर (प्लान 908)

एलआईसी ने लाँच की 3 नई योजनाएं, रिटायरमेंट, स्वास्थ्य व कैंसर सुरक्षा पर फोकस



मुंबई। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तीन नई योजनाएं लॉन्च की हैं। एलआईसी के सीईओ एंड एमडी आर. दोराईस्वामी ने न्यू जीवन धारा-सैकंड (प्लान 892), हेल्थ शील्ड (प्लान 907) और न्यू कैंसर कवर (प्लान 908) योजनाओं का शुभारंभ किया। इन योजनाओं का उद्देश्य रिटायरमेंट के बाद नियमित आय, परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा और गंभीर बीमारियों के समय आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है।

रिटायरमेंट के बाद गारंटीड आय : एलआईसी की न्यू जीवन धारा-सैकंड (प्लान 892) नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, व्यक्तिगत बचत एवं डेफर्ड एन्युटी योजना है। इसमें स्थगन अवधि पूरी होने के बाद जीवनभर वार्षिकी (एन्युटी) भुगतान की सुविधा मिलती है। योजना में सिंगल और रेगुलर प्रीमियम विकल्प के साथ सिंगल लाइफ एवं जॉइंट लाइफ एन्युटी विकल्प उपलब्ध हैं। पॉलिसी शुरू होने के समय ही गारंटीड एन्युटी दरें निर्धारित की जाती हैं। इसमें डेफरमेंट पीरियड के दौरान अतिरिक्त प्रीमियम देकर टॉप-अप एन्युटी की सुविधा भी ली जा सकती है। न्यूनतम प्रवेश आयु 18 वर्ष है।

परिवार के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा कवच : हेल्थ शील्ड (प्लान 907) नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, व्यक्तिगत प्योर रिस्क हेल्थ प्लान है। यह अस्पताल में भर्ती होने पर दैनिक अस्पताल नकद लाभ तथा बड़ी सर्जरी या गंभीर बीमारी की स्थिति में एकमुश्त भुगतान प्रदान करता है। योजना में पूरे परिवार के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का विकल्प उपलब्ध है।

पॉलिसी अवधि के दौरान प्रीमियम स्थिर रहता है। मुख्य बीमित व्यक्ति की आयु 18 से 65 वर्ष तक हो सकती है, जबकि 90 दिन से 20 वर्ष तक के बच्चे भी कवर किए जा सकते हैं। इसमें नो क्लेम बेनिफिट और अतिरिक्त राइडर्स की सुविधा भी उपलब्ध है।

गंभीर बीमारी में आर्थिक सहारा : न्यू कैंसर कवर (प्लान 908) नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड व्यक्तिगत हेल्थ प्योर रिस्क प्लान है। इसमें कैंसर की शुरूआती अवस्था में बीमित राशि का 25 प्रतिशत और गंभीर अवस्था में 100 प्रतिशत भुगतान किया जाता है। मेजर स्टेज कैंसर की स्थिति में 10 वर्षों तक मासिक आय लाभ भी दिया जाता है। इसमें स्थिर या बढ़ती बीमित राशि का विकल्प उपलब्ध है। योजना में प्रीमियम माफी लाभ भी शामिल है। प्रवेश आयु 18 से 65 वर्ष तक है तथा प्रीमियम भुगतान अवधि 10 से 15 वर्ष निर्धारित है। अधिकतम बीमा राशि 50 लाख रुपये तक रखी गई है।

किसान आंदोलन जारी; सिंचाई पानी के समझौते पर सस्पेंस, चक्काजाम स्थगित

किसान नेता बोले- सात बारी पानी पर लिखित सहमति के बिना जारी रहेगा महापड़ाव

सीमा सन्देश # घड़साना

आईजीएनपी की अनूपगढ़ शाखा में सिंचाई पानी और किसान हितों से जुड़ी मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन में बुधवार को नया घटनाक्रम सामने आया। गैर राजनीतिक संगठन खेत बचाओ किसान बचाओ संघर्ष समिति की ओर से 10 सितम्बर से एसडीएम कार्यालय घड़साना के समक्ष जारी महापड़ाव के बीच 14 अक्टूबर को सुबह 8 बजे शुरू किया गया अनिश्चितकालीन चक्काजाम शाम करीब 5 बजे स्थगित कर दिया गया। हालांकि, किसानों का महापड़ाव अभी भी जारी है।



एडीएम के साथ वार्ता, सरकार को भेजा गया प्रस्ताव : किसान नेताओं और प्रशासन के बीच पंचायत समिति भवन में अतिरिक्त जिला कलक्टर अशोक सांगवा की मौजूदगी में वार्ता हुई। बताया गया कि प्रशासन और भाजपा की हाई पावर कमेटी के प्रयासों से किसानों की 11 प्रमुख मांगों से संबंधित विशेष प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। किसान नेता नरेंद्र मान ने बताया कि प्रशासन के साथ वार्ता सकारात्मक रही है। किसानों की ओर से मांग पत्र सौंपा गया, जिसके आधार पर प्रशासन ने पूरा विवरण और प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेज दिया है। उन्होंने कहा कि अब मांगों पर सहमति बनने की उम्मीद है। 15 अक्टूबर को घड़साना में सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर अरुण सिडाना और अन्य अधिकारी किसान नेताओं से वार्ता करेंगे। इसी बैठक में सिंचाई पानी को लेकर पक्का और लिखित समझौता होने की संभावना है।

वायरल पत्र से उठे सवाल : वार्ता के बाद सोशल मीडिया पर एक सरकारी पत्र वायरल हुआ, जिसे एसडीएम कार्यालय की ओर से जिला कलेक्टर को भेजा गया बताया जा रहा है। पत्र में किसानों की 11 मांगों का विवरण दिया गया है और करीब 14 किसान नेताओं के हस्ताक्षर होने की बात कही जा रही है। पत्र में उल्लेख है कि किसान प्रतिनिधिमंडल ने पहले अनूपगढ़ शाखा में 6 बारी सिंचाई पानी और समीक्षा के बाद 1 बारी देने की बात रखी थी। इसके बाद प्रशासन की समझाइश पर 5 बारी पानी और जनवरी में समीक्षा बैठक के बाद 2 बारी देने पर सहमति जताई गई।

किसान नेता ने सहमति से किया इनकार : वायरल पत्र को लेकर किसानों में चर्चा शुरू हो गई है। किसान नेता नरेंद्र मान ने स्पष्ट किया कि किसान प्रतिनिधिमंडल ने 5 बारी पानी की कोई सहमति नहीं दी है। उन्होंने कहा कि किसानों की मांग कुल 7 बारी सिंचाई पानी की है और जब तक इस संबंध में लिखित समझौता नहीं होता, तब तक महापड़ाव जारी रहेगा। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ऐसी कोई सहमति नहीं दी गई तो पत्र पर करीब 14 किसान नेताओं के हस्ताक्षर कैसे हुए। वहीं, किसानों के बीच यह भी चर्चा है कि कहीं यह पत्र गलत तरीके से तो प्रस्तुत नहीं किया गया।

कई मांगों को लेकर जारी है आंदोलन : संघर्ष समिति ने आंदोलन की शुरूआत में सिंचाई पानी की कमी से प्रभावित फसलों की क्रॉप कटिंग करवाकर विशेष गिरदावरी, फसल बीमा योजना के क्लेम भुगतान, अनूपगढ़ शाखा का पानी रिजर्व रखने, क्षेत्र के लिए छह माह का रेगुलेशन एक साथ जारी करने और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के तबादले सहित कई मांगें उठाई थीं।

चीफ इंजीनियर प्रदीप रस्तोगी के तबादले के बाद किसान नेता नरेंद्र मान लगातार कह रहे हैं कि आंदोलन की मांगों में केवल एक हिस्सा पूरा हुआ है, जबकि बाकी साढ़े तीन मांगों पर अभी निर्णय होना बाकी है। किसानों की नजर अब 15 अक्टूबर को होने वाली वार्ता पर टिकी है।

गोसेवा व समाजहित के लिए खोथ परिवार ने दिए एक लाख



सीमा सन्देश # खोथांवाली। स्व. कमला देवी (धर्मपत्नी स्व. रणजीत खोथ) की पुण्य स्मृति में उनके पौत्र नरेश खोथ ने गौसेवा एवं समाज कल्याण की प्रेरणादायी पहल की। उन्होंने श्री श्याम गौशाला, खोथांवाली में शैड निर्माण के लिए 51 हजार रुपये रु. तथा गांव की कल्याण भूमि में 52 हजार रुपये की लागत का डी-फ्रीजर भेंट किया। कुल 1.03 लाख रुपये का यह सहयोग पूर्वजों के प्रति श्रद्धांजलि और समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

डीएसपी विष्णु खत्री के एपीओ पर व्यापारियों में रोष

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष तरसेम गुप्ता के नेतृत्व में विभिन्न व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने उप पुलिस अधीक्षक (शहर) विष्णु खत्री को एपीओ किए जाने पर रोष जताया है। प्रतिनिधिमंडल ने अति. जिला कलक्टर (सतर्कता) अश्विन के. पंवार और अति. पुलिस अधीक्षक (महिला अपराध) रघुवीर प्रसाद शर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक को ज्ञापन भेजकर मांग की कि आरोपों की निष्पक्ष जांच पूरी होने तक उन्हें पद पर यथावत रखा जाए। संयुक्त व्यापार मंडल महासचिव अमित चुघ रोमी ने बताया कि व्यापारियों ने विष्णु खत्री को व्यवहार कुशल, कर्तव्यनिष्ठ और संवेदनशील पुलिस अधिकारी बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रहा तथा आमजन और व्यापारियों में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने कहा, शहर में कानून-व्यवस्था, शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने में विष्णु खत्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके एपीओ होने से व्यापारियों व आमजन में असंतोष है। ज्ञापन देने वालों में विभिन्न व्यापारिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे।

दिल्ली दौरे में विकास व जल परियोजनाओं पर केन्द्रित रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

पीएम मोदी से शिष्टाचार भेंट, पेयजल एवं सिंचाई परियोजनाओं पर चर्चा

जयपुर। पंचायत चुनावों के बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का गुरुवार का दिल्ली दौरा विकास और जल प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित रहा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में राजस्थान विकास और सुशासन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट कर प्रदेश की पेयजल उपलब्धता, सिंचाई सुविधाओं और जल प्रबंधन से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने यमुना, किशाऊ, नर्मदा तथा राम जलसेतु लिंक परियोजनाओं सहित विभिन्न जल समझौतों में केंद्र सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2047 तक विकसित राजस्थान के लक्ष्य के साथ आधारभूत ढांचे, निवेश और जल संसाधनों के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार जनकल्याण और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के इस दौरे को विकास परियोजनाओं में केंद्र-राज्य समन्वय को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषकर अंतरराज्यीय जल परियोजनाओं की प्रगति से भविष्य में प्रदेश की पेयजल और सिंचाई व्यवस्था को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।



भरत मिलाप ने किया भावविभोर

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। श्री हनुमान राम नाटक समिति द्वारा सुखाड़िया सर्किल रामलीला मैदान में मंचित दिव्य रामलीला में भगवान श्रीराम के वनवास से जुड़े अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण प्रसंगों का मंचन किया गया। रामलीला प्रभारी मनीष असीजा ने बताया कि लीला में महाराज दशरथ का देवलोक गमन, भगवान श्रीराम एवं भक्त केवट का पावन प्रसंग, निषादराज से श्रीराम की भेंट तथा भरत मिलाप के दृश्य प्रस्तुत किए गए। महाराज दशरथ के श्रीराम-वियोग में प्राण त्यागने के मार्मिक दृश्य ने उपस्थित श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं। केवट प्रसंग में भगवान श्रीराम और भक्त केवट के बीच श्रद्धा, समर्पण और भक्ति का अद्भुत भाव देखने को मिला। वहीं निषादराज की भगवान श्रीराम के प्रति अगाध श्रद्धा तथा भरत के श्रीराम के प्रति प्रेम, त्याग और समर्पण ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। भरत मिलाप के दौरान भाई-भाई के प्रेम, त्याग और मयार्दा का जो अद्भुत संदेश प्रस्तुत हुआ। श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयघोष के साथ भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

यासमीन मिस फ्रेशर और गुरवीर मिस्टर फ्रेशर

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्री गुरु नानक खालसा पीजी कॉलेज में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आपसी परिचय बढ़ाने, नई मित्रता विकसित करने और महाविद्यालयीन जीवन की यादगार शुरूआत करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। खेलकूद एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों ने भी सहभागिता की, जिससे शिक्षक-विद्यार्थी संबंधों में आत्मीयता व संवाद को प्रोत्साहन मिला। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण नवप्रवेशी छात्रा एवं छात्र के चयन की प्रतियोगिता रही। इसमें यासमीन वर्मा को मिस फ्रेशर तथा गुरवीर सिंह अरोड़ा को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुप्रिया जैन ने कहा कि महाविद्यालय में प्रवेश विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जहाँ उन्हें शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे गुणों को विकसित करने के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करने और अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

विश्व एनेस्थीसिया दिवस (16 अक्टूबर) पर विशेष | **सर्जरी से पहले, दौरान और बाद तक मरीज की सुरक्षा व देखभाल में एनेस्थीसियोलॉजिस्ट की अहम भूमिका**

एनेस्थीसिया: दर्दरहित शल्य चिकित्सा की आधारशिला, मरीज की संपूर्ण उपचार यात्रा का अभिन्न साथी

एक समय था जब शल्य चिकित्सा मरीजों के लिए अत्यंत पीड़ादायक और जोखिमपूर्ण अनुभव होती थी। एनेस्थीसिया की खोज ने चिकित्सा विज्ञान में क्रांतिकारी बदलाव लाकर इस स्थिति को पूरी तरह बदल दिया। आज किसी भी प्रकार की सर्जरी, प्रसव या जटिल चिकित्सा प्रक्रिया को सुरक्षित, नियंत्रित और लगभग दर्दरहित ढंग से करना संभव हो सका है। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 16 अक्टूबर को विश्व एनेस्थीसिया दिवस मनाया जाता है, ताकि एनेस्थीसियोलॉजिस्ट की विशेषज्ञता और रोगियों की सुरक्षित एवं दर्दमुक्त चिकित्सा में उनके योगदान को सम्मान दिया जा सके।

विश्व एनेस्थीसिया दिवस का इतिहास : विश्व एनेस्थीसिया दिवस का इतिहास 16 अक्टूबर 1846 से जुड़ा है। इसी दिन अमेरिका के बोस्टन स्थित मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल में दंत चिकित्सक डॉ. विलियम थॉमस ग्रीन मॉर्टन ने पहली बार ईथर एनेस्थीसिया का सफल सार्वजनिक प्रदर्शन किया। इस दौरान एक मरीज के गले से ट्यूमर बिना दर्द के निकाला गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि ने आधुनिक शल्य चिकित्सा की दिशा बदल दी और एनेस्थीसियोलॉजी को चिकित्सा विज्ञान की एक स्वतंत्र एवं महत्वपूर्ण विशेषज्ञता के रूप में स्थापित किया।



डॉ. राजेंद्र गर्ग, विभागाध्यक्ष एनेस्थिसिया विभाग महाराजा गंगासिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज संबंध जिला चिकित्सालय, श्रीगंगानगर

भारत में ईथर एनेस्थीसिया का पहला सार्वजनिक प्रयोग 22 मार्च 1847 को कोलकाता में किया गया था।

एनेस्थीसिया क्या है?

एनेस्थीसिया का शाब्दिक अर्थ है-संवेदना का समाप्त या कम हो जाना। इसके लिए प्रयुक्त दवाओं को एनेस्थेटिक्स कहा जाता है। इनका उपयोग सर्जरी या चिकित्सकीय जांच के दौरान शरीर के किसी हिस्से को सुन्न करने अथवा मरीज को नियंत्रित रूप से बेहोश करने के लिए किया जाता है। आधुनिक चिकित्सा में एनेस्थीसिया केवल बेहोशी तक सीमित नहीं, बल्कि मरीज की संपूर्ण उपचार प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

विश्व एनेस्थीसिया दिवस 2026 की थीम

'सर्जरी से पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी': यह थीम वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ सोसाइटीज ऑफ एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स (डब्ल्यूएफएसए) की 2026-2028 की अध्यक्षीय थीम 'रोगी की संपूर्ण उपचार यात्रा में एनेस्थीसियोलॉजी' के अनुरूप है। इसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि एनेस्थीसियोलॉजिस्ट की भूमिका केवल ऑपरेशन थिएटर तक सीमित नहीं होती, बल्कि उपचार के हर चरण में महत्वपूर्ण रहती है।



एनेस्थीसियोलॉजिस्ट की प्रमुख जिम्मेदारियां

- **सर्जरी से पहले :** मरीज की स्वास्थ्य स्थिति का मूल्यांकन, संभावित जोखिमों का आकलन तथा उसे सर्जरी के लिए शारीरिक रूप से तैयार करना।
- **सर्जरी के दौरान :** उपयुक्त एनेस्थीसिया का चयन, दर्द नियंत्रण, हृदय गति, रक्तचाप, श्वसन और अन्य जीवनरक्षक संकेतों की निरंतर निगरानी कर सुरक्षित शल्य चिकित्सा सुनिश्चित करना।
- **सर्जरी के बाद :** मरीज की सुरक्षित रिकवरी, दर्द प्रबंधन, संभावित जटिलताओं की रोकथाम तथा आवश्यकता पड़ने पर गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में गंभीर मरीजों की देखभाल करना।

प्रमुख प्रकार

- **जनरल एनेस्थीसिया :** इसमें मरीज पूरी तरह बेहोश रहता है। इसका उपयोग हृदय, मस्तिष्क, पेट तथा अन्य बड़ी सर्जरी में किया जाता है।
- **रीजनल एनेस्थीसिया :** इसमें शरीर के किसी बड़े हिस्से, जैसे हाथ, पैर या कमर के नीचे के भाग को सुन्न किया जाता है। स्पाइनल, एपिड्यूरल और नर्व ब्लॉक इसकी प्रमुख तकनीकें हैं।
- **लोकल एनेस्थीसिया :** शरीर के किसी छोटे हिस्से को सुन्न कर छोटी शल्य प्रक्रियाएं, जैसे टांके लगाना, तिल हटाना या दंत चिकित्सा, की जाती हैं। इस दौरान मरीज पूरी तरह जागृत रहता है।

आज एनेस्थीसिया आधुनिक चिकित्सा का अनिवार्य स्तंभ बन चुका है। यह केवल दर्द से राहत देने का माध्यम नहीं, बल्कि सर्जरी से पहले की तैयारी, ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा और बाद की सफल रिकवरी तक मरीज की संपूर्ण देखभाल सुनिश्चित करने वाली महत्वपूर्ण चिकित्सा विशेषज्ञता है। विश्व एनेस्थीसिया दिवस हमें उन विशेषज्ञ चिकित्सकों के योगदान को याद करने का अवसर देता है, जिनकी वजह से जटिल से जटिल शल्य चिकित्सा भी सुरक्षित, प्रभावी और अधिक मानवीय बन सकी है।

आपातकालीन स्थितियों में एनेस्थीसिया की भूमिका



एनेस्थीसिया गहन चिकित्सा प्रक्रियाओं, जैसे कि मैकेनिकल वेंटिलेशन के लिए बेहोशी की दवा और अन्य जीवन रक्षक उपायों के सुरक्षित उपयोग को संभव बनाता है। इन प्रक्रियाओं को प्रभावी ढंग से और न्यूनतम असुविधा के साथ संपन्न करके, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स आपातकालीन इकाई की टीम मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। - **डॉ. इन्द्राज सहारण,** प्रभारी, आईसीयू, महाराजा गंगासिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज संबंध जिला चिकित्सालय श्रीगंगानगर

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2021-2023 फोन : 2466402/03, मो. 97833-85185, विज्ञापन विभाग : 2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

खाजूवाला : कांग्रेस गरीब और किसान की पार्टी : गोविन्द राम



सीमा सन्देश# खाजूवाला

खाजूवाला क्षेत्र में प्रथम चरण में होने वाले चुनाव में खाजूवाला पंचायत समिति सदस्य उम्मीदवार अपनी अपनी जीत के लिए दांवपेच लगा रहे हैं। वार्ड नम्बर तीन से कांग्रेस उम्मीदवार सुनीला हरिराम पुनियां के कार्यालय का उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविन्द राम मेघवाल ने किया। इस अवसर पर गोविन्द राम मेघवाल ने कहा कि खाजूवाला पंचायत समिति में प्रधान कांग्रेस का बनाना है। इसके लिए अधिक से अधिक मतदान कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीब व किसान की पार्टी है। कांग्रेस पार्टी 36 कॉम को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। ग्राम पंचायत गुल्लूवाली व 28 केजेडी के मतदाताओं से कांग्रेस प्रत्याशी सुनीला हरिराम पुनियां के पक्ष में मतदान करने का आव्हान किया।

दशरथ मृत्यु प्रसंग देख दर्शकों की आंखों से छलके आंसू



सीमा सन्देश# पदमपुर

नगर पालिका में श्री रामा नाटक क्लब के मंच पर बीति रात्रि केवट प्रसंग व दशरथ मरण दृश्य के मार्मिक मंचन के चलते महिलाओं की आंखों में छल आए। चिरंजीबी गुप्त (श्री राम) हर्ष हरवानी (लक्ष्मण) तुषार खुराना (सीता) काका मदन , कार्तिक बलाना ,मुकेश जुनेजा ,सहित अन्य युवा कलाकारों ने मार्मिक मंचन और प्रस्तुतीकरण से रामलीला देखने आए प्रत्येक दर्शक को प्रभावित किया। केवट यह साबित करता है कि भगवान को भौतिक धन की नहीं, बल्कि शुद्ध हृदय और प्रेम की आवश्यकता होती है, जो कि मिट्टी के बर्तन से प्राप्त की जा सकती है। केवट की भक्ति से प्रसन्न होकर श्री राम उसे निर्मल भक्ति का वरदान देते हैं। श्री राम, सीता और लक्ष्मण के साथ केवट की नाव में गंगा पार करते हैं। श्री राम के पैरों के स्पर्श से नाव के अपवित्र होने का भय के कारण केवट नाव चलाने से मना कर देता है। राजा दशरथ की मृत्यु का दृश्य भगवान राम के वनवास के बाद प्रभावशाली तरीके से मंच पर मनोज शर्मा के नेतृत्व में कलाकारों ने दर्शाया तो बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं की आंखों में भावुकता के आंसू नजर आए और कलाकारों का तालिया बजा कर उत्साहवर्द्धन किया।

पंचायत चुनाव की रणनीति और जिम्मेदारियों को लेकर पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं के साथ किया मंथन

भाजपा पंचायत समिति रायसिंहनगर की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर



भाजपा की पंचायत समिति रायसिंहनगर की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज जाट धर्मशाला रायसिंहनगर में श्रीगंगानगर भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पंचायत चुनाव की तैयारियों, चुनावी रणनीति तथा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पंचायत चुनाव जिला प्रभारी जगबीर छाबा तथा बीकानेर विधायक जेठानंद व्यास विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान पंचायत चुनाव की रणनीति, संगठन के विभिन्न स्तरों पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा आपसी समन्वय को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही, चुनाव संबंधी तैयारियों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने और मंडल स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने पर जोर दिया गया। इस दौरान रायसिंहनगर पंचायत समिति क्षेत्र में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए आवेदन भी प्राप्त किए गए।

जिला महामंत्री सुरेंद्र गोदारा ने बताया कि रायसिंहनगर पंचायत समिति क्षेत्र में अब तक जिला परिषद के 5 जोन में कुल 16 आवेदन तथा पंचायत समिति के 25 जोन में कुल 57 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह,अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद,पूर्व विधायक लालचंद मेघवाल, रायसिंहनगर नगर पालिका चेयरमैन मयंक सिंगल, पंचायत समिति संयोजक भूपेंद्र सिंह गोल्डी, पूर्व प्रधान ओम सारस्वत, पंचायत समिति चुनाव प्रभारी पंकज गहलोत तथा जिला महामंत्री सुरेंद्र गोदारा, मंडल अध्यक्ष मांगीलाल बिश्नोई, प्रदीप खीचड़,उमेश भांभू, रामप्रकाश गोदारा, कंचन नायक,ड़ा अमृतपाल कौर,पृथ्वीराज नायक, शिवशंकर बिश्नोई सहित पार्टी के मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पालिका अध्यक्ष ने जलदाय विभाग के कार्यों का निरीक्षण किया



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्रपाल सिंह टीटी के प्रयासों से स्थानीय जलदाय विभाग में पेयजल की डिग्गियों की सफाई, नवीन फिल्टर, पेयजल आपूर्ति हेतु नई पाइप लाइन बिछाने व अन्य कार्यों हेतु राज्य सरकार द्वारा लगभग पांच करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। गत वर्ष से कार्य चल रहा है, परंतु धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। इसे लेकर नगरपालिका अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा ने पालिका उपाध्यक्ष शेर सिंह खटीक व अपनी टीम को साथ लेकर जलदाय विभाग के निर्माण कार्य का निरिक्षण किया।

उन्होंने सहायक अभियंता घनश्याम वर्मा, कनिष्ठ अभियंता अनूपराम से चल रहे कार्यों पर गहनता से चर्चा करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों का बारीकी से ध्यान रखें। इस अवसर पर रमेश छाबड़ा ने यहां उपस्थित नगर पालिका बोर्ड के पार्षदों एवं अन्य नागरिकों से भी आग्रह किया कि सभी जलदाय विभाग के चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखें।

सामुदायिक कॉम्पलेक्स और सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार की शिकायत



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। सामुदायिक स्वच्छता कॉपलेक्स और सड़कों के निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की गई है। ग्राम पंचायत 6 एफ रड़ेवाला के सीमांत गांव 24 ओ भुट्टीवाला में ग्राम पंचायत का मामला है। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि भ्रष्टाचार हुआ है। समस्त पंचायत रिकॉर्ड, एमबी माप पुस्तिका कैश बुक व स्टॉक रजिस्टर की उच्च सातरीय जाँच की जाए। पंचायत प्रशासन एवं ठेकेदारों की गिलीभगत से स्वच्छ भारत मिशन और पंचायती राज नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई हैं। लाखों रुपये की लागत से बने सामुदायिक स्वच्छता कॉम्प्लेक्स में बिजली-पानी का कनेक्शन नहीं दिया गया है। बिना बुनियादी सुविधाओं के यह पूरा कॉम्प्लेक्स अनुपयोगी बनकर रह गया है। महिला शौचालय पर अवैध ताला लटका रहता है। केवल कागजों में काम दिखाकर पूरा भुगतान उठा लिया गया। कई सड़कों का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन उनके साथ पानी की निकासी के लिए आवश्यक नालियों का निर्माण ही नहीं किया गया।

दीपदान से दिया मतदान का संदेश



सीमा सन्देश# पूगल। पंचायती राज चुनाव 2026 के मद्देनजर स्वीप कार्यक्रम के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग, पूगल द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूगल विकास अधिकारी विनेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग सुपरवाइजर शिवबाला चौधरी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा चारण, कंचन, सुखजीत, माया, सावित्री, जम्मू सहित अन्य ने रंगोली पर दीप प्रज्वलित कर मतदान का संदेश देते हुए सभी को मतदान करने की शपथ दिलाई।

डिवाइडर पर लगी अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद



श्रीकरणपुर। कांग्रेस के पूर्व मंत्री स्वर्गीय गुरमीत सिंह कुन्नर के कार्यकाल में नई धान मंडी पदमपुर रोड के मुख्य द्वार से लेकर भारतमाला रोड तक डिवाइडर सड़क का निर्माण किया गया। इस सड़क के बीच डिवाइडर पर लगभग 60 से अधिक पोल लगाकर स्ट्रीट लाइट लगाई गई, परंतु इसकी सार - संभाल करने की किसी ने आवश्यकता ही नहीं समझी। कुल 60 पोल पर लगी लाइट्स में से मात्र 10 प्रतिशत ही लाइटें जल रही हैं। डिवाइडर रोड पर पदमपुर धान मंडी गेट से लेकर भारतमाला रोड तक डेढ दर्जन से अधिक पोल तो नीचे गिरकर बिखरे पड़े हैं, जिसकी किसी विभागीय अधिकारी को कोई चिंता नहीं है। इन दिनों नगर पालिका एवं विद्युत निगम की ओर से कार्य चल रहा है, लेकिन यह देखना होगा कि इस डिवाइडर रोड की लाइट्स की तरफ ध्यान जाता है या नहीं।

वेटरनरी विवि का नवम् दीक्षांत समारोह आज

बीकानेर। राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर का नवम् दीक्षांत समारोह 16 अक्टूबर (शुक्रवार) को विवि परिसर में आयोजित किया जाएगा। समारोह में राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे विद्यार्थियों को उपाधियां एवं पदक प्रदान करेंगे। समारोह के दीक्षांत अतिथि डॉ. नवीन कुमार, निदेशक, राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, पुणे (महाराष्ट्र) होंगे। कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास ने बताया कि दीक्षांत समारोह के सफल एवं गरिमामय आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि प्रबंध मंडल एवं अकादमिक परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित होने वाले इस समारोह में विद्यार्थियों को कुल 42 पदक और 623 उपाधियां प्रदान की जाएंगी। समारोह को लेकर विवि परिसर में आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया गया है।

रामगढ़ संघर में अखण्ड पाठ शुरू, खेल मुकाबले और 9 कन्याओं की होगी शादी



श्रीकरणपुर। गांव रामगढ़ संघर में स्थित डेरा बाबा संध्या दासजी में दशहरा पर्व उल्लास के साथ मनाया जाता है। यहां गुरुद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब शुरू किय गये। इसके समापन भोग दशहरे के दिन पड़ेंगे। शारीरिक शिक्षक लक्ष्मण सिंह बराड़ ने बताया कि दशहरा पर्व के उपलक्ष में यहां बाबा संध्या दास स्पोर्ट्स की ओर से 18 अक्टूबर को बॉलीवाल मैच करवाया जाएगा। इसमें 16 टीमें भाग लेंगी। 20 अक्टूबर को ओपन कबड्डी होगी, जिसमें प्रथम व द्वितीय पुरस्कार 21 व 15 हजार की राशि दी जाएगी। इसी समारोह के अंतर्गत 19 अक्टूबर को जरूरतमंद परिवारों की 9 कन्याओं की शादी करवाई जाएगी। लंगर भी बरताया जाएगा। मुख्य सेवादार महंत निरंजन दास जी ने सभी क्षेत्र वासियों से इस वार्षिक धार्मिक समारोह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

नन्हे विद्यार्थियों ने कला और संस्कृति का बिखेरा जादू

जैन बाल विहार में डांडिया महोत्सव आयोजित



सीमा संदेश # चुरू

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी बाल विहार विद्यालय में नवरात्र के उपलक्ष्य में डांडिया नृत्य और हस्तनिर्मित सामग्री प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां दुर्गा व गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि सरोज सुराणा, सुरेन्द्र बोथरा, सचिव आनंद बालाण, प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ व विशिष्ट अतिथि रचना कोठारी की उपस्थिति में नर्सरी से द्वितीय कक्षा के बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। जिला पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम. ने पहुंचकर बच्चों द्वारा लगाई गई आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी रचनात्मकता की सराहना की। विद्यार्थियों ने सजावटी सामान, रंगोली व गिफ्ट आइटम बेचकर व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान बसंत कुमार पारख, डॉ. सूरजमल सुराणा, संचालनकर्ता आनंद कंवर सहित समस्त विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शाकम्भरी विद्यापीठ में उत्साह से मनाई डॉ. कलाम जयंती



सीमा सन्देश # सरदारशहर

शाकम्भरी विद्यापीठ उ.मा.वि. में भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती उत्साह से मनाई गई। शुभारंभ प्रधानाचार्य भरत गौड़ एवं निदेशक दिव्या गौड़ ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया। विद्यार्थियों ने उनके जीवन, संघर्ष व राष्ट्र निर्माण में योगदान पर कविता पाठ, भाषण एवं प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किए। साथ ही सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। संचालन व्याख्याता आनंद मीणा व छात्रा डिंपल प्रजापत ने किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को डॉ. कलाम के जीवन से प्रेरणा लेकर बड़े सपने देखने, निरंतर मेहनत करने, अनुशासन अपनाने तथा देश व समाज के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया। इस दौरान ज्योति पारीक, संदीप दर्जी, दीपक सेन व बाल संसद के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सरदारशहर: बेटी को सौंपने की मांग को लेकर टंकी पर चढ़ी महिला, बाल कल्याण समिति के फैसले से थी नाराज

सीमा संदेश # सरदारशहर



राजकीय भरतिया अस्पताल परिसर में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब घांघू गांव की करीब 50 वर्षीय महिला अपनी नाबालिग बेटी को अपने साथ भेजने की मांग को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गई। महिला करीब एक घंटे तक टंकी पर डटी रही, जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर अस्पताल चौकी, कोतवाली, सदर थाना पुलिस व महिला जाब्ता मौके पर पहुंचा। अस्पताल चौकी प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार के अनुसार सदर थाने में नाबालिग लड़की की गुमशुदगी दर्ज थी। पुलिस ने किशोरी को दस्तयाब कर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया था, जहां उसने सगी बहन के साथ जाने की इच्छा जताई। समिति के इसी फैसले से नाराज होकर किशोरी की मां टंकी पर चढ़ गई थी। पुलिस की समझाइश और कार्रवाई के आश्वासन के बाद महिला सुरक्षित नीचे उतर आई, जिसके बाद उसे रवाना कर दिया गया।

सुजानगढ़ में सफाई व्यवस्था को लेकर पार्षदों का प्रदर्शन



सीमा संदेश # सुजानगढ़। शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था और जलभराव की गंभीर समस्याओं को लेकर नगरपरिषद उपसभापति सोनिका पीपलवा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने गुरुवार को नगरपरिषद आयुक्त से मुलाकात की। पार्षदों ने लांडनूं बाईपास, बस स्टैंड और नलिया बास सहित विभिन्न वार्डों में नालों की सफाई न होने से सड़कों पर गंदा पानी फैलने की शिकायत की। उन्होंने ट्रैक्टरों की संख्या बढ़ाने, कचरा तुरंत उठाने और वार्डवार सफाई कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने की मांग रखी। साथ ही, नगरपरिषद एसआई पर फोन न उठाने और शिविरों की सूचना न देने का भी आरोप लगाया गया। आयुक्त ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान अमित मारोठिया, इस्माइल खान, रफीक खींची, बजरंग सैन सहित कई पार्षद व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

श्री सप्तर्षि वेद वेदांग ऋषिकुल में गोष्ठी आयोजित



सीमा सन्देश # सरदारशहर

खंड के श्री सप्तर्षि वेद वेदांग ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा में संस्कृत का महत्व और संस्कृत संभाषण विषय पर गोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य वक्ता कमल शर्मा (क्षेत्रीय संगठन मंत्री, संस्कृत भारती राजस्थान) ने कहा कि संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि आयुर्वेद, योग, ज्योतिष और दर्शन जैसे भारतीय ज्ञान-विज्ञान की कुंजी है। युवाओं को इसे व्यवहार की भाषा बनाकर भारत को विश्वगुरु बनाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि विमल कुमार (प्रांत संगठन मंत्री) ने विद्यार्थियों को सरल संस्कृत संभाषण का अभ्यास कराया। डॉ. विश्वेश्वर शर्मा ने नई शिक्षा नीति में संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। वेदाध्यापक रामदेव पारीक ने स्वागत किया। अध्यक्षता डॉ. अविनाश पारीक ने की, संचालन राकेश कुमार शर्मा ने तथा आभार प्रधानाचार्य भेरूदान पारीक ने व्यक्त किया। इस दौरान घनश्याम शर्मा, विनोद शर्मा, पंकज बोचीवाल, बिशनलाल पुरोहित, विकास पारीक व रामचंद्र दाधीच मौजूद रहे।

नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सीमा संदेश # सादुलपुर। कस्बे के गवर्नमेंट कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुलिस थाना के सब इंस्पेक्टर सत्यप्रकाश जांगिड़ ने विद्यार्थियों को नशे के बढ़ते नेटवर्क, इसके दुष्प्रभावों और नशे से जुड़े अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने नशे को युवाओं के भविष्य और समाज के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए नशे से दूर रहने तथा नशे की गिरफ्त में आए लोगों को उपचार दिलाने में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य जगबीर सिंह ने की। इस दौरान एनएसएस नोडल अधिकारी डॉ. अनीता गोस्वामी और डॉ. सीडी चारण ने भी नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का संदेश दिया।

सरदारशहर में भाजपा चुनाव तैयारी शुरू, आवेदन आए



सीमा सन्देश # सरदारशहर

आगामी पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों को लेकर गुरुवार को स्थानीय भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं एवं भावी प्रत्याशियों से आवेदन लिए गए। इच्छुक प्रत्याशियों ने पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां एवं पूर्व विधायक अशोक पींचा को अपने आवेदन सौंपे। इस दौरान पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने सांगठनिक विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति और सबसे बड़ी पूंजी है। वहीं, पूर्व विधायक अशोक पींचा ने कहा कि भाजपा सरदारशहर, सरदारशहर पूर्व, भानीपुरा पंचायत समितियों तथा संबंधित जिला परिषद क्षेत्रों में भगवा परचम फहराने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी। उन्होंने कार्यकताओं से क्षेत्र के विकास और पार्टी की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनीष रिणवां, मुरलीधर सैनी, नीरज माटोलिया, समुद्र हुड्डा व विक्रम सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पंचायतीराज चुनाव : कलक्टर व एसपी ने किया निरीक्षण



सीमा सन्देश # सरदारशहर

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 को लेकर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा तथा पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने गुरुवार को एसबीडी कॉलेज स्थित स्ट्रॉन्ग रूम, ईवीएम डिस्पैच एवं संग्रहण केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने पुलिस थाने में बैठक लेकर चुनावी तैयारियों और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने, निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने तथा नामांकन से मतगणना तक सभी चरणों का व्यवस्थित संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं और कार्मिकों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने को कहा। पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस अधिकारियों को पूरी तरह मुस्तैद रहने, स्ट्रॉन्ग रूम एवं मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि चुनाव भयमुक्त वातावरण में संपन्न हो सकें। इस दौरान डीवाईएसपी कुलदीप वालिया, बीडीओ महेंद्र सोलंकी, तहसीलदार मुकुल, भानीपुरा तहसीलदार ओमप्रकाश व एसएचओ धीरेन्द्र सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

वर्ग पहली क्रमांक 7950



बायें से दायें:- 1) ईर्ष्या; क्रोध, 3) मिट्टी का तेल, 6) हिमालय में स्थित एक झील, 8) कामदेव, 9) आतिशबाज़ी की गोली, 10) रत्न, 13) शिष्टाचार, 15) कुल, 16) सूद, 17) व्यस्त, 19) शेष, 20) महकना, 22) दंगा, 23) शरारत; चेष्टा, 24) वीर, 25) ठाट-बाट; डींग, 27) कोई और, 28) ख़ाविंद.

ऊपर से नीचे:- 1) चमचागीरी, 2) हिंदी में *सोशलिज़्म*, 3) ज़ख़्म, 4) संरक्षक, 5) बूँदा-बाँदी, 7) कांतियुक्त, 11) गंध, 12) सहयात्री, 13) एक मोटा सौंप, 14) वृद्धी, 18) वृक्ष का घड़, 19) शहंशाह, 21) अपने लार से जाला बुननेवाला कीड़ा, 23) खुशी; आनंद, 24) *O*, 26) पुल्लिंगीय *(प्राणी)*.

(उत्तर: अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

प्र	सू	ता		श		त		आ	दी
		क़	द	म		ब	ल	वा	न
आ	द	त		त	स	ला		ग	
	ई		अ		मा			म	सा
	ना	म	नि	शा	न		अ	न	र्थ
शु	क		य		ता	क	ना		क
रु		शा	मि	ल		र	ज	क	
आ	पा		त		श	व		च्य	रा
त	रा	जू		ट	मा	ट	र		ज्ञ

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 16 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं -

1951: पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की रावलपिंडी में गोली मारकर हत्या।

1959: राष्ट्रीय महिला शिक्षा परिषद की स्थापना।

1964 : परमाणु स्पर्धा में शामिल होने को उत्सुक चीन ने अपने पहले परमाणु बम का सफल परीक्षण किया।

1968: हरगोविंद खुराना को चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

1978 : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने पाकिस्तान में फैसलाबाद टेस्ट से अपने क्रिकेट जीवन की शुरूआत की ।

1984: दक्षिण अफ्रीका के सामाजिक कार्यकर्ता डेसमंड टुटु को शांति के लिये नोबेल पुरस्कार दिया गया।

1999: अमेरिका ने सैन्य शासन के विरोध में पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाया।

2003: मलयाली फिल्मकार अडूर गोपाकृष्णन को फ्रांस के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान कमांडर ऑफ द आर्डर ऑफ आर्ट्स एंड लैटर्स से सम्मानित किया गया।

2004: अमेरिका ने इराकी अबू मुसार जल जरकावी के संगठन को आतंकवादी संगठन घोषित किया।

2011: भारतीय मूल के धावक 100 वर्षीय फौजा सिंह ने सबसे अधिक उम्र में टोरंटो वाटर फ्रंट मैराथन पूरी की।

2012: सौरमंडल के बाहर एक नए ग्रह अल्फा सेंचुरी बीबी का पता चला।

2020 : कविताएं पढ़ने की अपनी खास शैली के लिए मशहूर बंगाली प्रस्तोता प्रदीप घोष का निधन।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 17 अक्टूबर (एनएनएस) शनिवार अश्विन सुदी सप्तमी को ग्वार, ग्वारगम, जौ, जई, काबुली चना, मसूर, उड़द, तुवर, पिस्ता, हल्दी, कालीमिर्च, गोंद, बेलगिरी, जायफल, जावित्री, सौंफ, अजवायन, कमरकस, देसी घी, दूध पाउडर, टिन, जस्ता, पीतल, सीसा, सोया तेल, वनस्पति घी, गुड़-चीनी में लाभ तथा गेहूं बारीक चावल, मक्की बाजरा, लोबिया, पाम ऑयल, मूंग, लौंग, दालचीनी, सौंठ, अखरोट, छोटी इलायची, बड़ी इलायची, काजू, गोला, पोस्तदाना, बारदाना, सरसों, बिनौला एवं इसके तेल, मगज तरबूज, छुआरा, कॉपर, निकिल में हानि की संभावना है। भाग्यांक 4-6-8-9 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 3.06 बजे सायंकाल के बाद यात्रा शुभ होगी।

आज का राशिफल

16 अक्टूबर शुक्रवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल षष्ठी, नक्षत्र-ज्येष्ठा, योग-शोभन, करण-कौलव, दिशाशूल-पश्चिम, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : चंद्रमा धनु राशि में, सूर्य कन्या राशि में, बुध और शुक्र तुला राशि में तथा गुरु और मंगल कर्क राशि में राहू- कुंभ, केतु- सिंह राशि, शनि- मीन संचार कर रहे हैं।

मेष: तनाव दूर करने के लिए सैर करें और सेहत का ध्यान रखें। करियर में संतुलन बनाए रखें, सिंगल लोगों की जिंदगी में नए व्यक्ति की एंट्री हो सकती है।

वृषभ: मेहनत और लगन से कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। ऑफिस के काम में व्यस्तता रहेगी, जबकि प्रेम जीवन में रोमांस बढ़ेगा।

मिथुन: आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, लेकिन जरूरी फैसले जल्दबाजी में न लें। कार्यक्षेत्र में भावनाओं पर नियंत्रण रखें और बीच-बीच में आराम करें।

कर्क : कार्यस्थल का तनाव घर न लाएं और सेहत पर ध्यान दें। निवेश करने से बचें, कुछ लोगों को राजनीतिक लाभ मिल सकता है।

सिंह: बॉस की सलाह पर ध्यान दें और खानपान को स्वस्थ रखें। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनाए रखने के लिए साथी के साथ समय बिताएं।

कन्या: तनाव महसूस हो सकता है, लेकिन नए विचार करियर में सफलता दिला सकते हैं। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलने की संभावना है।

तुला: वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति सकारात्मक रहेगी, काम और निजी जीवन में संतुलन रखें।

वृश्चिक: साहस और सही सोच से प्रेम जीवन को बेहतर बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में दबाव बढ़ सकता है, इसलिए संतुलन बनाए रखें।

धनु: दिन सुख-समृद्धि से भरा रह सकता है, लेकिन पैसों के मामले में सतर्क रहें। काम के बीच आराम करें और सेहत के लिए पौष्टिक पेय लें।

मकर: आत्मविश्वास के साथ नए अवसरों की तलाश करें और अपनी क्षमताओं पर भरोसा रखें। मानसिक स्वास्थ्य और आत्मदेखभाल पर विशेष ध्यान दें।

कुंभ: मन और शरीर के बीच अच्छा तालमेल बना रहेगा, जिससे दिन बेहतर हो सकता है। साथी से भावनाएं साझा करें और तनाव दूर करने के लिए योग करें।

मीन: करियर में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और आप उत्साह से काम करेंगे। आर्थिक समस्याओं पर साथी से सलाह लें और अपनी अलग पहचान बनाने से न डरें।

अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में महिला खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

अस्मिता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग लीग संपन्न

श्रीगंगानगर। स्थानीय अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज में केंद्र सरकार द्वारा संचालित अस्मिता खेलो इंडिया महिला वेटलिफ्टिंग लीग 2026 के तहत विभिन्न भार वर्गों में महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ बजरंगबली की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि एसडीएम श्रीकरणपुर सुमित्रा बिश्नोई ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान जिला खेलकूद अधिकारी हरजिन्द्र सिंह बराड़, वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन सचिव रवि शर्मा, राम विनोद शर्मा, चन्द्रशेखर बिनावरा, सत्यानारायण माली, रामअवतार, गोविन्द, गोवर्धन, अनिल चुघ, जिला सचिव साहबराम, ट्रस्ट चेयरमैन श्याम सुन्दर गीदड़ा, निदेशक डॉ. ओपी. गुप्ता, संयुक्त निदेशक डॉ. सुरेश मंगल, अकादमिक निदेशक प्रो. हेमंत शर्मा, प्राचार्य डॉ. सरला सिंगला और संकाय सदस्य मौजूद रहे। प्रतियोगिता में जोधपुर, चुरू, बीकानेर, हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिलों की खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न भार वर्गों के मुकाबलों में 45 किग्रा वर्ग में आरती आहुजा ने कुल 69 किग्रा भार उठाकर गोल्ड, माया ने 57 किग्रा से रजत और खुशी ने 52 किग्रा भार से कांस्य पदक जीता।



अलग अलग भार वर्ग में यूं रहा खिलाड़ियों का प्रदर्शन

49 किग्रा वर्ग में कोमल ने कुल 98 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण, कंचन ने 98 किग्रा से रजत व कौशल्या ने 95 किग्रा से कांस्य पदक प्राप्त किया। 53 किग्रा वर्ग में सोनू चौधरी ने 123 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण, संजू ने 120 किग्रा से रजत व रामकन्या ने 106 किग्रा से कांस्य पदक अपने नाम किया। 57 किग्रा वर्ग में मनीषा ने 111 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण, कविता जाखड़ ने 38 किग्रा से रजत व वैष्णवी ने 30 किग्रा से कांस्य जीता। 61 किग्रा वर्ग में अवनी सक्सेना ने स्वर्ण, गगनदीप ने रजत व साधना ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 69 किग्रा वर्ग में स्वाति पंवार ने स्वर्ण, दिव्या कीर ने रजत व चेष्ठा शर्मा ने कांस्य पदक जीता। 86 किग्रा वर्ग में जनिशा ने कुल 155 किग्रा उठाकर स्वर्ण, गायत्री कुमावत ने रजत व प्रियंका ने कांस्य पदक प्राप्त किया। 86+ किग्रा वर्ग में अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज की अंजू वर्मा ने कुल 60 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण व मुस्कान ने 54 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक पर कब्जा जमाया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन सुश्री किरण मिश्रा व अलिशा खुसीजा ने किया।

राजस्थानी रामलीला में राम वनवास का मंचन

सूरतगढ़। ब्राह्मण धर्मशाला स्थित हनुमान चौक पर राजस्थानी रामलीला संस्थान द्वारा आयोजित रामलीला की चौथी रात राम वनवास, कैकयी-मंथरा, दशरथ-कैकयी और कौशल्या-राम संवाद के प्रभावशाली दृश्यों का मंचन किया गया। राजस्थानी संवादों, लोकगीतों व सजीव अभिनय से सजे इन प्रसंगों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. उग्रसेन सारस्वत, डॉ. स्वाति सारस्वत व समाजसेवी देशपाल गुप्ता ने भगवान राम की आरती कर किया।



बाल कलाकारों के राजस्थानी लीला गायन के बाद राजा दशरथ के रूप में मनोज कुमार स्वामी ने भावपूर्ण अभिनय किया। आर्य स्वामी ने भगवान राम के रूप में पिता की आज्ञा पालन का प्रभावशाली चरित्र निभाया, वहीं दिव्या भाकर ने माता सीता के रूप में वनवास के अडिग संकल्प का जीवंत अभिनय किया। मुख्य अतिथि डॉ. उग्रसेन सारस्वत ने कहा कि प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक राजस्थानी भाषा को महत्व दिया जाना चाहिए। डॉ. स्वाति सारस्वत ने इसे सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बताया।

मां भगवती के जागरण में भजनों की बही रसधारा

हनुमानगढ़। परचून, सब्जी विक्रेता एवं आढ़ती संघ की ओर से सब्जी मंडी परिसर में मां भगवती का 26वां जागरण बुधवार रात्रि को आयोजित किया गया। जागरण में स्थानीय सहित बाहर से आए श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर मां भगवती के दरबार में शीश नवाया। मां के जयकारों से पूरा परिसर भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर रहे। जागरण में भजन गायक सरजीत कामरा और इति वर्मा ने मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए।

डॉ. बी आर अंबेडकर कॉलेज बना सॉफ्टबॉल चैंपियन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। डॉ. बी आर अंबेडकर महाविद्यालय की सॉफ्टबॉल टीम ने डी.बी.टी. नाल बीकानेर में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। कॉलेज लौटने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। खेल समिति प्रभारी सी.पी. जांदु ने इसे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत व नियमित अभ्यास का परिणाम बताया। प्राचार्य बलवंत सिंह चौहान ने खिलाड़ियों को माला पहना व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल हमें टीम भावना और विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करना सिखाते हैं। इस दौरान कॉलेज के वरिष्ठ संकाय सदस्य, खेल समिति पदाधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एसडी कॉलेज में जैव प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी आयोजित

श्रीगंगानगर। सेठ जीएल बिहाणी पीजी कॉलेज के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उद्घाटन ट्रस्ट महासचिव हिमांशु बिहाणी ने किया। निदेशक डॉ. कविता चौधरी, प्राचार्य डॉ. वरुण माहेश्वरी, उप प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार, डॉ. अमित सिंगला व डॉ. अजय शर्मा मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने सहायक आचार्य मोनिका विग व रेणु सिडाना के मार्गदर्शन में बायोफ्यूल, बायोबैरियर, हाइड्रोपोनिक्स, स्पिरुलिना प्रोडक्शन, डीएनए फिंगर प्रिंटिंग, वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट और होलोग्राम सहित विभिन्न विषयों पर 21 मॉडल प्रस्तुत किए। हिमांशु बिहाणी ने मॉडलों की सराहना करते हुए दो विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई ब्रेड को भी चखा। विभागाध्यक्ष डॉ. जैनेन्द्र भाटी ने बताया कि इन मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी के व्यावहारिक उपयोगों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।



सूरतगढ़ : बाल वाटिका में बाल मेला आयोजित

सूरतगढ़। पीएम श्री सेठ रामदयाल राठी राउमावि में बाल वाटिका व प्राथमिक कक्षाओं के लिए पहले बाल मेला आयोजित किया गया। खिलौना निर्माण, कहानी सुनाने और स्थानीय खेलों के जरिए बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति अध्यक्ष शोभारानी, प्रधानाचार्य डॉ. संजीव मदान, कैलाश कुमारी व उप-प्राचार्य संजय भादू ने किया। प्रभारी पवन कुमार ने इसे सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। डॉ. मदान ने शिक्षा में परिवार की सहभागिता पर बल दिया। मोनिका रानी, जसराम, रोहिताश, विवेकानंद, सुमन, मनीषा व सानिया ने सहयोग किया। संचालन मोहनलाल शर्मा ने किया।



श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8460-8049 (आ. 191 क्विं.), मूंग 8650-6625 (आ. 1203 क्विं.), ग्वार 8141-7225 (आ. 180 क्विं.), नरमा 9046-8850 (आ. 1427 क्विं.), कपास 9076-8850 (आ. 50 क्विं.), **श्रीकरणपुर :** नरमा 9190-9081, मूंग 8446-7970, **गजसिंहपुर:** नरमा 9031-9160, कपास 8300, मूंग 7500-8475, बाजरा 2370, गेहूं 2620, **रायसिंहनगर:** सरसों 8250-8360, गेहूं 2700-2710, मूंग 7951-8701, नरमा 8970-9077, कपास 8852-8866, ग्वार 7591-8000, **जैतसर:** सरसों 8032-8097, मूंग 8352-8860, ग्वार 7500-8337, नरमा 8701-9130, कपास 8581-8582, बाजरी 2614-2615, गेहूं 2600-2685, धान 3525-3650, **घड़साना:** मूंग 8750-7005, नरमा 9050-8940, सरसों 8540-8252, **अनूपगढ़ :** नरमा 9014-8850, मूंग 8765-6800, सरसों 8443-7500, ग्वार 8481-7200, बाजरी 2635-2430, गेहूं 2800-2752 **सब मंडी यार्ड:** गेहूं 2100-2750, सरसों 5500-8350, पीली सरसों 6200-8800, ग्वार 6500-8225, मूंग 5000-8650, नरमा 8000-9051, बाजरी 2000-2540,

किरयाना

किरयाना : धनिया 18500-22000, हल्दी 20000-24500, जीरा 28500-29000, अजवाइन 19500-20000, सौंफ 13000-23000, मेथी 8200, खोपरा 1900, गट गोला 475 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 3000-3200, मिर्च एमपी 20000-24000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 22000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1440, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1530, बेसन 9400, चावल टुकड़ी 3500-3700, चावल डबल छनाई 3800-4400, चावल सेला 3900, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10900, मूंग छिल्का 10500, उड़द धुली 12500-13500, उड़द साबुत 11500-12000, अरहर दाल 13000-13500, दाल मसूर 7900-8000, दाल चना 8900, देशी चना 7500, सिंगल डालर चना 9000-9500, सिंगल डॉलर चना 9000-9600, डबल डालर चना 10500, काला चना 8400-9000

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5800, गुड़ पेड़ी 5450, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6200, चीनी महाराष्ट्र 5900, चीनी एल 6250, चीनी एम 6000, चीनी श्रीगंगानगर 6400।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 160 रु., तेल रिफाइंड 125-130 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 9800-10300 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 550 -650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 9800 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 550 रु., पंजाब किंग : 9400रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 530 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 650 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 590 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8876, नरमा व्यापारी 8960, बाजरा 2550, ग्वार 7826, मूंग 8280, धान 2146, **डबली राठान :** नरमा 8858, ग्वार 7737, धान 2148, **हनुमानगढ़ टा :** कपास 9086, नरमा 9160, बाजरा 2471, ग्वार 7726, मूंग 8490, धान 2217, **रावतसर :** कपास 8350, नरमा 8961, गेहूं 2725, बाजरा 2471, ग्वार 8000, मूंग 8200, मोठ 8821, तारामीरा 6881, तिल 13600, अरण्डी 7550, मूंगफली 7100, **नोहर :** गेहूं 2755, ग्वार 7769, चना 7128, मूंग 8500, मोठ 8752, सरसों 7820, अरण्डी 7550, मूंगफली 7500, **भादरा :** गेहूं 2820, बाजरा 2449, ग्वार 7368, मूंग 8100, **संगरिया :** नरमा 8950, बाजरा 2491, ग्वार 7501, चना 6450, मूंग 7740, सरसों 8163, **गोलूवाला :** नरमा 9025, गेहूं 2670, ग्वार 8000, चना 6700, मूंग 8450, सरसों 8134, **पीलीबंगा :** नरमा 9004, गेहूं 2739, बाजरा 2631, ग्वार 8021, मूंग 8619, सरसों 8230, धान 2311

गंगनहर का वरीयताक्रम

16 अक्टूबर 2026, शुक्रवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
एफ	753 (7)	09 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	17 अक्टूबर प्रात : 6 बजे
एलएनपी	1030 (8)	08 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	16 अक्टूबर सायं 3 बजे
केके	1043 (7)	09 अक्टूबर प्रातः 3 बजे	16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
ईईए	1103 (7)	09 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	16 अक्टूबर सायं 3 बजे
बीबी	1301 (4)	12 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	20 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
एमके	1399(3)	13 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	21 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
एच	1706(2)	14 अक्टूबर प्रातः 6 बजे	21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
वाई	1737		
जैड	1892		
डी-भागसर	1910		
बीआईएफ+जे	1951		
पीएस	2111		
समेजा	2313		
आरबी	2583		
एचएच	2618		
रिडमलसर	2629		
फार्म	2690		
जीजी	2891		
हिरणावाली	2913		
नेतेवाला	2934		
एमएल	2994		
एमएलए	3035		
करणीजी	3365		14 अक्टूबर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में गुरुवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1479 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	9446	साहवा	482
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	540
रावतसर	67	बिरधवाल हैड से नीचे	6213
सूरतगढ़	1855		
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

मंगलवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 15.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.79
पानी की आवक - 11612 क्यूसेक, निकासी- 14000 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1362.25
पानी की आवक- 5569 क्यू., निकासी- 11011 क्यू., बीकानेर - 1956

सार्दुल ब्रांच 895, करणीसिंह ब्रांच- 305, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

हरिपुरा	37	नाथवाना	1188
दीनगढ़	50	रतनपुरा	1200
सूरतपुरा	59	भाखरांवाली	1205
मोडिया	314	करनीसिंह	1535
लोंगवाला	549	मम्मड़खेड़ा	1730
पीलीबंगा	674	जोड़कियां	1810
अमरपुरा	790	सूरतगढ़	1930
रोड़ांवाली	803	भगतपुरा	1968
नवां-सतीपुरा	814	संगरिया	1974
मोरजण्डा	1027	नगराना	1982
प्रतापपुरा	1157	लीलांवाली	2222

शेयर बाजार में जोरदार तेजी, सेंसेक्स 1534 अंक उछला

नई दिल्ली । भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को जोरदार तेजी दर्ज की गई। सप्ताह के पिछले कारोबारी सत्र में गिरावट के बाद बाजार में लौटी खरीदारी से बीएसई सेंसेक्स 1,533.72 अंक यानी 2.11 प्रतिशत उछलकर 74,315.61 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 50 में 374.65 अंक यानी 1.66 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई और यह 22,997.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी ने 23,000 का स्तर भी पार किया। बाजार में तेजी की अगुवाई आईटी, निजी बैंकिंग और चुनिंदा बड़ी कंपनियों के शेयरों ने की। टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक और भारती एयरटेल के शेयरों में अच्छी खरीदारी देखने को मिली। निफ्टी 50 में टेक महिंद्रा प्रमुख बढ़त वाले शेयरों में रहा, जबकि आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी बाजार को मजबूती दी। बाजार में व्यापक तेजी के बावजूद कुछ कंपनियों के शेयर दबाव में रहे। नेस्ले इंडिया के शेयर में लगभग 7.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। अडानी एंटरप्राइजेज और ट्रेंट के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। इससे साफ रहा कि तेजी के दौरान भी सभी शेयरों में एक जैसी खरीदारी नहीं हुई।

महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना, खेल संस्कृति को मजबूत करने और नए चैंपियन तैयार करने पर दिया जोर

एशियाड पदक विजेताओं से पीएम मोदी का संवाद, कहा-खेलों में भारत की नई पहचान बन रही

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियन गेम्स 2026 में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ से मुलाकात कर उनके प्रदर्शन की सराहना की। दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों की उपलब्धियां नए भारत की सशक्त तस्वीर पेश करती हैं। इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे भी मौजूद रहीं।



महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियों को बताया गौरव का विषय

प्रधानमंत्री ने एशियाई खेलों में भारतीय महिला खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत ने कुल 85 पदक जीते, जिनमें 38 पदक महिला एथलीट्स के नाम रहे। इनमें 11 स्वर्ण पदक शामिल हैं। उन्होंने महिला हॉकी टीम के 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने को ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

कई खेलों में पहली बार भारत ने रचा इतिहास

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब उन खेलों में भी सफलता हासिल कर रहा है, जिनमें पहले पदक जीतना मुश्किल माना जाता था। तीरंदाजी, शूटिंग, बॉक्सिंग, एमएमए, सॉफ्ट टेनिस और सेलिंग जैसे खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में भारत की भागीदारी लगातार बढ़ रही है और नए रिकॉर्ड बन रहे हैं।

खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रयासों का जिक्र

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्षों में देश में खेलों के लिए बेहतर माहौल तैयार किया गया है। उन्होंने टॉप्स योजना और खेलो इंडिया जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में खेल प्रतिभाओं की तलाश की जा रही है और गांव-गांव से नए खिलाड़ियों को आगे लाया जा रहा है।

युवाओं को नए संकल्प

प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से कहा कि बड़े सपने एक दिन में पूरे नहीं होते। इसके लिए वर्षों की मेहनत, अनुशासन और धैर्य जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों को हर मैदान पर तिरंगे की शान बढ़ाने, नए चैंपियन तैयार करने और नए रिकॉर्ड बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना भी सिखाते हैं। पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से अपने अनुभव नई पीढ़ी के साथ साझा करने की अपील की।

विकसित भारत के लक्ष्य में खेलों की भूमिका

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक, 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक की तैयारी को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि देश का युवा हर लक्ष्य हासिल करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि खेलों में सफलता विकसित भारत 2047 के संकल्प को मजबूत करेगी।

5 माह पूर्व लूटी गई सोने की बाली पीड़ित दंपती को सौंपी

सीमा सन्देश # सादुलशहर। करीब पांच माह पूर्व वार्ड नंबर 6 निवासी महिला जावेदा के कान से सोने की बाली झपटकर भागे बदमाशों को पुलिस ने घटना के 10 मिनट में ही दबोच लिया था। अब न्यायालय के आदेश पर वर्तमान थाना प्रभारी सीआई पृथ्वीपाल सिंह ने बरामद सोने की बाली पीड़िता को सौंप दी। अपनी बाली वापस पाकर दंपती के चेहरे खिल उठे। उन्होंने त्वरित कार्रवाई के लिए तत्कालीन सीआई मलकीयत सिंह मान, एसआई शंभूदयाल स्वामी और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही वारदात की तत्काल सूचना देने वाले रवि गोयल व कुलदीप गोयल का भी धन्यवाद जताया।

एसओजी ने चार डॉक्टर पकड़े

जयपुर। विदेश से एमबीबीएस करने के बाद फर्जी एफएमजीई प्रमाण पत्र के आधार पर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में पंजीयन करवाने के मामले में एसओजी ने चार डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। एसओजी एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि डीग निवासी भारत भूषण, वैर निवासी सौरव शर्मा, हलैना निवासी हिमांशु शर्मा और पहाड़ी निवासी शिवम चौधरी ने 27 से 30 लाख रुपये देकर फर्जी प्रमाण पत्र बनवाए।

रोवर यतिन वर्मा को मिला ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड

उत्कृष्ट योगदान के लिए दिल्ली में मिला सम्मान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड इकाई 79वां राजस्थान ओपन रोवर क्रू के राष्ट्रपति अवार्डी रोवर यतिन वर्मा को दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में ह्यग्लोबल सस्टेनेबिलिटी अवॉर्डह्न से सम्मानित किया गया है। यह अंतर्राष्ट्रीय पहल संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देती है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए यतिन वर्मा का चयन भारत के शीर्ष 35 इंडिविजुअल चेंजमेकर के रूप में किया गया है। कार्यक्रम का छठा संस्करण 10 अक्टूबर को दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस में ए.आर.सी., टेरी और डब्ल्यूडब्ल्यूएफ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इसमें नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रथम भारतीय महिला पैरालंपिक रजत



पदक विजेता डॉ. दीपा मलिक और मैग्सेसे पुरस्कार विजेता डॉ. अंशु गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस उपलब्धि पर स्थानीय संघ अध्यक्ष एडवोकेट विनोद गोयल, सीओ स्काउट इन्द्राज सुथार, सीओ गाइड मोनिका यादव, चेयरमैन बलदेव नागपाल, सचिव राम कुमार स्वामी, वरिष्ठ स्काउटर शशि कुमार शर्मा, मनोहर लाल, रोवर लीडर प्रेम गम्भीर और सभी रोवर्स ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

नगरपालिका में शिविर के दौरान हुए विभिन्न कार्य

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। नगरपालिका भवन में सेवा सेतु अभियान के तहत शिविर लगाया गया। अधिशाषी अधिकारी लाजपत बिश्नोई, राजस्व निरीक्षक राजेश कुमार, सहायक प्रशासनिक अधिकारी गोपाल कृष्ण सहित पालिका अध्यक्ष संदीप कुमार व कार्मिक मौजूद रहे। अभियान के दौरान 2 तंबाकू लाइसेंस, नामांतरण, मृत्यु प्रमाण पत्र, 3 पट्टा प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करवाई गई।



ऋण राशि को लेकर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने किया प्रदर्शन



सीमा सन्देश # बींझबायला। ग्राम पंचायत 34 एलएनपी के गांव साबूकी मोड़ में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने घमूड़वाली पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए गांव के गुवाड़ में रोष प्रदर्शन किया। महिलाओं ने एक आशा सहयोगिनी पर ऋण की राशि अपने खाते में डलवाने और उन्हें राशि नहीं देने के आरोप लगाए। इस संबंध में 22 सितंबर को घमूड़वाली पुलिस थाने में शिकायत देने के बावजूद तीन सप्ताह बाद भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर महिलाओं ने नाराजगी जताई है। शिकायत में गुरु अर्जुन स्वयं सहायता समूह की 1 लाख 60 हजार रुपये, जगदंबा आजीविका स्वयं सहायता समूह की 3 लाख 30 हजार रुपये तथा सतनाम सिंह जी स्वयं सहायता समूह की सदस्य महिलाओं की 2 लाख 40 हजार रुपये की राशि निकलवाने का आरोप लगाया गया है। अनुसंधान अधिकारी श्योपत राम ने बताया कि प्रकरण में शिकायतकर्ता महिलाओं और आरोपित महिला के बयान लिए जा चुके हैं।

वार्ड 14 में विकास कार्यों की मांग रखी



गजसिंहपुर। वार्ड नंबर 14 में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग को लेकर पूर्व पार्षद शेरसिंह जांगिड़ ने अधिशाषी अधिकारी लाजपत बिश्नोई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड के 2-3 प्रमुख चौराहों पर स्पीड ब्रेकर बनवाने, 1-2 नई क्रॉसिंग का निर्माण करवाने, नालियों की नियमित सफाई, रोड लाइट लगाने तथा पौधारोपण के साथ ट्री गार्ड लगवाने की मांग की गई है। पूर्व पार्षद ने बताया कि वार्ड के कई स्थानों पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण अंधेरे की समस्या बनी रहती है। इससे चोरी जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है।

अभियान : 13 नामांतरण व 5 पट्टे जारी

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। नगर पालिका सभागार में गुरुवार को सेवा सेतु अभियान के तहत शिविर आयोजित किया गया। इसमें 13 नामांतरण और 5 लीज होल्ड पट्टे जारी किए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत तीसरी किश्त के रूप में 50 हजार रुपये का ऋण भी वितरित हुआ। पालिका अध्यक्ष निखिला छाबड़ा, भाजपा नेता मोहित छाबड़ा, ईओ बब्बू, पार्षद सुखजीत सोखी और राजेंद्र चलाना की उपस्थिति में नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में साफ-सफाई व नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई हुई। ईओ बब्बू ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर सभी सेवाएं उपलब्ध कराना है।



पालिकाकर्मी परिवार की बेटी की शादी में भरा भात

श्रीकरणपुर। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में एक नगर पालिका कर्मी के परिवार की बेटी की शादी में एक नवाचार किया गया। शादी की रस्म अदा करते हुए नगर पालिका स्टाफ की ओर से बालिका की शादी में सवा लाख रुपए का भात भरा गया। ईओ के साथ नरेगा के कनिष्ठ अभियंता गौतम अभिषेक, आरए अंजलि शर्मा, रामस्वरूप सहित अन्य स्टाफ ने उपस्थिति दर्ज करवाई।



राजकीय विद्यालय राजासर बीकान में डिजिटल पहल

भामाशाह के सहयोग से मिले दो इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड



सीमा सन्देश # सरदारशहर। ग्रामीण विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में राउमावि राजासर बीकान में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। भामाशाह प्रदीप सराफ, प्रेरक राजीव उपाध्याय व अन्य शुभचिंतकों के सहयोग से विद्यालय को दो नए इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड मिले हैं। प्रधानाचार्य चारू प्रभा पालीवाल के मार्गदर्शन में हुए इस कार्य से छात्र-छात्राएं चित्रों व वीडियो जैसी डिजिटल सामग्री की मदद से विभिन्न विषयों को आसानी से समझ सकेंगे। एसडीएमसी के ओमप्रकाश सुधार, किशन सुधार, नरेश जोशी व बनवारीलाल ने सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि समाज के सहयोग से सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक सुविधाओं का विस्तार हो रहा है।

सार्वजनिक सूचना

मिकरा चक 3 एलजीडब्ल्यू तहसील सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर राजस्थान की स्थाई निवासी हूँ। मिकरा का सगा भाई मिठू सिंह के नाम से भूमि वाके रोही मौजा करड़ के खाता संख्या 436 / 425 के खसरा नं. 444 में 18.4890 है. बारानी दोयम भूमि व खसरा नं. 768 / 443 में 11.1540 है. बारानी दोयम भूमि इस प्रकार कुल 29.643 है. बारानी दोयम खातेदारी भूमि मे से 8.062 है. बारानी दोयम खातेदारी भूमि दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है। मिकरा का सगा भाई मिठू सिंह पुत्र श्री गुरदिता सिंह जो कि 40 सालो से लापता है तथा काफी तलाशने पर भी अभी तक नही मिला है। मिकरा व मिकरा का सगा भाई मिठू सिंह दो जायज वारिस है, इसके अलावा कोई अन्य वारिस नहीं है। मिकरा का, सगा भाई मिठू सिंह शादीशुदा नहीं होने के कारण उसके कोई जायज वारिस नही है जब कि मैं मिकरा एकमात्र सगी बहिन हूँ। दिनांक : 15.10.2026

- मिकरा सरजीत कौर पत्नी श्री बलदेव सिंह जाति मजहबीसिख निवासी चक 3 एलजीडब्ल्यू तहसील सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर राजस्थान

कार्यालय नगरपालिका केसरीसिंहपुर, जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नपाके/भूमि/2026-27/8161-8162 दिनांक :-14.10.2026

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 11 का 1/2 भाग पश्चिमी, साईज 25×60 वर्गफुट, सी ब्लॉक केसरीसिंहपुर, उत्तरी-दक्षिणी दिशा की ओर खुलता हुआ, जो कि पालिका रिकॉर्ड में श्री रामचन्द पुत्र श्री बूड़ा राम, जाति ब्राह्मण, निवासी वार्ड नं. 03 केसरीसिंहपुर, तहसील श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर (राज०) जो कि पालिका रिकार्ड में नाम दर्ज है। मृत्यु प्रमाण-पत्र के आधार पर स्व. श्री रामचन्द पुत्र श्री बूड़ा राम की मृत्यु दिनांक 20.09.1994 को हो चुकी है। वसीयतनामा दिनांक 28.12.1992 के अनुसार श्री रामचन्द पुत्र श्री बूड़ा राम ने अपने जीवित काल में उक्त भूखण्ड अपने सागी पुत्र श्री सूरजभान शर्मा पुत्र श्री रामचन्द के हक में कर दिया गया है। श्री सूरजभान पुत्र श्री रामचन्द, जाति ब्राह्मण, निवासी वार्ड नं. 03 केसरीसिंहपुर, तहसील श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर (राज०) ने सपथ-पत्र मय हलफनामा, वसीयतनामा की प्रति, श्री रामचन्द पुत्र श्री बूड़ा राम के मृत्यु प्रमाण-पत्र की प्रति व अन्य दस्तावेज प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का वसीयतनामा के अनुसार इन्तकाल पालिका रिकॉर्ड में उक्त श्री सूरजभान पुत्र श्री रामचन्द के नाम से दर्ज करवाने ऑनलाईन आवेदन किया है। अतः इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता को प्रकाशन के 07 दिवसीय के अन्दर-अन्दर मय सबूत रिकॉर्ड आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा बाद मियाद गुजरने श्री सूरजभान पुत्र श्री रामचन्द, जाति ब्राह्मण, निवासी वार्ड नं. 03 केसरीसिंहपुर, तहसील श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर (राज.) के नाम से नगरपालिका रजिस्टर में नामान्तरण दर्ज कर दिया जावेगा। सूचित रहे।

अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका केसरीसिंहपुर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल नोहर जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- नपानो./नि.शा./2026-27/4738 दिनांक :- 12.10.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 07/2026-27

इस कार्यालय द्वारा निम्नांकित कार्यों हेतु सरकारी विभागों के अधिकृत संगठनों के एवं स्थानीय निकाय विभाग में उचित श्रेणी के पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 26.10.2026 को मध्याह्न पूर्व/पश्चात् तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इन निविदा विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा के प्रपत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है, सशर्त निविदा मान्य नही हो। निविदा का अन्य विवरण निम्न प्रकार है:-

NIB No.:-DLB2627A8595

UBN No.:- DLB2627WSOB22019, DLB2627WSOB22021 to DLB2627WSOB22027, DLB2627WSOB22029 to DLB2627WSOB22042

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका नोहर।

राज.संवाद/सी/26/11962

चम्मच दौड़ सहित अन्य खेलों में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सीमा सन्देश # बींझबायला। गांव 39 एलएनपी स्थित पीएमश्री चौ. गंगाराम मंडा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में ईसीसीई (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा) के तहत बाल मेले एवं अंतरविद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाल मेले में विद्यार्थियों ने चित्रकला, ठप्पा पेंटिंग, धागा पेंटिंग, थंब पेंटिंग, मिट्टी एवं क्ले से खिलौने बनाने सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया। बच्चों एवं अभिभावकों के लिए चम्मच दौड़, एक टांग दौड़, गुब्बारा दौड़, कुर्सी दौड़, रस्साकशी एवं संगीत सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में संस्था प्रधान बबली रानी, अध्यापक जगदीश प्रसाद, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 39 एलएनपी से निर्मला, एसएमसी अध्यक्ष सीमा देवी, संगीत शिक्षक भीमसेन शर्मा, नर्सरी अध्यापिका कैलाश देवी तथा युवा संबल से जगदीश दुपगा, सुलोचना एवं उग्रसेन सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

स्कूली बच्चों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन



मिर्जेवाला। पीएमश्री राबाउमा विद्यालय मिर्जेवाला में बाल मेले का आयोजन किया गया। प्रभारी ईशा पथरिया ने बताया कि इस बाल मेले में पूर्व प्राथमिक शिक्षक सुनीता सुथार तथा नीतू चौहान के मार्गदर्शन में बच्चों ने प्रतिभा दिखाई। बच्चों ने मिट्टी तथा बेकार वस्तुओं से खिलौने बनाए। कुछ बच्चों ने भेलपुरी की स्टॉल लगाई। राजविंदर कौर द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल खिलाये गए। अभिभावक भी साथ रहे। विजेता अभिभावकों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान कुमार लव पुंज सहित अन्य मौजूद रहे।

चूनावढ़ कॉलेज में कार्यशाला



चूनावढ़। राजकीय कन्या महाविद्यालय चूनावढ़ में महिला अधिकारिता विभाग, श्रीगंगानगर ने कार्यशाला और व्याख्यानमाला आयोजित की। विभाग की जेंडर स्पेशलिस्ट सुप्रिया बरावड़ ने लिंग संवेदनशीलता, लैंगिक समानता और महिला अधिकारों पर विस्तार से बताया। टीम की अन्य सदस्यों वैशाली अग्रवाल, अन्नपूर्णा शर्मा और अमनपाल कौर ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन 181 और उड़ान योजना जैसी कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। सहायक आचार्य कविता वर्मा, प्रभारी दिव्य ज्योति आदि मौजूद थे।

कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक रणथम्भौर बाघ परियोजना सवाई माधोपुर

क्रमांक :- 7947 दिनांक : 07.10.2026

ई-निविदा सूचना संख्या 30/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क / भवन निर्माण एवं मरम्मत कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो, से निर्धारित प्रपत्र में भवन निर्माण कार्य के लिए ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम	WORK OF NEW CCF OFFICE BUILDING & CCF OFFICE CAMPUS
निविदा की कुल लागत	73.00 लाख रू.
ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख	08.10.2026 से 20.10.2026 सायं 06:00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख	21.10.2026 दोपहर 02:00 बजे

निविदा वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एवं संपादित की जा सकेगी।

NIB Code: FOR2627A2050 UBN Code: FOR2627WSOB03013

DIPR/C/17602/2026

(मानस सिंह) उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक (प्रथम) रणथम्भौर बाघ परियोजना सवाई माधोपुर

कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग, जयपुर क्षेत्र-द्वितीय, गांधी नगर, जयपुर

क्र.स.- अ.मु.अ. क्षे-2/2026-27/8125-50 दिनांक : 09.10.2026

निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से कार्य हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एव राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूरसंचार विभाग / रेल्वे इत्यादि मे उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा एवं निविदा प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

क्र.सं.	निब कोड नं.	यूबीएन नं.	निविदा संख्या
1	PHE2627A3122	PHE2627WLOB06589	21/2026-27
2	PHE2627A3132	PHE2627WLOB06590	22/2026-27
3	PHE2627A3132	PHE2627WLOB06591	23/2026-27

DIPR/C/17666/2026

(अजय सिंह राठौड़) अतिरिक्त मुख्य अभियंता जन स्वा.अभि.विभाग जयपुर क्षेत्र-द्वितीय, जयपुर

कार्यालय : पीईओ/प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय 5पीएसडी ब्लॉक घड़साना

क्रमांकः- 209 दिनांक : 14.10.2026

नीलामी सूचना

नीलामी की शर्तें : 1. कनिष्ठ अभियंता समग्र शिक्षा घड़साना ने 6 कक्षा कक्षों का समेकित न्यूनतम नीलामी मूल्य बाजार मूल्य तुलना के अनुसार 65000 रु. रखा गया है। 2. जो भी बोलीदाता इस बोली में भाग लेना चाहता है उसके लिए धरोहर राशि 5000 रु. होंगे। 3. कक्षा कक्षों का मलबा 10 दिवस में हटाना होगा। मलबा हटाते समय अन्य कक्षा कक्षों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए, अगर नुकसान होता है तो इसकी भरपाई बोलीदाता को करनी पड़ेगी तथा निर्धारित अवधि में मलबा नहीं हटाते हैं तो प्रतिदिन 500 रु. पेनल्टी लगेगी। 4. उच्चतम बोलीदाता को अपने आवश्यक दस्तावेज व भूमि को समतल करवाकर देना होगा। 5. बोलीदाता को 25% राशि बोली के दिन व शेष राशि 75% राशि तीन दिवस में विद्यालय एवं प्रबंधन समिति 5पीएसडी के खाते में जमा करवानी होगी। 6. नीलामी दिनांक : 23-10-2026 को विद्यालय में प्रातः 10 बजे आयोजित होगी, यह प्रक्रिया 12 बजे तक पूर्ण की जायेगी। 7. इस सम्पूर्ण प्रक्रिया का सर्वाधिकार विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति 5पीएसडी के हक में रहेगा। 8. उच्चतम बोलीदाता को कक्षा कक्ष की दीवार से विद्यालय की 5 फीट चारदीवारी छोड़नी पड़ेगी। बाकी जो भी शर्तें हैं नीलामी के दिन नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेगी।

प्रधानाचार्य, रा.उ.मा विद्यालय 5 पीएसडी, ब्लाक घड़साना श्रीगंगानगर Dise Code 08010609203

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:-** एस.एण्ड.टी/बी.के.एन -2026-27-31, **कार्य का नाम व स्थानः-** उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर डिवीजन के अंतर्गत सूरतगढ़-सरूपसर खंड (7.368 टन किमी), सूरतगढ़-लालगढ़ खंड (6.506 टीकेएम) में सीटीआर (पी) और सूरतगढ़-सरूपसर-अनुपगढ़ खंड (18.199 टीकेएम) में 60 केजी-आर 260 रेल की टीआरआर (पी) के प्रावधान से संबंधित संकेत एवं दूरसंचार संबंधित कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य रू. :-** 6209964.20, **Bid Security:-** 124200, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः-** Up to 15.00 Hrs. of 06.11.2026, **वेब साइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाऊनलोड किया जा सकता है :-** www.ireps.gov.in

1482-00/26

NWRailways NWRailways पर फॉलो करें

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः-नियमन/2026/8581 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 11.05.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री विकास पाण्डे पुत्र श्री आशुतोष पाण्डे निवासी म.न. के-27, खालसानगर, पदमपुर मार्ग, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेजों का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 66 किला नं. 6 में माप 30 इन्दु 50 फीट भूखण्ड संख्या एसपीएल-2, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 21091 दिनांक 27.07.2023 को श्री कौसुभ कथूरिया पुत्र श्री रिपुदमन कथूरिया वर्मा के नाम से रिकार्ड में दर्ज है।	श्री विकास पाण्डे द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 23.01.2024 द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत् न्यास में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री विकास पाण्डे पुत्र श्री आशुतोष पाण्डे निवासी म.न. के -27, खालसानगर, पदमपुर मार्ग, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के सम्बन्धी में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या : - SGNR/FY26-27/MUT/31

सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः-नियमन/2026/8960 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 05.10.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है **श्री संदीप खत्री पुत्र श्री सत्यनारायण निवासी म.न. 356, इन्द्रा कॉलोनी, गली नं. 2, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेजों का विवरण
चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 67 किला नं. 10 में माप 25 इन्दु 47 फीट भूखण्ड संख्या जीके-26, गोकुलम 3 कुटुम्ब श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 24661 दिनांक 28.02.2024 को श्रीमती मंजू गोयल पत्नी श्री राधेश्याम गोयल के नाम से न्यास द्वारा जारी किया हुआ है।	श्रीमती मंजू गोयल द्वारा उक्त भूखण्ड को श्री मनोज धींगड़ा को बेचान कर दिया गया। इसके पश्चात श्री मनोज धींगड़ा द्वारा श्रीमती कृष्णा रानी को बेचान कर दिया। श्रीमती कृष्णा रानी द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 09.09.2026 को श्री संदीप खत्री को बेचान कर दिया गया। श्री संदीप खत्री द्वारा बैयनामा की प्रति एवं अपने स्वामित्व के दस्तावेजों सहित न्यास कार्यालय में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री संदीप खत्री पुत्र श्री सत्यनारायण निवासी म.न. 356, इन्द्रा कॉलोनी, गली नं. 2, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/की लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उ

न्यूज इन ब्रीफ

भाई से विवाद के बाद कापा लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

हनुमानगढ़। जंक्शन थाना पुलिस ने गांव 2 केएनजे में भाई से विवाद के बाद धारदार कापा लेकर घूम रहे नरेश कुमार (38) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के भाई सुरेंद्र ने परिवाद दिए जाने से नाराज होकर परिवार के साथ मारपीट करने और कापा लेकर घूमने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी हाथ में कापा लिए मिला। पुलिस को देखकर वह मकान में भागने लगा, लेकिन पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। लाइसेंस या परमिट नहीं मिलने पर कापा जब्त कर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया गया।

भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

हनुमानगढ़। टाउन में टिब्बी रोड पर बस और बाइक की भिड़ंत में महेंद्र सिंह (40) की मौत हो गई, जबकि बलजीत सिंह और जगतार सिंह गंभीर घायल हो गए। हादसा 14 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, बाइक गुरुसर की तरफ जा रही थी, तभी बस चालक ने तेज गति और लापरवाही से गलत दिशा में आकर टक्कर मार दी। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। टाउन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किस्तों की रकम हड़पने और मारपीट का आरोप

हनुमानगढ़। टाउन थाना पुलिस ने उम्मीद फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों सहित अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकाने और मारपीट के आरोप में मामला दर्ज किया है। वार्ड 46 निवासी गुलाब सिंह ने अदालत में पेश इस्तगासे में बताया कि उसने करीब 6.50 लाख रुपए का होम लोन उम्मीद फाइनेंस में ट्रांसफर करवाया था। आरोप है कि किस्तें जमा कराने के बावजूद बकाया बताकर उसकी पत्नी से गाली-गलौज और मारपीट की गई। परिवादी ने किस्तों की रकम कंपनी में जमा नहीं करवाकर हड़पने का आरोप भी लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक पर हमला, दो आरोपी पकड़े

पीलीबंगा। रामपुरा गांव में मजदूरी कर बाइक से लौट रहे प्रेमपुरा निवासी इकबाल सिंह (33) पर पांच लोगों ने हमला कर दिया। परिवादी के अनुसार, दो बाइकों पर आए हमलावरों ने उसकी बाइक को टक्कर मारकर गिरा दिया और गंडासी व लाठी-डंडों से मारपीट की। सिर पर गंडासी से वार करने से वह घायल हो गया। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर रेशम सिंह और गुरदत सिंह उर्फ गुरप्रीत सिंह को पकड़ लिया, जबकि अन्य आरोपी फरार हो गए। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। पीलीबंगा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हनुमानगढ़। रावतसर थाना क्षेत्र के हरदासवाली (डेरबास) गांव के रास्ते में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार भजनलाल जाट की मौत हो गई। हादसा 13 अक्टूबर की शाम करीब सात बजे हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, भजनलाल अपनी ढाणी से गांव लौट रहे थे, तभी ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर घायल भजनलाल को ग्रामीण निजी वाहन से रावतसर के राजकीय चिकित्सालय ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के भतीजे की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पदयात्रियों की सेवा में जुटा विभाग

हनुमानगढ़। नवरात्रि के दौरान सालासर-पल्लू धाम जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टाउन स्थित योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय के पास आयुर्वेद विभाग का निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर तीसरे दिन भी जारी रहा। शिविर में लंबी पदयात्रा से होने वाली थकान, मांसपेशियों में खिंचाव, अकड़न और पैरों के दर्द से राहत देने के लिए सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

बारिश से धानमंडी जलमग्न, धान खरीदने से कतरा रहे व्यापारी

टूटी सड़कें, निकासी व्यवस्था फेल और खराब धर्मकांटे से बढ़ी परेशानी

व्यापारियों ने दी मंडी बंद कर धरना देने और टैक्स नहीं देने की चेतावनी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

जंक्शन धानमंडी में बरसाती पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से बुधवार रात हुई मामूली बारिश ने ही मंडी की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। मंडी परिसर में पानी भरने से खुले में पड़ा किसानों का धान भीग गया। अब व्यापारी गीला धान खरीदने में आनाकानी कर रहे हैं, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंडी में जलभराव, टूटी सड़कों और खराब धर्मकांटे जैसी समस्याओं को लेकर व्यापारियों और तोला धानका मजदूरों ने गुरुवार को नाराजगी जताते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग की। व्यापार मंडल संघ के पूर्व अध्यक्ष प्यारेलाल बंसल ने कहा कि जंक्शन धानमंडी में बरसाती पानी की निकासी की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। मंडी परिसर की सड़कें टूटी हुई हैं और पानी निकासी के लिए बनाया गया वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी सही बनावट नहीं होने के कारण प्रभावी साबित नहीं हो रहा। इस संबंध में मंडी समिति के अधिकारियों को कई बार मौखिक और लिखित रूप से अवगत करवाया गया।



समाधान नहीं किया जा रहा

डायरेक्टर को भी पत्र भेजा गया, लेकिन बजट नहीं मिलने का हवाला देकर समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। बंसल ने बताया कि मंडी में बना धर्मकांटा भी खराब हो चुका है और आकार में छोटा होने के कारण किसानों की कृषि जिंसों की तुलाई में परेशानी आती है। बड़ा धर्मकांटा स्थापित होने से किसानों के साथ खरीद एजेंसियों को भी सुविधा मिलेगी, लेकिन इस कार्य के लिए भी बजट नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि व्यापारी मंडी में व्यवस्था बनाए रखने के लिए टैक्स देते हैं, लेकिन इसके बावजूद बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो व्यापारी मंडी बंद कर धरना देने के साथ टैक्स देना भी बंद करने को मजबूर होंगे।

स्थायी समाधान की मांग की

भारी बारिश में बिगड़ सकते हैं हालात



तोला धानका यूनियन के सतपाल दामड़ी ने कहा कि फसलों को नुकसान होने के बाद ही जनप्रतिनिधि और अधिकारी सक्रिय होते हैं, जबकि ऐसी समस्याओं से बचने के लिए पहले से जरूरी व्यवस्थाएं की जानी चाहिए। बुधवार रात मामूली बारिश में ही मंडी में पानी भर गया और धान भीग गया। ऐसे में भारी बारिश होने पर हालात और खराब हो सकते हैं। उन्होंने कृषि उपज मंडी समिति सचिव और व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों से पानी निकासी की समस्या का स्थायी समाधान करवाने की मांग की।

कृषि उपज मंडी समिति के अधिकारी विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि पहले से बनी नालियों का लेवल नीचे होने के कारण शेड के पास बरसाती पानी भर जाता है। फिलहाल मजदूर लगाकर पानी की निकासी करवाई जाती है। व्यापारियों के कहने पर समस्या के समाधान के लिए ड्रेनेज सिस्टम भी तैयार करवाया गया है। यदि इसमें कोई कमी है तो मार्केटिंग बोर्ड के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर जांच करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि टूटी सड़कों के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। धर्मकांटे के प्रस्ताव पर भी विचार किया जा रहा है और प्रस्ताव तैयार होने पर इसे भी शामिल किया जाएगा।

गुड डे डिफेंस सैनिक स्कूल में डांडिया नाइट कल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

गुड डे डिफेंस सैनिक स्कूल, हनुमानगढ़ में 17 अक्टूबर को सायं 5 बजे से रात 8 बजे तक डांडिया नाइट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। आयोजन की तैयारियों के तहत कोरियोग्राफर सुरुचि के निर्देशन में विद्यार्थियों को नियमित रूप से डांडिया नृत्य का अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि वे आकर्षक प्रस्तुति दे सकें। श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपराओं और लोक उत्सवों से जोड़ने का कार्य करते हैं। वहीं संस्था के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जाता है।



आपसी सहयोग की भावना करता विकसित

डांडिया नाइट जैसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अनुशासन और आपसी सहयोग की भावना विकसित करते हैं। प्रधानाचार्य अनामिका गौड़ तथा सीसीए समन्वयक शर्मीन बैप्टिस्टा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। डांडिया नाइट में विद्यार्थी पारंपरिक भारतीय वेशभूषा में सुसज्जित होकर रंगारंग डांडिया नृत्य प्रस्तुत करेंगे, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा।

ईएलसी पार्क की स्थापना हुई

हनुमानगढ़। टाउन स्थित राजकीय नेहरू मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत ईएलसी पार्क की स्थापना की गई। प्राचार्य प्रो. रामपाल अहरोदिया के निर्देशन में स्थापित पार्क का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। प्राचार्य ने स्वीप कार्यक्रम की महत्ता बताते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। स्वीप नोडल अधिकारी अनमोल शर्मा ने बताया कि पार्क में पोस्टर प्रदर्शन, नारा लेखन, मतदाता शपथ, प्रश्नोत्तरी, भाषण और परिचर्चा जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

दीपावली बाद एमडी कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी

मांग : बिजली कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन

निजीकरण पर रोक, पदोन्नति और चिकित्सा सुविधाओं की मांग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जोधपुर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ की ओर से गुरुवार को कर्मचारियों की लंबित मांगों के समाधान की मांग को लेकर जोधपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने प्रबंध निदेशक के नाम 11 सूत्रीय मांगपत्र सौंपकर प्रबंध निदेशक स्तर पर शीघ्र द्विपक्षीय वार्ता आयोजित करने और लंबित समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। राजेन्द्र सीकर ने बताया कि संघ की ओर से 18 सितंबर को भी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद मांगों पर अमल नहीं हुआ।



अगले चरण में संभाग स्तर पर प्रदर्शन

इसी कारण जोधपुर डिस्कॉम के विभिन्न वृत्तों पर धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। आंदोलन के अगले चरण में संभाग स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा तथा दीपावली के बाद एमडी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। संघ की प्रमुख मांगों में एमबीसी सहित विभिन्न कार्यों के ठेकाकरण की समीक्षा कर निजीकरण पर रोक लगाने, मानवीय आधार पर अंतर-डिस्कॉम स्थानांतरण नीति लागू करने तथा पात्र कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से 3, 12, 21 और 30 वर्ष की सेवा पर एसीपी का लाभ देने की मांग शामिल है। इसके अलावा लंबित डीपीसी करवाने, अनुकंपा नियुक्त कर्मचारियों का समायोजन करने, सूचना सहायकों के लिए पदोन्नति के अवसर उपलब्ध करवाने तथा सीनियर इंजीनियर सुपरवाइजर और संस्थापन अधिकारी के पद सृजित करने की मांग की गई।

एमडी पीजी कॉलेज की टीम उपविजेता

सीमा सन्देश # थालड़का। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की अंतर-महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में एमडी पीजी कॉलेज, थालड़का की टीम ने लगातार दूसरे वर्ष उपविजेता बनकर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। श्रीगंगानगर के एसजीएन खालसा कॉलेज खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में टीम ने शानदार खेल, अनुशासन और बेहतरीन तालमेल के दम पर फाइनल तक का सफर तय किया। खिताबी मुकाबले में थालड़का कॉलेज के खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वी टीम को कड़ी चुनौती दी। मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और खिलाड़ियों ने अपने जुझारू प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। लगातार दूसरे वर्ष उपविजेता का खिताब हासिल करना टीम की मेहनत, नियमित अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल है।

रजाई-गद्दे भरने का काम जोरों पर



सीमा सन्देश # चारणवासी। सर्दी के आगमन के साथ ही कस्बों में गर्म कपड़ों तथा रजाई-गद्दों की तैयारी शुरू हो गई है। मौसम में ठंडक बढ़ते ही लोग पुरानी रजाई-गद्दों की भराई और नए तैयार करवाने के लिए दुकानों पर पहुंचने लगे हैं। रुई धुनाई एवं रजाई-गद्दा भराई केन्द्रों पर दिनभर ग्राहकों की चहल-पहल देखी जा रही है। रुई धुनाई और रजाई सिलाई में जुटे कारीगरों की मांग अचानक बढ़ गई है। कारीगरों का कहना है कि जैसे-जैसे ठंड का असर बढ़ेगा, काम में और तेजी आएगी।

चैंपियनशिप के लिए चयन

बरवाली। गांव के अमित कुमार पुत्र जगदीश गोदारा का राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है।



अमित ने कोटा में आयोजित 70वीं जूडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद करणपुर में आयोजित शिविर में प्रदर्शन के आधार पर उसका चयन 23 से 28 अक्टूबर तक दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। अमित गंगानगर की बिहाणी चिल्ड्रन अकादमी में अध्ययनरत है। उसके दादा हरिसिंह गोदारा ने सफलता का श्रेय विद्यालय और कोच डॉ. जसविंदर सिंह बराड़ को दिया। अमित की बहन पूजा भी जूडो में राज्य स्तर पर स्वर्ण पदक जीत चुकी है।

सब्जी मंडी में मां भगवती का जागरण, भक्तिमय हुआ माहौल



हनुमानगढ़। परचून, सब्जी विक्रेता एवं आढ़ती संघ की ओर से सब्जी मंडी परिसर में मां भगवती का 26वां विशाल जागरण श्रद्धा एवं भक्ति के साथ आयोजित किया गया। जागरण में स्थानीय सहित बाहर से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती के दरबार में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे परिसर में मां के जयकारों से भक्तिमय वातावरण बना रहा। भजन गायक सरजीत कामरा एवं इति वर्मा ने मां भगवती की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। इस अवसर पर मां का आकर्षक एवं अलौकिक दरबार सजाया गया, जबकि बाहुबली हनुमान की सचेतन झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। देवांश ने सपत्नीक तथा जतिन ने सपत्नीक मां भगवती की विधिवत पूजा-अर्चना की। संघ के प्रतिनिधि काका छाबड़ा ने बताया कि जागरण के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

नौकरी मिलने की खुशी में गौशाला को आर्थिक सहयोग

सीमा सन्देश # बरवाली। देईदास स्थित श्री राधे कृष्ण गौशाला में रेलवे के ग्रेड-ए टेक्नीशियन पद पर नियुक्ति मिलने की खुशी में शिवशंकर ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। शिवशंकर, प्रहलाद नाई (सूरज पेंटर) के पुत्र तथा साहबराम नाई के सुपुत्र हैं। इस पुनीत कार्य के लिए रामकुमार नाई ने प्रेरित किया। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष ओमप्रकाश, सचिव देवीलाल घिंटाला, कोषाध्यक्ष रामजी लाल, साहबराम नाई, जगलाल, सुनील, शिवशंकर, प्रहलाद नाई, लक्ष्य सेन, अमित कुमार नाई, पवन सेन, मनीराम शर्मा, हरदेवाराम बराला, हरदत कड़वासरा और गौशाला मैनेजर हरलाल शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने शिवशंकर को सरकारी नौकरी मिलने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भामाशाह गुड्डी देवी गोदारा ने समाधि स्थल पर बनवाया शेड

सीमा सन्देश # टोपरियां। गांव में भामाशाह गुड्डी देवी गोदारा ने अपने स्वर्गीय पति भागीरथ गोदारा और पुत्र कृष्ण कुमार की स्मृति में पेमा दादा समाधि प्रांगण में 4 लाख 61 हजार रुपए की लागत से शेड का निर्माण करवाकर वाटर कूलर भेंट किया। गुरुवार को शेड का उद्घाटन कर इसे समाधि कमेटी को सौंप दिया गया। गुड्डी देवी और उनके पुत्र जीतराम गोदारा के सहयोग से निर्मित यह शेड 30 फीट लंबा-चौड़ा है। इसे समाधि स्थल पर आयोजित होने वाले जागरण के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनवाया गया है। शेड और वाटर कूलर की सुविधा मिलने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। इस अवसर पर समाधि के भगत पृथ्वीराज ढील ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर सेवा और सहयोग से बढ़कर कोई परमार्थ कार्य नहीं है। ऐसे सेवा कार्य समाज में प्रेरणा देते हैं और श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध करवाते हैं। कार्यक्रम में आदराम सहारण, प्रेमसिंह गोदारा, महेंद्र सहारण, प्रेमप्रकाश शर्मा, मलकित सहारण सहित अनेक ग्रामीण और युवाओं की टीम के सदस्य मौजूद रहे।

प्रतिदिन सैंकड़ों लीटर फिल्टर किया हुआ पानी व्यर्थ बह रहा

मिसिंग लिंक सड़क जगह-जगह लीकेज से टूटी



सीमा सन्देश # चारणवासी। गांव में सेना टावर से आबादी क्षेत्र तक 35 लाख रुपए की लागत से बनी एक किलोमीटर लंबी मिसिंग लिंक सड़क महज छह माह में ही क्षतिग्रस्त होने लगी है। मार्च में निर्मित इस सड़क पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की पुरानी पाइपलाइन में लीकेज के कारण आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण से पहले वाटर वर्क्स से आबादी क्षेत्र तक आने वाली पुरानी पत्थर की पाइपलाइन को सड़क के बीच से हटाकर किनारे स्थानांतरित करने की मांग की थी, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया।

लीकेज शीघ्र दुरुस्त करवाने की मांग

अब पाइपलाइन से लगातार पानी का रिसाव होने के कारण नई डामर सड़क अंदर से खोखली हो रही है। इससे भारी वाहनों के गुजरने पर सड़क धंसने और हादसा होने का खतरा बना हुआ है। लीकेज के चलते प्रतिदिन सैकड़ों लीटर फिल्टर किया हुआ पानी व्यर्थ बह रहा है। वहीं, सप्लाई बंद होने पर गड्ढों में जमा दूषित पानी के पाइपलाइन में प्रवेश करने की आशंका से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा लीकेज ठीक करने का काम ठेके पर देने के बावजूद महीनों से समस्या का समाधान नहीं हुआ है। अब मरम्मत के लिए नई सड़क को दोबारा तोड़ना पड़ेगा, जिससे सरकारी धन की बबार्दी होगी। ग्रामीणों ने विभागीय प्रशासन से पाइपलाइन को सड़क के किनारे स्थानांतरित करने और सभी लीकेज शीघ्र दुरुस्त करवाने की मांग की है।

जिला पुलिस की ओर से जागरूकता के लिए नवरात्रि पर चलाया जा रहा है शक्ति सुरक्षा अभियान

छात्राओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

सीमा संदेश # रावतसर। महिलाओं और युवतियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करवाने तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पुलिस की ओर से नवरात्रि के अवसर पर शक्ति सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रावतसर पुलिस की कालिका यूनिट ने राजकीय महाविद्यालय पहुंचकर छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम के दौरान महिला कांस्टेबल मोनिका और पूजा शर्मा ने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी असहज परिस्थिति में सतर्कता बरतने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छेड़छाड़, पीछा करने, अभद्र व्यवहार या उत्पीड़न जैसी घटनाओं का सामना होने पर चुप रहने के बजाय परिजनों, शिक्षकों या पुलिस की सहायता लेनी चाहिए। पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सोशल मीडिया पर निजी जानकारी, पासवर्ड और ओटीपी साझा नहीं करने की सलाह दी। साइबर उत्पीड़न, धमकी या ब्लैकमेलिंग की स्थिति में घबराने के बजाय उचित सहायता लेने और साक्ष्य सुरक्षित रखने की बात कही। साथ ही राजकॉप सिटीजन ऐप तथा पुलिस की सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।



सहायता लेने की अपील

पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार और जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य के निर्देशों पर संचालित इस अभियान का आयोजन रावतसर थाना प्रभारी मदन बिश्नोई के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र कुमार और सहायक सुनील कुमार भी मौजूद रहे। पुलिस ने छात्राओं से आत्मविश्वास बनाए रखने, अपने अधिकार पहचानने और किसी भी परेशानी में समय पर सहायता लेने की अपील की। अभियान का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना मजबूत करना और पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाना है।

न्यूज इन ब्रीफ

विद्यार्थियों ने जानी स्थाई लोक अदालत की कार्यप्रणाली

सीमा संदेश # हनुमानगढ़। नेहरू मेमोरियल विधि महाविद्यालय के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं स्थाई लोक अदालत का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क कानूनी सहायता, न्याय सुलभ करवाने और लोक अदालत की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गजेन्द्र तेनगुरिया ने कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई। स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष पवन शर्मा ने लोक उपयोगी सेवाओं से जुड़े मामलों की सुनवाई के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

अभिनंदन किया

सीमा संदेश # हनुमानगढ़। नगर परिषद के नवनिर्वाचित माकपा पार्षद गुरनायब सिंह का गुरुवार को लोडिंग-अनलोडिंग मजदूर यूनियन सीटू की ओर से अभिनंदन किया गया। यूनियन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने उनके मजदूर हितों के लिए किए गए संघर्ष को याद किया। यूनियन अध्यक्ष रिछपाल सिंह राठौड़ और सचिव दारा सिंह ने उम्मीद जताई कि गुरनायब सिंह नगर परिषद में श्रमिकों, मेहनतकशों और आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे। पूर्व सरपंच बलदेव सिंह और माकपा तहसील सचिव बसंत सिंह ने भी जनहित के मुद्दों के समाधान की उम्मीद जताई।

रामलीला में बाली वध के मंचन ने बांधा समां

सीमा संदेश # हनुमानगढ़। टाउन के नगर परिषद रामलीला रंगमंच पर श्रीरामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के नौवें दिन बाली वध का प्रभावशाली मंचन हुआ। बाली-सुग्रीव युद्ध, बाली वध, सुग्रीव राज्याभिषेक और हनुमानजी के समुद्र तट पहुंचने के प्रसंगों ने दर्शकों को आकर्षित किया। भगवान राम की भूमिका ओम स्वामी, लक्ष्मण की संजय सैन, बाली की बहादुर सिंह और सुग्रीव की मुकेश स्वामी ने निभाई। समिति सचिव दिनेश तलवाड़िया ने बताया कि बाइपास स्थित दशहरा ग्राउंड में रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले तैयार किए जा रहे हैं। उत्सव में आतिशबाजी भी आकर्षण रहेगी।

पंचवटी प्रसंग, शूर्पणखा की नाक काटने और खर-दूषण युद्ध का मंचन

सीमा संदेश # हनुमानगढ़। जंक्शन की भट्ठा कॉलोनी स्थित स्वामी विवेकानंद रंगमंच पर रामलीला के आठवें दिन पंचवटी प्रसंग, शूर्पणखा की नाक काटने, खर-दूषण युद्ध और मारीच की कुटिया के दृश्यों का मंचन किया गया। कलाकारों ने प्रभावशाली संवादों और अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा। राम की भूमिका रोहित शर्मा, लक्ष्मण की मानव तिवारी और सीता की साहिल सारवान ने निभाई। भरत ने रावण, भानु रामपाल ने खर और संदीप सिंह ने दूषण का अभिनय किया। कार्यक्रम में अतिथियों सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। समिति पदाधिकारियों और सदस्यों ने आयोजन में सहयोग किया।

सीबीईओ के नोटिसों पर शिक्षक संगठन ने जताई आपत्ति

सीमा संदेश # हनुमानगढ़। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (राजस्थान विद्यालय शिक्षा) ने रावतसर सीबीईओ की ओर से दो राजकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को जारी कारण बताओ नोटिसों पर आपत्ति जताई। जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा के नेतृत्व में संगठन ने गुरुवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के अनुसार, राजकीय विद्यालय दनियासर और धांधुसर के प्राचार्यों को निजी स्कूल का संबद्धता प्रमाण पत्र लेने की जिम्मेदारी देकर कम समय सीमा निर्धारित की गई। इसके बाद अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। संगठन ने इसे अव्यावहारिक बताते हुए मामले में हस्तक्षेप और भविष्य में ऐसे नोटिस जारी करने से पहले स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश देने की मांग की।

नगर पालिका मंडल ने तैयार की दो दिवसीय आयोजन की रूपरेखा, श्री बालकृष्ण बिहानी स्टेडियम में होगा आयोजन

नोहर में 19 को गरबा महोत्सव, 20 अक्टूबर को किया जाएगा रावण दहन

सीमा सन्देश # नोहर। नोहर में गरबा महोत्सव व विजयादशमी के अवसर पर उत्सवों की रंगारंग छटा देखने को मिलेगी। नगरपालिका मंडल नोहर की ओर से 19 अक्टूबर को गरबा महोत्सव तथा 20 अक्टूबर को भव्य आतिशबाजी के साथ रावण दहन का आयोजन किया जाएगा। दोनों कार्यक्रम श्री बालकृष्ण बिहानी स्टेडियम में होंगे। नगरपालिका कार्यालय परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मेहरुनिशा टाक एवं अधिशासी अधिकारी गिरिराज रत्नू ने कार्यक्रमों की जानकारी दी।



मेहरूनिशा टाक ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य शहरवासियों को सांस्कृतिक उत्सवों से जोड़ना और पारंपरिक पर्वों को सामूहिक उत्साह के साथ मनाने का अवसर उपलब्ध करवाना है। 19 अक्टूबर को होने वाले गरबा महोत्सव में संगीत और नृत्य के साथ उत्सवी माहौल सजेगा। गरबा के माध्यम से लोक-संस्कृति और सामूहिक सहभागिता की झलक देखने को मिलेगी। गरबा महोत्सव में मुख्य आकर्षण 11 पंडितों के साथ रामलीला की भव्य आरती व लाइव बैंड के साथ गरबा होगा।

भव्य आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रहेगी

गरबा प्रतियोगिता में तीन कैटेगरी रखी गई हैं जिससे बेस्ट गरबा किंग, बेस्ट गरबा क्वीन, बेस्ट गरबा कपल को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। आकर्षक झांकियों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए राम रावण का युद्ध बिहानी स्टेडियम पहुंचेगा। जहां भव्य आतिशबाजी के साथ रावण, मेघनाथ कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा। रावण का 55 फीट का पुतला आकर्षण का केन्द्र होगा। रावण दहन के साथ भव्य आतिशबाजी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में टीवी सीरियल ह्यगुड्डन तुमसे ना हो पायेगाह्न फेम अभिनेत्री रश्मि गुप्ता और ह्यदिवा और बाती हमह्न फेम अभिनेत्री पूजा सिंह शिरकत करेंगी। इसके अलावा स्थानीय विशिष्ट अतिथियों में पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, पालिकाध्यक्ष खातून टाक व पूर्व राज्यमंत्री मेहरुन्निशा टाक भी मौजूद रहेंगी। मेहरुन्निशा टाक ने बताया कि नगरपालिका मंडल की ओर से आयोजित इन कार्यक्रमों को लेकर शहरवासियों में उत्साह का माहौल है।

मिलावट पर विभाग सख्त, मिठाई विक्रेताओं को कार्रवाई की चेतावनी

मावे के बिल और खाद्य सामग्री के दस्तावेज रखने के निर्देश

क्षेत्र में नकली दूध की आपूर्ति नहीं होनी चाहिए, गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पल्लू में मां ब्रह्माणी मेला स्थल पर खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने और आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को मिठाई विक्रेताओं, होटल संचालकों और दुकानदारों की बैठक आयोजित की। इसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने, मिलावट पर रोक लगाने और खाद्य सुरक्षा नियमों की पालना करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि निरीक्षण के दौरान मिलावट, गुणवत्ता में कमी या नियमों का उल्लंघन मिलने पर संबंधित प्रतिष्ठान संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा कि मिठाई विक्रेता और होटल संचालक खाद्य पदार्थों की शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। मिठाई बनाने में इस्तेमाल होने वाले मावे की खरीद नियमानुसार और विश्वसनीय स्रोतों से की जाए। मावे की खरीद के प्रमाणित बिल और अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रतिष्ठान में उपलब्ध होने चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की टीम कभी भी निरीक्षण कर सकती है, इसलिए सभी संचालक खाद्य सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करें।



दिए निर्देश : बैठक में दुग्ध आपूर्ति करने वालों को भी निर्देश दिए गए कि क्षेत्र में नकली दूध की आपूर्ति नहीं होनी चाहिए। मिठाई बनाने में मिलावटी या अमानक सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया जाए। होटल, दुकानों और मिठाई भंडारों में काम करने वाले कर्मचारियों के आवश्यक स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र भी नियमानुसार उपलब्ध होने चाहिए। अधिकारियों ने व्यापारियों से आमजन को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने की अपील की। बैठक में मौजूद होटल संचालकों, मिठाई विक्रेताओं और अन्य प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों को खाद्य पदार्थों की शुद्धता बनाए रखने, मिलावट से बचने तथा निरीक्षण के दौरान जरूरी दस्तावेज उपलब्ध करवाने के संबंध में समझाइश की गई।

सीएचसी पल्लू का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांचीं

बैठक के साथ ही सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पल्लू का निरीक्षण किया। इस दौरान डीआईसी, लैब, आपातकालीन सेवाओं, महिला वार्ड और पुरुष वार्ड सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण में अस्पताल की व्यवस्थाओं और उपलब्ध सेवाओं की जांच की गई। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को संतोषजनक पाया। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कार्मिकों को दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर महामाया होटल से संतलाल, शिव शक्ति होटल से रतिराम, बीकानेर स्टोर एंड रेस्टोरेंट से शंकर सिंह, ऊंटवालिया मिष्ठान भंडार से रामनिवास, भाई-भाई रसगुल्ला भंडार से रामस्वरूप, नीलकंठ मिष्ठान भंडार से कुलदीप, करणी मिष्ठान भंडार से लाल सिंह और जोधपुर स्वीट एंड रेस्टोरेंट से गोविंदराम सहित महेंद्र कुमार, मनोज कुमार, प्रभु जोशी, प्रदीप कुमार व अन्य प्रतिष्ठान संचालक मौजूद रहे।

गंदे पानी में से गुजरने को मजबूर बच्चे

स्कूल के सामने सड़क बनी तालाब



सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील। क्षेत्र में गुरुवार तड़के सुबह 4 बजे हुई झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। बारिश के कारण स्कूल के सामने वाली मुख्य सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई। सड़क पर पानी भरने से सुबह स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी का स्तर बढ़ने के कारण बच्चे गंदे पानी के बीच से गुजरकर विद्यालय पहुंचने को मजबूर हुए। इस दौरान कई बच्चे फिसलकर गिर गए और पूरी तरह भीग गए। सड़क पर जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि नालियों की नियमित सफाई नहीं होने और जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था के अभाव में बारिश होते ही सड़क पर पानी भर जाता है। इसके बावजूद संबंधित विभाग समस्या के स्थायी समाधान की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल के सामने वाली सड़क पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था करवाई जाए, ताकि विद्यार्थियों और राहगीरों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

जानी लोक अदालत की प्रक्रिया

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं नेहरू मेमोरियल विधि महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में टाउन स्थित एडीआर भवन में विधिक चेतना कार्यशाला आयोजित हुई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने विद्यार्थियों को निःशुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता और पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी दी। स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष पवन शर्मा ने बिजली, पानी, परिवहन, बैंकिंग और आवास जैसी लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों के समाधान की प्रक्रिया समझाई। साथ ही विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 और दहेज प्रथा से जुड़े कानूनी प्रावधानों पर चर्चा की गई।

ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों में गुरुवार को ग्लोबल हैंडवॉशिंग डे मनाया गया। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि इस वर्ष की थीम ह्यबी ए हैंड हाइजीन हीरोह्न है। स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों व आमजन को साबुन से हाथ धोने, संक्रमण से बचाव और स्वच्छता की आदत अपनाने के प्रति जागरूक किया।

मजबूत प्रत्याशियों के चयन पर मंथन



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायत चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को जंक्शन स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर में हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले के जिम्मेदार पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें पंचायत चुनाव में मजबूत और जिताऊ प्रत्याशी उतारने, विभिन्न पंचायत समितियों में चुनावी जिम्मेदारियां तय करने तथा प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बसपा के मुख्य जोन प्रभारी भगवान सिंह बाबा ने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने जोन और ब्लॉक में मजबूत व जिताऊ प्रत्याशियों का चयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य जिला प्रमुख और पंचायत समिति प्रधान बनाने में निर्णायक भूमिका निभाना है।

सोलर पैनल से बिजली खर्च में मिलेगी राहत, एआई ई-लाइब्रेरी शुरू

बार संघ में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। अधिवक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए हनुमानगढ़ बार संघ में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। बार संघ अध्यक्ष रोहित सिंह खिच्ची के दस माह के कार्यकाल में बार रूम, पुस्तकालय और कैंटीन के लिए 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया गया है। इससे हर माह करीब 30 हजार रुपए के बिजली बिल में राहत मिलने की उम्मीद है। पुस्तकालय में वाई-फाई, कंप्यूटर और एआई आधारित ई-लाइब्रेरी की सुविधा शुरू की गई है। इसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले उपलब्ध हैं।



अधिवक्ता कानूनी विषयों से संबंधित निर्णय खोजने के साथ जवाबदावा, याचिका और जमानत प्रार्थना पत्र तैयार करने में भी इसका उपयोग कर सकेंगे। बार संघ की वित्तीय व्यवस्था सुधारने के लिए एचडीएफसी बैंक में खाता खुलवाया गया है। वकालतनामे की टिकटों की बिक्री से प्राप्त राशि अब स्कैनर के माध्यम से खाते में जमा होगी। वहीं, फर्जी वकीलों पर अंकुश लगाने के लिए स्कैनरयुक्त आईकार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू की गई है।

नोहर की नाजमीन का जयपुर की मॉक विधानसभा के लिए चयन



सीमा सन्देश # नोहर। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नंबर-1, नोहर की कक्षा 12वीं की छात्रा नाजमीन ने जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और नोहर का नाम रोशन किया है। नाजमीन का चयन जयपुर में आयोजित होने वाली मॉक विधानसभा में भाग लेने वाले चार विद्यार्थियों में हुआ है। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के तत्वावधान में समग्र शिक्षा, हनुमानगढ़ की ओर से 12 एवं 13 अक्टूबर को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जोड़कियां में जिला स्तरीय प्रबल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के सात ब्लॉकों से चयनित 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में नाजमीन ने नोहर ब्लॉक का प्रतिनिधित्व किया और अपने प्रदर्शन के दम पर जयपुर में होने वाली मॉक विधानसभा के लिए चयनित हुई। इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कस्वां, उपप्राचार्य जागृति कंदोई सहित समस्त स्टाफ ने नाजमीन को बधाई दी और जयपुर में आयोजित होने वाली मॉक विधानसभा में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। नाजमीन की इस उपलब्धि को विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया गया।

मतदान के लिए आमजन को जागरूक कर रहा विभाग

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायत राज चुनाव के तहत आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने तथा लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण पर्व में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से आमजन को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशन में जिले के चिकित्सा संस्थानों में मतदान जागरूकता को लेकर विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।



डॉ. सागर मल लड्ढा सम्मानित

हनुमानगढ़। सालासर और पल्लू की ओर पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सहयोग देने पर टाइम्स आयुर्वेद कॉलेज के चेयरमैन डॉ. सागर मल लड्ढा को सम्मानित किया गया। सहयोग शक्ति फाउंडेशन और आयुर्वेद विभाग की ओर से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस मौके पर आयुर्वेद विभाग के डिप्टी डायरेक्टर तीर्थ कुमार शर्मा, प्राकृतिक चिकित्सालय में कार्यरत डॉ. कुलदीप तथा यातायात शाखा प्रभारी अनिल चिंदा मौजूद रहे।



स्वामी अच्युतानंद तीर्थ महाराज का मोदी निवास पर हुआ स्वागत



सीमा सन्देश # नोहर। सिद्धपीठ भूमानिकेतन आश्रम, हरिद्वार के प्रमुख स्वामी अच्युतानंद तीर्थ महाराज के नोहर आगमन पर संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी के निवास मोदी निवास पर श्रद्धापूर्वक स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर कमला मोदी, संजय मोदी, मयंक मोदी ने महाराज श्री का आत्मीयता और उल्लास के साथ स्वागत किया। महाराजश्री की उपस्थिति से निवास का वातावरण आध्यात्मिकमय हो गया। इस दौरान काफी समय तक धर्म-चर्चा और सत्संग हुआ। आध्यात्मिक चिंतन, जीवन-मूल्यों और धर्मबोध से जुड़े विचारों ने उपस्थित लोगों को आत्मिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव कराया। इस अवसर उन्होंने ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को अपने इतिहास को भुलना नही चाहिए। मोबाइल व नशे से दूर रहने की बात उन्होंने कही। इस पावन अवसर पर भीमसेन गोल्याण, राजू रानियांवाला, रमेश खटोतिया, महेश खटोतिया, प्रेम दायमा, हनुमान प्रसाद व्यास, पत्रकार मुकेश पारीक, जेके वर्मा, दिनेश मोदी, गोविन्द गर्ग, अमित हिसारिया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों और कर्मचारियों को हाथ धोने के सही तरीके बताए, संक्रमण से बचाव का दिया संदेश

एमडी कॉलेज में ग्लोबल हैंड वॉशिंग डे पर जागरूकता कार्यक्रम

सीमा सन्देश # पल्लू। एमडी कॉलेज में ग्लोबल हैंड वॉशिंग डे के उपलक्ष्य में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डीएमएलटी एवं बीएससी आयुष नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र के विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा संक्रमण से बचाव के लिए नियमित रूप से सही तरीके से हाथ धोने की आदत विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, हनुमानगढ़ डॉ. नवनीत शर्मा ने महाविद्यालय में संचालित प्रयोगशालाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को चिकित्सा एवं प्रयोगशाला संबंधी उपयोगी जानकारियां प्रदान करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में स्वच्छता और सावधानियों के महत्व से अवगत कराया।



प्राथमिक उपचार की दी जानकारी

इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरमसर से आये डॉ. जितेन्द्र खालिया ने विद्यार्थियों को हाथ धोने की वैज्ञानिक एवं सही विधि ह्यसुमन-केह्न के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, संक्रमण की रोकथाम करने, घाव को सुरक्षित तरीके से साफ करने तथा जले हुए स्थान पर प्राथमिक उपचार देने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

जताया आभार

कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक देवेन्द्र खालिया ने उपस्थित अतिथियों एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्वनी जाखड़, डॉ. महावीर सिंह पूनिया, प्राध्यापक मेहरचंद वर्मा, चंद्र भान बिजारणिया, सुरेंद्र सहारण, भादर डुकिया, राकेश खान भैरानी, धनराज सुथार, निशांत शर्मा, दीनदयाल वर्मा, विनोद गंडास, रामचंद्र सहारण, अजय सिहाग, मुकेश गोदारा, शिम्भूदयाल पारीक, काशी, विपिन, लखविंद्र सिंह, लवप्रीत सिंह, दीनदयाल जोशी, पूनमचंद गोस्वामी, रोहिताश नैण, प्रकाश बेनीवाल एवं दुलीराम उपस्थित रहे। इसके अलावा जैता शर्मा, सुदेशना सिहाग, आशा, अंजू, कविता, पूजा स्वामी, सरला, बनारसी, सरला, विमला एवं मंजू सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने होटलों प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

स्वास्थ्य विभाग की जांच में एक ही फ्रिज में शाकाहारी व मांसाहारी भोजन रखने तथा साफ-सफाई में लापरवाही बरतने का मामला सामने आने पर अशोका होटल को नोटिस जारी किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत शहर के विभिन्न होटलों व प्रतिष्ठानों में निरीक्षण कर ग्रेवी, दाल व पनीर सहित खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इस दौरान भोजन भट्ट होटल, जिप्सी होटल से ग्रेवी, अशोका होटल से तैयार ग्रेवी व दाल तथा राज पनीर व न्यू राज पनीर से पनीर के नमूने संग्रहित किए गए। जांच के दौरान अशोका होटल में वेज व नॉनवेज खाद्य पदार्थ एक ही फ्रिज में रखे मिले। इसके अलावा साफ-सफाई की स्थिति भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर टीम ने फ्रिज में रखे शाकाहारी भोजन को नष्ट करवाया गया। विभाग की ओर से होटल संचालक को कमियों में सुधार के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों हेतराम खुड़िया व नरेश सेवदा की टीम ने यह कार्रवाई की।

करणी माता मंदिर में चल रही है पूजा-अर्चना

सीमा सन्देश # सादुलशहर। श्री करणी माता मंदिर में नवरात्रों के चलते प्रतिदिन पुजारी टीनू शर्मा के सान्निध्य में पूजा-अर्चना चल रही है। यजमान शिक्षाविद् श्याम कुमार शर्मा, हनुमान डेलू, अनिल अग्रवाल, बृजमोहन बजाज आदि ने पूजा-अर्चना करवाई। श्री करणी माता से क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इसके बाद महाआरती कर प्रसाद वितरित किया गया।

सूरतगढ़: पीएम श्री नवोदय में सजी आदर्श युवा ग्राम सभा



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

शहर के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में आदर्श युवा ग्राम सभा आयोजित की गई, जहां विद्यार्थियों ने पेयजल, शिक्षा और सड़कों जैसी समस्याओं पर चर्चा कर कार्यप्रणाली को समझा। प्राचार्य रामावतार बुरड़क की अध्यक्षता और पूर्व पार्षद राजाराम गोदारा के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम में छात्रा किरण ने सरपंच और संदेश ने ग्राम विकास अधिकारी की भूमिका निभाई। सभा के दौरान सदस्यों ने गांव की विभिन्न समस्याएं उठाईं, जिनके समाधान सरपंच बनी किरण ने पेश किए। इस दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण, खेल मैदान समतल करने, नालियों की मरम्मत, तालाबों के पुनरुद्धार और पेंशन शिविर आयोजित करने जैसे कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। मुख्य अतिथि गोदारा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की, जबकि समन्वयक सुरेंद्र गोदारा और वरिष्ठ शिक्षक रजनीकांत शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

अनूपगढ़ : पार्षद कोमल ने पालिकाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



सीमा सन्देश # अनूपगढ़

स्थानीय नगर पालिका के वार्ड नंबर 8 की पार्षद कोमल भवनीया ने वार्ड की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान और विकास कार्य करवाने की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिला छाबड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से वार्ड में विभिन्न स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़कों और नालियों का निर्माण, पुलियाओं का पुनर्निर्माण तथा जलभराव की समस्या का समाधान करवाने सहित कुल 12 विकास कार्य प्राथमिकता से करवाने की मांग उठाई गई। नगर पालिका अध्यक्ष निखिला छाबड़ा ने समस्याओं पर जल्द उचित कार्रवाई कर समाधान करवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पूर्व पार्षद मोनू भवनीया और समाजसेविका प्रवीण नायक भी उपस्थित रहीं।

श्रीविजयनगर तहसील में दूध के दाम बढ़ाने की मांग, ज्ञापन दिया



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर

तहसील क्षेत्र के ग्रामीण पशुपालकों ने दूध के दाम बढ़ाने और नकली दूध के कारोबार पर रोक लगाने की मांग को लेकर गुरुवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पशुपालकों ने बताया कि खल, बिनौला, दवाइयों और पशुचारे के दाम काफी बढ़ चुके हैं, लेकिन उन्हें दूध के पुराने रेट ही मिल रहे हैं, जिससे पशु पालन-पोषण का खर्च निकलना मुश्किल हो गया है। श्रीगंगानगर जिले की अन्य मंडियों में गाय का दूध 60 रुपये तथा भैंस का दूध 80 रुपये प्रति लीटर तक खरीदा जा रहा है, जबकि श्रीविजयनगर के पशुपालक कम दामों पर दूध बेचने को मजबूर हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि 10 दिनों के भीतर दूध के रेट बढ़ाए जाएं और नकली दूध के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई हो। मांग पूरी न होने पर पशुपालकों ने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस दौरान मगा सिंह पूर्व सरपंच, कामरेड राजकुमार घारू, जसवीर सिंह, जस्सा सिंह, जीत सिंह, जगजीत सिंह, मदन लाल, बलराज सिंह, जसविंदर सिंह और सुरेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।

एसडीएम कार्यालय के समक्ष दूसरे दिन भी दिया सांकेतिक धरना, मांग: रिश्वत मांगने वाले बाबू को सस्पेंड किया जाए

सादुलशहर : परिवादी एवं अधिवक्ता से एक हजार रिश्वत रु. मांगने का मामला दूसरे दिन भी छाया रहा

सीमा सन्देश # सादुलशहर



एसडीएम कार्यालय में एक कार्मिक द्वारा परिवादी एवं बार संघ के सदस्य एडवोकेट अमन बराड से शांति भंग के मामले में रिश्वत मांगने का मामला दूसरे दिन भी छाया रहा। बार संघ के सदस्य दूसरे दिन गुरूवार को भी उपखंड कार्यालय के समक्ष पहुंचे और नारेबाजी कर सांकेतिक धरना लगाया। यही नहीं आक्रोशित अधिवक्ताओं ने बार संघ के अध्यक्ष सुभाष पटीर एवं पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, एडवोकेट रविंद्र मोदी एवं लक्ष्मीनारायण सहगल, सचिव राकेश गुरिया की अगुवाई में जबरदस्त नारेबाजी करते हुए संबंधित बाबू विकास मीणा को सस्पेंड कर तुरंत स्थानांतरण करने की मांग रखी। धरनार्थियों को संबोधित करते हुए बार संघ के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि परिवादी एवं अधिवक्ता से शांति भंग करने के एक प्रकरण में जमानत तस्दीक के लिए चुनाव शाखा एवं एसडीएम कार्यालय में बाबू का काम देख रहे विकास मीणा ने एक हजार रूपए की रिश्वत मांगी। यही नहीं उक्त बाबू ने परिवादी से यहां तक कह दिया कि अगर किसी वकील को लेकर आए तो प्रत्येक व्यक्ति दो हजार लूंगा। जो होता है कर लो। इसको बार संघ कतई सहन नहीं करेगा, चाहे आंदोलन कितना भी लंबा करना पडे करेंगे। बार संघ के अध्यक्ष सुभाष पटीर ने बताया कि यह प्रकरण 12 अक्टूबर का है। इस प्रकरण को लेकर 13 अक्टूबर को बार संघ के शिष्टमंडल ने एसडीएम संजय अग्रवाल से मुलाकात की। यही नहीं अधिवक्ता अमन बराड एवं परिवादी ने भी शिष्टमंडल के समक्ष एसडीएम को प्रकरण के बारे में जानकारी दी परंतु उक्त लिपिक के खिलाफ कोई कार्रवाई करना तो दूर उल्टा बार संघ के खिलाफ ही मनगढ़ंत अफवाहें फैलाई जा रही हैं। इस पर सभी अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से उक्त बाबू विकास मीणा को सस्पेंड कर अन्यत्र भिजवाने की मांग उच्चाधिकारियों को भिजवाई है। जब तक मांग पूरी नहीं होगी बार संघ सदस्य उपखंड अधिकारी कार्यालय के समक्ष सांकेतिक धरना जारी रखेंगे। राजस्व न्यायालय में कार्य भी स्थगित रहेगा। धरना देने वालों में बार संघ के उपाध्यक्ष संत कुमार वर्मा, सचिव राकेश गुरिया, पूर्व अध्यक्ष मणिराम जालप, कुंदनलाल चुघ, कपिलदेव पारीक, रविंद्र मोदी, मेजर सिंह, थावरदास सेठी, राधेश्याम जोशी, कृपाल सिंह, रामकुमार जालवाल, अमित चावला, लाभ सिंह सौलंकी, संजय गरूआ, नरेश गोदारा, विकास गुरिया, मनीष चावला, बलवंत सिंह बुडानिया, जगनंदन सिंह चहल, रामकुमार टांक, हरदीप सिंह मान, अजब खीचड, बृज चौहान, गुरप्रीत सिंह मान, धर्मेंद्र खीचड, सहायक अभिषेक सहारण आदि शामिल हैं। एसडीएम संजय अग्रवाल ने बताया कि अधिवक्ताओं द्वारा कार्यालय में कार्यरत कार्मिक विकास मीणा के साथ दुर्व्यवहार किया गया है। इस संबंध में जिला कलेक्टर सहित सादुलशहर पुलिस थाना में कार्रवाई के लिए पत्र भिजवाया गया है। घटना वाले दिन वे तहसीलदार के साथ आरओ मीटिंग श्रीगंगानगर में गए हुए थे।

मेरिट में स्थान पानेवाले अंकित को 11 हजार का नगद पुरस्कार

पदमपुर: सुरेंद्र कौर मैमोरियल कृषि कॉलेज की प्रतिभाओं का सम्मान

सीमा सन्देश# पदमपुर



सुरेंद्र कौर मेमोरियल कृषि कॉलेज, 24 बी बी में हुए प्रतिभा सम्मान समारोह के दौरान प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कॉलेज निर्देशक मनजोत सिंह के सानिध्य में सम्मानित किया गया। स्नातक कृषि वर्ष 2025-26 में अंतर्गत छात्र अंकित खन्ना ने कालेज स्तर पर मेरिट में स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धी पर कॉलेज की तरफ से 11000 रुपए व छात्रा गरिमा और हर्षिता के दूसरा स्थान प्राप्त करने पर नगद राशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए राजस्थानी साफा पहनाकर सम्मानित किया गया । विद्यार्थी सुंदर संधू, गौतम गोदारा, जिया तंवर, दिव्या कंबोज तथा कोमल द्वारा 75% अंक या इससे अधिक अंक हासिल करने पर उन्हे प्रशस्ति पत्र देकर तथा साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में भी छात्रा रवीना वर्मा तथा नेहा ने विश्व विद्यालय स्तर पर मेरिट में स्थान प्राप्त किया था । पिछले दो वर्षों से विद्यार्थी विश्वविद्यालय स्तर पर मेरिट में अपना स्थान प्रदान करवा चुके हैं । मुख्य अतिथि डॉ. राजवीर सिंह चौधरी, विषय विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान), कृषि विज्ञान केंद्र, पदमपुर ने विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों में भी उत्साह से भाग लेना आवश्यक है । विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। सुरेंद्र कौर मेमोरियल एजुकेशनल एवं सोशल वेलफेयर संस्था के अध्यक्ष डॉ. मनजोत सिंह छिन्जर ने विद्यार्थियों को हर संभव सुविधा देने का भरोसा दिलाया। प्राचार्य डॉ. बी. एस यादव ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। महावीर प्रसाद जाखड़ ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मंच संचालन डॉ. अमित कुमार ने किया।

टूर्नामेंट आयोजन समिति द्वारा विधायक बराड़ का सम्मान



सीमा सन्देश # सादुलशहर

शहीद भगत सिंह क्रिकेट क्लब द्वारा गांव बुधसिंहवाला के बाबा बुधसिंह खेल मैदान में स्व. गुरविंद्र सिंह सिधू की याद में करवाए गए पांच दिवसीय ऑपन क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में आए विधायक गुरवीर सिंह बराड का आयोजन समिति की ओर से सम्मान किया गया। यही नहीं स्व. गुरविंद्र सिंह सिधू को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद ग्राम पंचायत में करवाए गए विकास कार्यों एवं खेल क्षेत्र की उपलब्धियों के लिए विधायक को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस दौरान भामाशाह रेशम सिंह सिधू, आयोजक मंडल के राजा सिधू, गुलशन बराड, जैकी हरौलही, तरसेम चहल, बलकरण सिंह बराड, हैड ग्रंथी लक्खा सिंह मान, पूर्व सरपंच गुरसेवक सिंह बराड, जसविंद्र सिंह बराड, हरदीप सिंह, दर्शन सिंह बराड, जगसीर सिंह बराड, बूटा सिंह बराड, पूर्व पंच रामवीर अठवाल, एडवोकेट अमनदीप सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

डाडा पम्माराम कॉलेज की निशा ने तहसील में किया टॉप

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय परीक्षा में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर



महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा जून 2026 में आयोजित सेमेस्टर-5 परीक्षा में डाडा पम्माराम गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। निशा ने 90 % अंक प्राप्त कर श्रीविजयनगर तहसील में प्रथम, ममता ने 86.4 % अंक के साथ दूसरा तथा राधिका और गीता ने 84 प्रतिशत अंक पाकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस सफलता पर प्रबंधन समन्वयक अंजू मिढ्ढा, प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि छात्राओं की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कॉलेज बालिका शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है और भविष्य में भी ऐसी उपलब्धियां हासिल करता रहेगा।

पंजाब सीमा पर स्थित राजपुरा चैक पोस्ट पर की गई वाहनों की जांच, आवागमन रहा सामान्य

पंजाब बंद के मद्देनजर पतली चैक पोस्ट पर बरती गई चौकसी

सीमा सन्देश # सादुलशहर



पंजाब के मानसा में एंटी ड्रग एक्टिविस्ट परमिंदर झोटा की हत्या के विरोध में 15 अक्टूबर गुरूवार को घोषित पंजाब बंद के मद्देनजर सादुलशहर पुलिस थाना अंतर्गत सादुलशहर-अबोहर मार्ग पर पंजाब सीमा पर स्थित पतली चैक पोस्ट एवं बहाववाला पंजाब अंतर्गत पुलिस चैक पोस्ट पर पुलिस बल तैनात रहा। दोनों महत्वपूर्ण चैक पोस्ट पर विशेष चौकसी बरती गई। पतली चैक पोस्ट प्रभारी जिंद्रपाल ने बताया कि सादुलशहर-अबोहर सडक मार्ग पर आवागमन पूर्व की भांति जारी रहा परंतु चौकसी बरती गई। आवागमन करने वाले वाहनों पर निगरानी रही। वहीं पंजाब के बहाववाला पुलिस थाना अंतर्गत राजपुरा चैक पोस्ट प्रभारी एएसआई लेखराज ने बताया कि मानसा में हुए परमिंद्र झोटा हत्याकांड के विरोध में पंजाब बंद के मद्देनजर विशेष निगरानी रखी गई। सादुलशहर-अबोहर सडक मार्ग के मध्य स्थित राजपुरा चैक पोस्ट पर आवागमन करने वाले वाहनों की जांच-पडताल की गई। बिना नंबरी, बिना रजिस्ट्रेशन पाए जाने वाले वाहनों के चालान काटे गए। कुछ वाहन सीज भी किए गए। एएसआई लेखराज ने यह भी बताया कि बहाववाला थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा के निदेर्शानुसार राजस्थान के धार्मिक स्थल सालासर, पल्लू आदि जाने वाले वाहनों के चालक यातायात नियमों की बहुत अधिक अवहेलना कर रहे हैं। बाइकस पर म्युजिक सिस्टम, प्रेशर हॉर्न लगाए दुपहिया वाहनों के भी चालान काटे गए हैं। थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने वाहन चालकों से वाहनों के आगे-पीछे लगी नंबर प्लेट पर साफ-सुथरे शब्दों में रजिस्ट्रेशन अंकित करवाने का आह्वान किया। वहीं बिना नंबरी प्लेट वाहन का उपयोग कतई नहीं करने के निर्देश भी दिए हैं।

प्रशासन व मेला समिति की संयुक्त बैठक में सुरक्षा, आवागमन और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप

चानणाधाम के वार्षिक महोत्सव की तैयारियां, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यातायात योजना

सीमा सन्देश # पदमपुर



श्री बालाजी महाराज के पावन धाम चानणाधाम में 20 से 25 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले 56वें वार्षिक महोत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को प्रशासन एवं जय श्री हनुमान चानणाधाम प्रबंध समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, आवागमन के मार्ग तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए प्रशासन ने विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले वाहनों एवं पैदल यात्रियों के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास मार्ग निर्धारित किए हैं, जिससे मेले के दौरान यातायात सुचारु बना रहे।

क्षेत्रवार तय किए गए प्रवेश एवं निकास मार्ग: बैठक में तय किया गया कि श्रीगंगानगर की ओर से चुनावढ़-घुड्डूवाला मार्ग से केवल मोटरसाइकिल, संस्था के वाहन एवं पैदल श्रद्धालुओं को ही आवागमन की अनुमति होगी। श्रीकरणपुर एवं केसरीसिंहपुर क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु 5 एनएन मार्ग से चानणाधाम पहुंचेंगे तथा इसी मार्ग से वापस लौटेंगे। पदमपुर, गजसिंहपुर, रायसिंहनगर, जैतसर एवं विजयनगर क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए डी.डी. हेड से 5 सी.सी. मार्ग होकर प्रवेश तथा वापसी के लिए 17 बीबी मार्ग निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सूरतगढ़, बीझबायला एवं रिड़मलसर की ओर से आने वाले श्रद्धालु सी.सी. हेड से 13 बी.बी. होते हुए 2 बी.बी. मार्ग से चानणाधाम पहुंचेंगे तथा सी.सी. मार्ग से धाम में प्रवेश करेंगे। वापसी के लिए 17 बीबी मार्ग का उपयोग किया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि 17 बीबी मार्ग से धाम में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा तथा श्रद्धालुओं से केवल निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करने की अपील की गई है।

प्रशासन एवं मेला समिति ने संभाली जिम्मेदारी: बैठक में एसडीएम राजेन्द्र कुमार, तहसीलदार सूर्यदेव स्वामी, सीओ पुष्पेंद्र सिंह, एसएचओ सुमन जयपाल, विद्युत, जलदाय, चिकित्सा एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों सहित ग्राम पंचायत चानणा और 4 एनएन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जय श्री हनुमान चानणाधाम प्रबंध समिति की ओर से महंत श्री गोपीराम जी बागड़िया, संरक्षक प्रभातीलाल मित्तल, उपप्रधान विक्रमजीत वर्मा, मेला प्रभारी पूर्ण सिंह चौहान, पुजारी रामचन्द्र शास्त्री, यातायात प्रभारी दलीप बिश्नोई, कोषाध्यक्ष महावीर प्रसाद अरोड़ा सहित अनेक पदाधिकारी एवं सेवादार मौजूद रहे। बैठक का संचालन दीपक नायक ने किया।

श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील: महंत गोपीराम बागड़िया के सान्निध्य में आयोजित बैठक में महोत्सव को व्यवस्थित, सुरक्षित एवं सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। प्रशासन एवं मेला समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात मार्गों का पालन करें, प्रशासन एवं सेवादारों के निदेर्शों का सहयोगपूर्वक अनुपालन करें और अनुशासित ढंग से महोत्सव में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं।

न्यूज इन ब्रीफ

जगदम्बा विद्यालय में एनसीसी शुरू

खाजूवाला। जगदम्बा पीजी महाविद्यालय खाजूवाला में एनसीसी का कोर्स शुरू हो गया है। जगदम्बा पीजी महाविद्यालय के निदेशक रतन सिंह कच्छावा ने बताया कि यह कोर्स तीन वर्ष का है। इस कोर्स के करने से बच्चों को बीएसएफ आर्मी में जाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। सीमावर्ती छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। जगदम्बा पीजी महाविद्यालय में एनसीसी कोर्स शुरू होने से बच्चों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इससे पूर्व इस महाविद्यालय में एनएसएस की तीन इकाइयां संचालित हो रही हैं। महाविद्यालय ने अनेक कोर्स संचालित हो रहे हैं।

सूरतगढ़ में वैरायटी स्टोर से चोरी

सूरतगढ़। कस्बे के वार्ड नंबर 39 में श्री माहेश्वरी धर्मशाला के पास पावनी वैरायटी स्टोर से दो युवक टॉफी-चॉकलेट के डिब्बे चुरा ले गए। गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे दुकान संचालक सफाई के बाद अंदर गया था, तभी पीछे से आए युवक डिब्बे उठा ले गए। घटना धर्मशाला के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज में दोनों युवक चोरी का सामान ले जाते दिखाई दिए। तलाश के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिला है।

स्वयंसेवकों की बैठक

कीकरवाली। गांव के श्री ठाकुर जी मंदिर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं ग्रामीणों की ओर से दशहरा पर्व पर पथ संचलन के लिए स्वयंसेवकों की बैठक हुई। इसमें बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। तहसील प्रचारक ने राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारा, सदभावना का पाठ पढ़ाया। रायसिंहनगर उपखंड स्तरीय पर पंथ संचलन के लिए स्वयंसेवकों से आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने में लग जाने की बात कही।

जागरण 25 को

कीकरवाली। ग्राम 61 आर बी स्थित श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर पर सेवा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से 25 अक्टूबर को वार्षिक जागरण का आयोजन किया जाएगा। समिति के सहयोग से दिन भर श्री राम-नाम कीर्तन चलेगा व रविवार को भंडारा कार्यक्रम रखा गया है। साफ-सफाई की जा रही है।।

तेज हवाओं के साथ हुई बरसात : सादुलशहर। मौसम ने गुरूवार को अल सुबह पलटा खाया। बादलों की गडगडाहट के साथ बिजली चमकी। तेज हवाओं के बीच बरसात हुई। हालांकि बरसात अधिक नहीं हुई परंतु फिर भी मौसम में ठंडक आई। सब्जियों एवं बागवानी फसल को तापमान से राहत मिली। खीचड फार्म हाउस के संचालक संजीव खीचड, कडवासरा फार्म हाउस के जितेंद्र सिंह कडवासरा ने बताया कि बरसात से सरसों एवं गेहूं की फसल बिजाई में भी फायदा मिलेगा।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

आवश्यकता
■ एक वृद्ध व्यक्ति की देखभाल के लिए (जो बैड पर है।) केयर टेकर की आवश्यकता है। उम्र 25 से 50 वर्ष तक, खाना-पीना, रहना, साथ में आकर्षक वेतन। मो. 94615-60156, 98140-35375

NAME CHANGED
■ मैंने अपना नाम सावित्री से बदलकर सावित्री गोयल रख लिया। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जावे। - सावित्री गोयल पत्नी श्री कृष्ण कुमार जाति कुम्हार निवासी वार्ड नं. 23, करनी कॉलोनी, खाजूवाला, तहसील खाजूवाला, जिला बीकानेर राजस्थान

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

✸ हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✸ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✸ नोहर : 94624-01666 ✸ संगरिया : 94146-29987 ✸ पल्लू : 96670-03883 ✸ सरदारशहर : 80786-99231 ✸ टिब्बी : 94137-33600 ✸ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✸ करणपुर : 94144-34202 ✸ रायसिंहनगर : 7878125846 ✸ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✸ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✸ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✸ जैतसर : 78910-35061 ✸ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✸ मानकसर : 99503-13776 ✸ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✸ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✸ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✸ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✸ कालूवाला : 9680496829 ✸ थालड़का : 78913-40002 ✸ गोलूवाला : 98281-32337 ✸ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✸ खाजूवाला : 96804-96829 ✸ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

मेक्सिको में 96 साल की महिला ने 18 साल के लड़के से रचाई शादी



मेक्सिको में 96-वर्षीय महिला ने 18-वर्षीय युवक से शादी की है। इस शादी में दोनों की उम्र का अंतर 78-साल है, जिसे मेक्सिको में उम्र के लिहाज से सबसे बड़े अंतर वाली शादी बताया गया है। यह विवाह क्विंटाना रू राज्य के ओथोन पी. ब्लैंको नगरपालिका में 2025 में हुआ था लेकिन इसकी जानकारी आधिकारिक वैवाहिक आंकड़ों से सामने आई।

दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट्स की सूची जारी, ऊपर चढ़ा भारत



हेनले एंड पार्टनर्स की ताजा पासपोर्ट रैंकिंग में भारत एक स्थान चढ़कर 84वें स्थान पर पहुंच गया है। सिंगापुर पहले स्थान पर है, जिसके पासपोर्ट से 193 जगहों पर बिना वीजा यात्रा की सुविधा मिलती है। जापान, दक्षिण कोरिया और यूएई शीर्ष देशों में शामिल हैं। इराक, सीरिया और अफगानिस्तान के पासपोर्ट सबसे कमजोर माने गए हैं।

वॉट्सऐप का गेस्ट कॉलिंग फीचर लॉन्च, बिना अकाउंट भी कॉल में जुड़ सकेंगे लोग



वॉट्सऐप ने 'गेस्ट कॉलिंग' नाम का एक नया फीचर पेश किया है जिसकी मदद से बिना अकाउंट वाले लोग भी कॉल में जुड़ सकेंगे। गेस्ट यूजर को निमंत्रण और मेजबान की मंजूरी जरूरी होगी। वे ब्राउजर से स्क्रीन शेयर और इमोजी रिएक्शन दे सकेंगे। कंपनी गूगल और आउटलुक कैलेंडर इंटीग्रेशन भी जल्द लाने की तैयारी में है।

यूट्यूब म्यूज़िक पर एआई से बने गानों की होगी पहचान, कंपनी ने शुरू किए नए लेबल



यूट्यूब ने अक्टूबर से यूट्यूब म्यूज़िक पर एआई से बने गानों की पहचान के लिए नए लेबल जारी किए हैं। यह लेबल तकनीक और म्यूज़िक पार्टनर्स की जानकारी के आधार पर लगाए जाएंगे। एप्पल म्यूज़िक, स्पॉटीफाई और टिडल भी ऐसी ही पहल पर काम कर रहे हैं। कंपनी भविष्य में इसे अपने वीडियो प्लेटफॉर्म पर भी लागू कर सकती है।

माइक्रोसॉफ्ट ने 20,000 स्कैमर अकाउंट और 1 लाख डोमेन किए ब्लॉक



माइक्रोसॉफ्ट ने जापान पुलिस के साथ मिलकर ऑनलाइन धोखाधड़ी नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान 20,000 से अधिक अकाउंट और 1 लाख से ज्यादा वेब डोमेन ब्लॉक किए गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यम स्टोर, CoGUI और आयरन मैन प्लेटफॉर्म से 150+ देशों में 100 करोड़ से अधिक फर्जी मैसेज भेजे गए थे।

अमेरिकी वायुसेना ने भारतीय लड़ाकू विमानों के साथ उड़ान भरते अपने F-35A की तस्वीरें कीं शेयर



अमेरिकी वायुसेना ने जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित 'तरंग शक्ति 26' की तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें अमेरिकी F-35A लड़ाकू विमान भारतीय फाइटर जेट्स संग उड़ान भरता नजर आया। भारतीय वायुसेना के इस बहुराष्ट्रीय अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त हवाई अभियानों के जरिए सहयोग और तालमेल बढ़ाना है। अमेरिका इसमें छह F-35A लड़ाकू विमान और एक KC-135R टैंकर लेकर शामिल हुआ।

ईरान पर भविष्य के हमलों में 'मदर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' का इस्तेमाल कर सकता है अमेरिका: रिपोर्ट



सीएनएन के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के दोबारा हमले के आदेश पर अमेरिकी सेना ईरान के खिलाफ GBU-43/B मैसिव ऑर्डनेंस एयर ब्लास्ट (MOAB) यानी 'मदर ऑफ ऑल बॉम्ब्स' का इस्तेमाल कर सकती है। अमेरिकी योजना में पिकऐक्स माउंटेन नामक संदिग्ध भूमिगत ठिकाने समेत परमाणु केंद्रों को निशाना बनाना भी शामिल है। MOAB अमेरिका का सबसे बड़ा गैर-परमाणु बम है।



'लेक नकुरू'

समुद्र तल से 1,754 मीटर की ऊंचाई पर स्थित केन्या की 'लेक नकुरू' इन दिनों दुनियाभर के वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर्स के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। रिफ्ट वैली की प्रमुख सोडा झीलों में शुमार इस झील में प्रचुर मात्रा में शैवाल पाए जाते हैं। भोजन की इसी प्रचुरता के कारण यहां लाखों की तादाद में गुलाबी फ्लेमिंगो (राजहंस) खिंचे चले आते हैं। इनसे झील का विहंगम नजारा बेहद खूबसूरत बन जाता है, जिसे कैमरे में कैद करने बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं।

क्रिकेट • अहमदाबाद में शुरू किया अभ्यास; टेस्ट की तैयारी, वर्कलोड मैनेजमेंट फोकस

फिट होने के बावजूद वनडे सीरीज से बाहर रह सकते हैं जसप्रीत बुमराह

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज से बाहर रह सकते हैं। हालांकि वे पूरी तरह फिट हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम मैनेजमेंट उन्हें वनडे के बजाय टेस्ट सीरीज के लिए तैयार रखना चाहता है। बुमराह अहमदाबाद में टेस्ट की तैयारी शुरू कर चुके हैं। इस महीने के आखिर में उनके बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचने की संभावना है। इसके बाद वे न्यूजीलैंड रवाना हो सकते हैं। पहला टेस्ट 19 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होना है।



• टेस्ट पर फोकस

एक रिपोर्ट के अनुसार, लंबे दौरे को देखते हुए टीम बुमराह के वर्कलोड को प्राथमिकता देना चाहती है। बुमराह को 6 नवंबर से शुरू होने वाले इंडिया ए के तीसरे मुकाबले में खिलाने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है। इससे उनका वर्कलोड बढ़ाया जा सकेगा। इसके बाद 19 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले उन्हें पर्याप्त समय मिल सकेगा। बुमराह ने पिछले साल नवंबर में घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ आखिरी बार कोई मल्टी-डे मुकाबला खेला था।

चोट के बाद टेस्ट में वापसी की तैयारी

इस साल की शुरूआत में घुटने की चोट के कारण बुमराह श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों से बाहर हो गए थे। अब टीम मैनेजमेंट उन्हें आगामी टेस्ट सीरीज के लिए फिट और उपलब्ध रखना चाहता है। इसके अलावा, अगले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को भी ध्यान में रखा जा रहा है।

जल्द घोषित हो सकती हैं टीमें

न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की वनडे और टेस्ट टीमों का ऐलान आने वाले कुछ दिनों में होने की संभावना है। सेलेक्टर्स हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ियों की फिटनेस और उपलब्धता से जुड़ी अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।

रेसलिंग • विश्वजीत मोरे का कमाल

अंडर-23 कुश्ती वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता रजत



लास वेगास। भारतीय पहलवान विश्वजीत रामचंद्र मोरे ने गुरुवार को अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में ग्रीको-रोमन कैटेगरी में भारत के लिए पहला सिल्वर मेडल जीता। अंडर-23 वर्ल्ड लेवल पर दो बार ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके मोरे पुरुषों के 55 किलोग्राम ग्रीको-रोमन फाइनल के आखिरी पलों में जॉर्जिया के कोबा कारुमिद्जे से 12-13 से हार गए। मोरे अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में दो मेडल जीतने वाले भारत के एकमात्र ग्रीको-रोमन पहलवान हैं। वह मंगलवार को अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में फाइनल तक पहुंचने वाले भारत के पहले ग्रीको-रोमन पहलवान भी बने थे।

टी-20 इंटरनेशनल : भारत ने पूरे किए 2 हजार छक्के, बना दुनिया का दूसरा देश

हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम ने टी-20 इंटरनेशनल में एक ऐतिहासिक मुकाम हासिल कर लिया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले के दौरान भारत इस फॉर्मेट में 2,000 छक्के पूरे करने वाली दुनिया की दूसरी टीम बन गई। टीम इंडिया के नाम अब 297 मैचों में कुल 2,010 छक्के दर्ज हो चुके हैं। भारत के लिए 2,000वां छक्का विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने रोस्टन चेज की गेंद पर लगाया।

हॉकी वर्ल्डकप 2026 ने दुनियाभर में 40.33 करोड़ टेलीविजन दर्शकों का रिकॉर्ड बनाया

लुसाने (स्विट्जरलैंड) (वार्ता) बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 ने टेलीविजन दर्शकों के मामले में एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। लाइव कवरेज, हाइलाइट्स, देरी से प्रसारित होने वाले प्रसारण और रिपीट के जरिए दुनिया भर में कुल 40.33 करोड़ दर्शकों ने इसे देखा। महिला और पुरुष विश्व कप के संयुक्त आयोजन ने हॉकी को वैश्विक स्तर पर अभूतपूर्व पहचान दिलाई, जिससे दुनिया भर के दर्शक इससे जुड़े।

हॉकी के लिए वैश्विक दर्शक वर्ग : कुल दर्शकों में से 30 प्रतिशत भारत से थे, जबकि लैटिन अमेरिका और चीन में से प्रत्येक का योगदान 15 प्रतिशत रहा। नीदरलैंड, जर्मनी और पाकिस्तान भी प्रमुख बाजारों में शामिल रहे। इससे पता चलता है कि इस खेल की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कितनी मजबूत फैन फॉलोइंग है और विश्व कप अलग-अलग क्षेत्रों के दर्शकों को जोड़ने में कितना सक्षम है। 2026 के इस संस्करण में, महिला हॉकी विश्व कप 2022 और पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के संयुक्त टेलीविजन दर्शकों की संख्या से दोगुनी संख्या दर्ज की गई। यह इस खेल की वैश्विक दृश्यता में एक बड़ा मील का पत्थर है।

पहुँच का विस्तार, दायरा बढ़ाना : यह वृद्धि न केवल खेल की गुणवत्ता और रोमांच को दर्शाती है, बल्कि एफआईएच की प्रसारण अधिकार रणनीति में आए बदलाव को भी दिखाती है। इसका मुख्य उद्देश्य 'फ्री-टू-एयर' (मुफ्त प्रसारण करने वाले) चैनलों पर ज्यादा जोर देकर खेल तक पहुँच को आसान बनाना था, ताकि ज्यादा से ज्यादा प्रशंसक बिना किसी सशुल्क सब्सक्रिप्शन के मैचों का आनंद ले सकें।

ब्राजील के फुटबॉलर विनीसियस जूनियर पर 4 मैच का बैन: खिलाड़ी के बाल खींचे थे

मैड्रिड। रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनिसियस जूनियर पर चार लीग मैचों का बैन लगा है। वे बार्सिलोना के खिलाफ एल-क्लासिको नहीं खेलेंगे। यह मैच 26 अक्टूबर को स्पेनिश लीग ला-लीगा में खेला जाएगा। स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन की अनुशासन समिति ने बुधवार को विनिसियस पर 4 मैचों का प्रतिबंध लगाया है। ब्राजील के इस फुटबॉलर ने 11 अक्टूबर को मैच में



विलारियल के नाथन सालिबा के बाल खींचे थे। हालांकि, विलारियल 1-0 से जीत गया।

स्टब्स बाहर, रिकलटन करेंगे विकेटकीपिंग

गकेबेरहा (वार्ता) दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गकेबेरहा में होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए ट्रिस्टन स्टब्स को टीम से बाहर कर दिया गया है।



उनकी जगह मैथ्यू ब्रीट्जके को टीम में शामिल किया गया है। ब्रीट्जके ने दक्षिण अफ्रीका के लिए अब तक दो टेस्ट मैच खेले हैं- अक्टूबर 2024 में बंगलादेश के खिलाफ और जुलाई 2025 में जिम्बाब्वे के खिलाफ। ब्रीट्जके के आने से बैटिंग लाइन-अप में बदलाव होना तय है। कॉनराड ने यह भी पुष्टि की है कि रयान रिकलटन विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसका मतलब यह है कि काइल वेरेने, जिन्होंने अपनी पिछली 13 टेस्ट पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है, उनके शुरूआती 11 खिलाड़ियों (प्लेइंग इलेवन) में शामिल होने की संभावना कम है, हालांकि वह अभी भी टीम के साथ बने रहेंगे।

अखंड सौभाग्य और नारी गरिमा की प्रेरणा : सती अनुसूया

नवरात्र शृंखला-7



अनुसूया

प्राचीन युग में ऋषि कर्दम और उनकी पत्नी देवहूति का आश्रम था. तपोवन का वह हिस्सा, कर्दम की भक्ति, और देवहूति के धर्माचरण से शोभित था. उनकी अनुसूया नामक एक कन्या थीं. अनुसूया नाम अर्थ ही होता हैं- जिसमें ईर्ष्या या द्वेष ना हो. और यह कन्या, बिल्कुल ऐसी ही, सौम्य, सरल और निश्छल थीं. प्रेम और वात्सल्य की ऐसी मूर्ति, कि आसपास के हिंसक पशु भी, उनके सानिध्य में शांत हो जाया करते। ऋषि आश्रम में संतों ने भविष्वाणी की थी- यह कन्या परम् पतिव्रता होंगी। संसार में इनकी यश-पताका युगों तक स्थापित रहेगी।

संतों की भविष्यवाणी तो भविष्य के लिए थी. अभी तो माता-पिता, अपनी इस कन्या के लिए योग्य वर की खोज में थे, पर ऐसी देवी स्वरूपा के लिए कौन योग्य होगा भला, यह प्रश्न सामने था और इस का उत्तर देवर्षि नारद के पास ऋषि अत्रि जी के रूप में था, जो सप्तऋषियों में से एक थे। वे तप और भक्ति का अद्भुत मेल थे और अनुसूया के पति के रूप में, अत्रि ही सर्वथा योग्य थे।

पाणिग्रहण हुआ, और अनुसूया पति के आश्रम चित्रकूट आ गईं। यहां नित्य प्रति गौ-सेवा, अतिथि-सत्कार, धर्मचर्या और पति में एकनिष्ठ अनुराग ही अनुसूया का जीवन था। पति कई दिनों से तप कर रहे हों, तब माता निराहार व्रत में होतीं। पति यज्ञ में हों या आश्रम के कार्यों में व्यस्त हों, अनसूया हमेशा उनके साथ सेवा - प्रेम भाव में डूबी हुई ही रहतीं। प्रकृति का नियम है - धर्म के किसी भी मार्ग में यदि पूरी निष्ठा और आस्था से चल पड़ें, तो वही कल्याण का मार्ग बन जाता है। पतिव्रत धर्म के प्रभाव से अनुसूया का तेज बढ़ने लगा। समस्त लोकों में उनकी चर्चाएँ होने लगी, पर इन सब से अनभिज्ञ अनुसूया अपनी धुन में लगी रहतीं।

पर एक समय चित्रकूट में भयंकर अकाल पड़ा। अत्रि जी, जन कल्याण के लिए तीनों लोकों की यात्रा पर थे। भूख और प्यास से त्राहि मचने लगी, तब कोई उपाय शेष न देख, अनुसूया ने गंगा जी को प्रसन्न करने के लिए , घोर तप का संकल्प ले लिया, परन्तु अनुसूया तो स्वयं पुण्य सलिला थीं। पतिव्रत धर्म का प्रभाव इतना था, कि इधर उन्होंने संकल्प किया और उधर माता गंगा स्वयं प्रगट हो गईं और उसी क्षण गंगा जी एक धारा, मंदाकिनी के नाम से चित्रकूट की ओर बह चलीं। वह मंदाकिनी, आज भी चित्रकूट में अविरल हैं और इसके बाद तो अनुसूया की महिमा, जल , थल, आकाश, सब मुक्त कंठ से गाते थे। माता अनुसूया का यश और तेज, सूर्य के समान चारों दिशाओं में प्रकाशित था।

लेकिन जब ईश्वर यश देते हैं, तब योग्यता की परीक्षाएँ भी होती हैं। स्वर्ग में भी अनुसूया के पतिव्रत धर्म की चर्चाएँ थीं। इस से पहले यह यश, केवल त्रिदेवियों को ही प्राप्त था। उन्होंने अपने पतियों से, अनुसूया की परीक्षा लेने को कहा। त्रिदेव इस प्रसंग में नहीं पड़ना चाहते थे, परन्तु पत्नी की इच्छा, आज तक संसार में कौन टाल सका है भला। कुछ ही देर में, ब्रह्मा, विष्णु, और शिव, भेस बदल कर अनुसूया के सामने थे।

त्रिदेव आए तो थे परीक्षा लेने, परन्तु अनुसूया को देखते ही, माता की तरह सम्मान देने को जी चाहता था. परीक्षा के लिए, जो प्रश्न सोच रखे थे, वे सब भूल गए। उन वात्सल्य मूर्ति के सामने केवल यही शब्द निकले - हे माता, हम काशी के ब्राह्मण, तीर्थ पर निकले हैं। आपसे भोजन की याचना है, परन्तु आपको वैसे ही भोजन कराना होगा, जैसे माता कराती हैं। वस्त्र रहित. सती अनुसूया, विचलित न हुईं । पुत्र की तरह भोजन चाहिए, तो यही सही। कमंडल से जल छिड़का, और तीनों देव छः माह के शिशु बन गए। अब माता और पुत्र के बीच कैसा भेद। तीनों को मातृ-अमृत का पान कराया और पालने में सुलाने लगीं। उधर तीनों देवियों में खलबली मच गई। माता अनुसूया से विधिवत क्षमा याचना के बाद ही वे, त्रिदेवों को अपने मूल स्वरूप में वापस ला सकीं और त्रिदेवों ने माता को उनके पुत्र के रूप में जन्म लेने का वरदान दिया. कालान्तर में ये त्रिदेव दत्तात्रेय के रूप में जन्मे, जिनके तीन सिर थे, उनके पहले मुख में ब्रह्मा का अंश सृष्टि और ज्ञान रूप था। दूसरा मुख, विष्णु अंश से पालन, और करुणा का प्रतीक था और तीसरा शिव अंश, संहार, कल्याण और अधर्म के नाश का प्रतीक था।



आकांक्षा प्रफुल्ल पाण्डेय
(मुम्बई)

माता अनुसूया और अत्रि जी की ख्याति से उनके दर्शनों के इच्छा, सियाराम के मन भी थी. और इसके संयोग बने, श्री राम वनवास के समय। महा तपस्वी अत्रि के आश्रम में, साक्षात् लक्ष्मी नारायण और शेष जी के अवतार पधारे थे। ऐसा लगता जैसे सूर्य और चंद्रमा, तारों सहित एक साथ उदित हुए हों। ऋषि ने समुचित आतिथ्य दिया, और माता अनुसूया ने वैदेही को शिक्षा की वह भेंट दी, जो किसी भी कुलीन नारी के लिए सबसे बड़ी धरोहर है।

माता सिखा रही हैं - सीता, यदि एक नारी अपने संकल्पों, और सद्चरित्र पर अडिग रहे, तो सृष्टि का विधान भी उसके अधीन होता है पुत्री। स्त्री चाहे, तो अपने पति सहित, अपने दोनों कुलों का कल्याण, सहज ही कर सकती है। स्त्री धर्म, केवल पति की सेवा या प्रेम नहीं, बल्कि सुख और दुख , हर स्थिति में पति का साथ निभाना है। गृहस्थी में दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। एकनिष्ठ प्रेम, कुटुंब सहित एक दूसरे के कल्याण की कामना, इसके लिए एकाग्रता से किये गये प्रयास, और आपसी सामंजस्य ही दोनों को सुख दे सकते हैं। माता अनुसूया, जानकी जी को देर तक समझाती रहीं और वैदेही उन बातों को आदरपूर्वक गांठ बांधती रहीं। अब विदा का समय था। माता ने सीता को अखंड सौभाग्य के वरदान के साथ, कभी मलिन न होने वाले वस्त्र, आभूषण और अंगराग दिए।

कैसा रहा होगा वह दृश्य, जब एक महासती, साक्षात् आदिशक्ति को दुलार दे रही हैं और सीता उस प्रेम में डूबी भाव मग्न हुई जाती हैं। इस भाव दर्शन को जिसने भी मन में श्रद्धापूर्वक धारण किया, उसके लोक-परलोक दोनों ही संवर गए.. इसी सुख की जयकार करते शेष भाग कल -

(क्रमशः)

Hero

HF Deluxe

बाइक दमदार दाम शानदार

एक्स-शोरूम कीमत

₹59 999/-* (सेल्फ़-स्टार्ट)

*T&C Apply.

कम डाउन पेमेंट | ₹5999/-*

कैश बोनस ₹2 500/-*

Hero GoodLife सोने का सिक्का जीतने का मौका*

pine labs कैशबैक ₹5000/- तक*

TOLL FREE 1800 266 0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. *Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st Aug. 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. ~Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Rajasthan. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलर: श्रीगंगानगर: सूर्या ऑटोमोबाईल्स प्रा.लि., 9289922194, बीकानेर: राजाराम धारणिया हीरो, गोगा गेट सर्किल के पास, 9289922708 करण हीरो, म्यूनियम सर्किल के पास, 9289922528, एक्सटेंशन काउंटर : राजाराम धारणिया ऑटोमोबाईल्स, अनाज मण्डी गेट के सामने 7229822929, 8048243279, कालू रोड, लूणकरणसर, 8000294880, श्री गंगानगर रोड, 7428598938, चुरू: महालक्ष्मी हीरो, 9289922872, एसोशिएट डीलर: सूरतगढ़: बंसल ऑटो एवं रिपेयरिंग सेंटर, 9414092085, अनूपगढ़: बी.एस. मोटर्स, 9982725676, रायसिंहनगर: राजू ऑटो स्पेयर्स, 9414480981, करणपुर: जगदम्बा ऑटोमोबाईल्स, 9828297920, विजयनगर: राजू ऑटो एजेंसी, 9549228881, गजसिंहपुर: रामदेव ऑटोमोबाईल्स, 9772727008, घड़साना: संधु मोटर्स, 9782712236, पदमपुर: गिल ऑटो, 9414506065, बींझबायला: खालसा ऑटोमोबाईल्स, 9460602222, रिड़मलसर: सिद्धू ऑटोज, 9928296984, हनुमानगढ़: माँ भगवती मोटर्स, 8875901000, 8875907000, रावतसर: एस.बी. मोटर्स, 9414636600, 9166066604, भादरा: बंसल ऑटोमोबाईल्स, 8302473860, 9664487183, नोहर: कृष्णा मोटर्स, 9414503107, पीलीबंगा: आर.एल. मोटर्स, 7426835220, संगरिया: एस.एम. ऑटोमोबाईल्स, 9784490100, जैतसर: गजरा ऑटोमोबाईल्स, 9667761860, पल्लू: जय भवानी मोटर्स, 9672000078, टिब्बी: आर एण्ड आर ऑटोमोबाईल्स, 9728350011, हनुमानगढ़ जंक्शन: श्री महेश मोटर्स, 9079429111, गोलूवाला: प्रगति मोटर्स, 8696162229, रावलामंडी: ओम गणपति मोटर्स, 9887256445.

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528